# हरिभूमि

नई दिल्ली

नई दिल्ली, बुधवार 18 सितंबर 2019

अश्विन मास कृष्ण पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 23, अंक : 182

पृष्ठ 14 मूल्य 3.00 *

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम

अधि. 37.2

न्यून. 26.0





13 मीराबाई की नजरें ओलंपिक कोटे पर

विचार पेज

08 भारत की सफल कूटनीति







## खबर संक्षेप

### ईडी ने कुर्क की मोइन की 9.35 करोड़ की संपत्ति

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने विवादास्पद मांस निर्यातक मोइन कुरैशी के खिलाफ धन शोधन के एक मामले की जांच के तहत दिल्ली में एक फार्महाउस और राजस्थान के बीकानेर में एक पुराना किला कुर्क किया है। ईडी ने एक बयान में कहा कि ये संपत्तियां मुखौटा कंपनियों की आड़ में रखी गई थी। इनका नियंत्रण कुरैशी द्वारा किया जाता था। बयान में कहा गया है कि धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत कुर्की का एक अस्थायी आदेश जारी किया गया था और संपत्तियों का कुल मूल्य 9.35 करोड़ रुपये है।



### मुकुल को गिरफ्तारी से 8 नवंबर तक राहत

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को भाजपा नेता मुकुल रॉय को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण की अवधि आठ नवंबर तक बढ़ा दी है। यह मामला रेलवे की एक समिति में सदस्यता के लिए कथित तौर पर घूसखोरी से जुड़ा है। न्यायमूर्ति एस मुंशी और न्यायमूर्ति एस दासगुप्ता की खंडपीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार के अनुरोध पर रॉय की याचिका पर सुनवाई पांच नवंबर तक स्थगित कर दी। राज्य की ओर से पेश लोक अभियोजक शाश्वत मुखर्जी ने अदालत को बताया कि पुलिस ने मामले से जुड़े दस्तावेज और सामग्री जुटा ली हैं।



### तीन हेलीकॉप्टरों की इमरजेंसी लैंडिंग

**लखीमपुर खीरी।** भारत की सीमा से सटे नेपाल के जिले धनगढ़ी में लोगों ने जब मंगलवार को अचानक तीन हेलीकॉप्टर आसमान में मंडराते देखा तो सभी अचरज में पड़ गए। एका-एक तीनों हेलीकॉप्टर धनगढ़ी जिले के खेतों में उतार दिए गए। हेलीकॉप्टर में भारतीयों के सवार होने की सूचना है। जानकारी के मुताबिक सभी हेलीकॉप्टरों को मौसम की खराबी के चलते खेतों में इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। मौसम साफ होते ही फिर से हेलीकॉप्टर अपने गंतव्य को उड़ान भर सकेंगे।



### राजीव की तलाश के लिए बनाया विशेष दल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त राजीव कुमार की तलाश करने के लिए विशेष दल का गठन किया है, जो सारदा पोंजी घोटाले के मामले में एजेंसी के समक्ष उपस्थित होने के नोटिस के बावजूद कथित रूप से 'टालमटोल' कर रहे हैं। उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि एजेंसी कुमार की तलाश कर रही है और पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक और मुख्य सचिव को भी पत्र लिखा गया है कि वे कुमार को जांच दल के सामने उपस्थित होने का निर्देश दें। उन्होंने बताया कि कुमार का पता लगाने के लिए एक विशेष दल का गठन किया गया है। इससे पहले सीबीआई से दो बार नोटिस मिलने के बावजूद कुमार एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए।



## पीएम ने 69वें जन्मदिन पर गुजरात में कई कार्यक्रमों में लिया हिस्सा

# सरदार पटेल से प्रेरित है कश्मीर पर लिया गया फैसला: मोदी

एजेंसी ▶▶ केवडिया

सरदार पटेल की दूरदृष्टि की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर पर लिया गया निर्णय भारत के पूर्व गृह मंत्री से 'प्रेरित' है। मोदी ने एक सार्वजनिक सभा में कहा कि जम्मू-कश्मीर पर केंद्र सरकार का निर्णय सरदार पटेल से प्रेरित है और ये दशकों पुरानी समस्या का समाधान पाने की एक कोशिश है। मोदी मंगलवार को 69 वर्ष के हो गए। सरकार ने पिछले महीने 5 अगस्त को जम्मू-कश्मीर में धारा 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म कर दिया था, जिनके आधार पर राज्य को विशेष दर्जा मिला था। इसके साथ ही राज्य को दो हिस्सों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट कर उन्हें केंद्र शासित राज्य बनाने का निर्णय भी लिया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हैदराबाद मुक्ति दिवस सरदार पटेल की दूरदृष्टि का परिणाम है। हैदराबाद मुक्ति दिवस हर साल 17 सितंबर को ही मनाया जाता है। इसी दिन 1948 में हैदराबाद रियासत का भारत में विलय हुआ था। तत्कालीन गृह मंत्री पटेल ने 1947 में हैदराबाद रियासत के अंतिम निजाम उस्मान अली खान आसफ जाह सातवें से भारत में शामिल होने का अनुरोध किया था, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। इसके बाद सितंबर 1948 में हैदराबाद 'पुलिस एक्शन' शुरू हुआ, जिसका कूट नाम ऑपरेशन पोलो था। इसके बाद हैदराबाद का भारत में विलय हो गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें खुशी है कि 'स्टेच्यू ऑफ यूनिटी' को देखने आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि 133 साल पुराने 'स्टेच्यु ऑफ लिबर्टी' को देखने प्रतिदिन 10,000 लोग आते हैं।



### मां से लिया आशीर्वाद, साथ किया भोजन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन के मौके पर मां हीराबेन के साथ खाना खाया। प्रधानमंत्री मोदी को तुअर दाल, पूरन पोली, देशी चने की सब्जी और आलू भिंडी की सब्जी परोसी गई। आधे घंटे की मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने मां से आशीर्वाद भी लिया। इससे पहले पीएम मोदी सरदार सरोवर बांध पहुंचे। वहां उन्होंने नर्मदा नदी की पूजा की।

### सरदार सरोवर बांध पर नर्मदा नदी की 'आरती' की

अपने जन्मदिन पर गृह राज्य गुजरात पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार सरोवर बांध पर नर्मदा नदी की आरती की। नर्मदा नदी पर बने सरदार सरोवर बांध के उच्चतम स्तर 138.68 मीटर तक पानी भर जाने के अवसर पर गुजरात सरकार 'नमामी देवी नर्मदा महोत्सव' का आयोजन कर रही है। इसी में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री मंगलवार सुबह केवडिया पहुंचे। प्रधानमंत्री के साथ-साथ मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने भी नर्मदा नदी की पूजा की।

### टाइगर तितली को राज्य तितली घोषित किया

मोदी केवडिया में बटरफ्लाय गार्डन भी गए, जहां उन्होंने केसरिया रंग की टाइगर तितली को राज्य तितली घोषित किया। उन्होंने दिन की शुरुआत अपने गृह राज्य गुजरात में 'स्टेच्यू ऑफ यूनिटी' तथा नर्मदा नदी पर बने सरदार सरोवर बांध का अवलोकन करने के साथ की।

### कई विकास परियोजनाओं का किया अवलोकन

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 'स्टेच्यू ऑफ यूनिटी' और बांध के निकट जारी कई विकास परियोजनाओं का भी उन्होंने अवलोकन किया। एक अधिकारी ने बताया कि इन परियोजनाओं में रिवर राफ्टिंग, जंगल सफारी पार्क, बटरफ्लाय पार्क और एकता नर्सरी शामिल हैं।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दिया बड़ा बयान

# पीओके भारत का हिस्सा एक दिन हमारा होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में विदेश मंत्री के तौर पर कार्यभार संभालने के बाद अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में दिए सवालों के जवाब

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा है और उम्मीद करते हैं कि एक दिन भारत के भौतिक अधिकार क्षेत्र में होगा। जयशंकर ने संवाददाताओं से कहा कि पीओके पर हमारा रुख रहा है और हमेशा रहेगा कि यह भारत का हिस्सा है और हम उम्मीद करते हैं कि एक दिन यह हमारे भौतिक अधिकार क्षेत्र में होगा।

गौरतलब है कि सरकार का कहना रहा है कि पाकिस्तान से अब बातचीत पीओके पर होगी और कश्मीर पर नहीं होगी। ऐसा बयान उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह आदि भी पहले दे चुके हैं। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में विदेश मंत्री के तौर पर कार्यभार संभालने के बाद अपने पहले संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जयशंकर ने अपने मंत्रालय के कामकाज के 100 दिनों की उपलब्धियां भी गिनायीं। विदेश मंत्री ने कहा कि 1972 के बाद से भारत की स्थिति स्पष्ट है और इसमें कोई बदलाव नहीं आने वाला है।

### भारत-अमेरिका संबंध हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंधों में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहां आगे की दिशा में नहीं प्रगति नहीं हुई हो और दोनों देशों के संबंध काफी बेहतर स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंध पिछले 20 वर्षों में लगातार आगे की ओर बढ़े हैं, चाहे बुश प्रशासन हो, ओबामा या अब ट्रंप के तहत प्रशासन हो। दोनों देशों के बीच वाणिज्य को लेकर एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच कारोबार समस्या 'सामान्य' है। उन्होंने कहा कि एक ही रास्ता है जब कारोबार समस्या नहीं होगी, जब हम कोई कारोबार नहीं करें। ऐसे में कारोबार समस्या :दोनों देशों के बीचः सामान्य बात है। उन्होंने कहा कि इस बारे में चर्चा हो रही है और वह इस बारे में आशावादी हैं।

## धनशोधन मामले में अदालत का फैसला

# एक अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में शिवकुमार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार कर्नाटक कांग्रेस के नेता डी. के. शिवकुमार को एक अक्टूबर तक के लिए मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहाड़ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को निर्देश दिया कि शिवकुमार को पहले अस्पताल ले जाया जाए और यह देखा जाए कि क्या चिकित्सक उन्हें वहां भर्ती करने का सुझाव देते हैं। जांच एजेंसी (ईडी) ने अदालत में दावा किया कि उसकी जांच अभी पूरी होनी बाकी है और न्यायाधीश से न्यायिक हिरासत के दौरान शिवकुमार से पूछताछ करने की इजाजत मांगी। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल (एएसजी) के.एम. नटराज ने अदालत से कहा कि शिवकुमार के स्वास्थ्य कारणों के चलते कारगर पूछताछ नहीं हो पाई। हालांकि, वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने शिवकुमार की ओर से पेश होते हुए अदालत में दलील दी कि कांग्रेस विधायक की स्थिति बहुत गंभीर है।



## दल बदल को लेकर कांग्रेस पर बरसीं माया

# राजस्थान में बसपा के सभी 6 विधायक कांग्रेस में शामिल

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान में बहुजन समाजवादी पार्टी के सभी छह विधायक कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। इसे नगर निकाय व पंचायत चुनावों से पहले राज्य की अशोक गहलोत सरकार के लिए बड़ी राजनीतिक सफलता के रूप में देखा जा रहा है। बसपा के छह विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी को सोमवार देर रात एक पत्र सौंपा। विधायकों ने बिना शर्त कांग्रेस में शामिल होने की बात कही है। अपने विधायकों के दल-बदल को लेकर बीएसपी सुप्रीमो मायावती कांग्रेस पर जमकर बरसी हैं। मायावती ने कहा कि कांग्रेस उन पार्टियों को हमेशा चोट पहुंचाती है जो उसे समर्थन देती हैं। मायावती ने सिलसिलेवार ट्वीट के जरिए कांग्रेस को दलित विरोधी और धोखेबाज बताते हुए जमकर भड़ास निकाली। जवाब में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विधायकों की खरीदफरोख्त के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि वे सभी राज्य के हित में स्वेच्छा से कांग्रेस में शामिल हुए हैं।






## सेंसेक्स में 600 अंकों से ज्यादा की गिरावट

# सऊदी संकट से निवेशकों के डूबे 2.3 लाख करोड़

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कच्चे तेल की कीमतों में आई जोरदार तेजी से देश की गिरती अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचने की आशंका के चलते मंगलवार को बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली। बीएसई का 30 शेयरों वाला प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स 600 अंक गिरकर 36518 के स्तर पर आ गया है। अब विशेषज्ञों का ऐसा अनुमान है कि सितंबर के अंत तक देश में पेट्रोल-डीजल के दामों में पांच से छह रुपए प्रति लीटर का इजाफा हो सकता है।

एनएसई के 50 शेयरों वाले प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी में 200 अंक की भारी गिरावट आई। निफ्टी 11 हजार के नीचे कारोबार कर रहा है। वहीं एक्सपर्ट्स का कहना है कि क्रूड में आए उछाल से भारतीय जीडीपी ग्रोथ पर निगेटिव असर होगा। इसीलिए विदेशी निवेशकों ने जमकर बिकवाली की है। गिरावट में निवेशकों के 2.3 लाख करोड़ रुपये डूब गए हैं। जानकारों की माने तो छोटे निवेशकों को फिलहाल घबराना नहीं चाहिए। बल्कि गिरावट पर खरीदारी करने का बेहतर मौका है। जानकारों की माने तो क्रूड कीमतों में आई तेजी से देश की अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका लग सकता है। दरअसल हम अपनी जरुरत का 80 फीसदी क्रूड ऑयल विदेशी बाजारों से खरीदते है।



### अर्थव्यवस्था की सुस्ती दूर करने के लिए एक और बूस्टर डोज देने की तैयारी, वित्तमंत्री करेंगी घोषणा

**एजेंसी. नई दिल्ली।** सुस्ती का सामना कर रही अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए वित्त मंत्रालय एक और बूस्टर डोज देने की तैयारी कर रहा है। वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा है कि साढ़े छह साल के निचले स्तर पर पहुंच चुकी आर्थिक विकास दर को पटरी पर लाने के लिए अगले उपायों का मसौदा तैयार है, जिसकी घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अगले कुछ दिनों में करेंगी। हालांकि, इस बारे में अधिकारी ने विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। याद रहे कि सरकार ने पिछले हफ्ते निर्यात और रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए थे। इस सप्ताह वित्त मंत्री जीएसटी परिषद की 37वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगी। इस बैठक में वाहन, एफएमसीजी और होटल समेत विभिन्न क्षेत्रों के लिए जीएसटी दरों में संशोधन पर चर्चा होने की उम्मीद है। इससे पहले केंद्र सरकार आर्थिक सुस्ती को दूर करने के लिए तीन चरणों में कई बड़े ऐलान कर चुकी है, जिनमें रियल एस्टेट के लिए स्पेशल विंडो, एक्सपोर्ट इन्सेंटिव, बैंकों का विलय तथा एमएसएमई और ऑटोमोबाइल सेक्टर्स को राहत के उपाय शामिल हैं।



## वैष्णो देवी के श्रद्धालुओं को सौगात

# नवरात्रि से चलेगी दिल्ली से कटरा 'वंदे भारत' ट्रेन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन त्योहारी मौसम से पहले शुरू हो जाएगा। यह ट्रेन व्यस्त दिल्ली-कटरा मार्ग पर चलेगी। यह जानकारी रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष विनोद यादव ने मंगलवार को दी। यादव ने कहा कि रेलवे बोर्ड ने दिल्ली-कटरा मार्ग को इसलिए चुना, क्योंकि वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं के चलते यह मार्ग काफी व्यस्त है। इस हाईस्पीड ट्रेन से दिल्ली और कटरा के बीच यात्रा का समय कम हो जाएगा। कटरा वैष्णो देवी मंदिर जाने के रास्ते में आखिरी रेलवे स्टेशन है। दिल्ली-कटरा के बीच वर्तमान समय में ट्रेन से सफर में 12 घंटे का समय लगता है, जो वंदे भारत शुरू होने के बाद कम होकर आठ घंटे हो जाएगा। पहली वंदे भारत एक्सप्रेस या ट्रेन 18 की शुरूआत दिल्ली-वाराणसी मार्ग पर हुई थी।



### 8 घंटे में पूरी होगी यात्रा

हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस की वजह से दिल्ली-कटरा मार्ग पर यात्रा में लगने वाले समय में कमी आएगी। पहले इस रेल मार्ग पर ट्रेन से दिल्ली से कटरा पहुंचने में 12 घंटे लगते थे लेकिन अब वंदे भारत एक्सप्रेस से श्रद्धालु 8 घंटे में कटरा पहुंच जाएंगे।

# रेलवे एमटीएस भर्ती में फर्जीवाड़ा, एक युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) की रेलवे मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) भर्ती में फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। इस संबंध में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। दो अन्य की तलाश हैं। इनमें डमी कैंडिडेट और उसका इंतजाम करने वाला शख्स शामिल है। इस संबंध में प्रगति मैदान मेट्रो ने केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि व्यापक स्तर पर मामले की जांच की जा रही है। उम्मीद है कि आने वाले समय में इस भर्ती प्रक्रिया के कुछ और मुन्नाभाई पकड़े जा सकते हैं। डीसीपी मेट्रो विक्रम पोरवाल ने बताया कि डीएफसीसीआईएल के एचआर असिस्टेंट मैनेजर गिरीश कुमार ने पुलिस को शिकायत दी थी कि विभाग में 896 पदों पर मल्टी टास्किंग स्टाफ की भर्ती चल रही है। इसकी लिखित परीक्षा हो चुकी हैं। फिलहाल डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का काम चल रहा है। सोमवार को बिहार के गया का रहने वाला शैलेश कुमार अपने डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिये आया था।

■ डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के दौरान पकड़ी गई गड़बड़ी



परीक्षा के समय कैंडिडेट का बायोमैट्रिक डाटा लिया जाता है और उसका डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के समय मिलान होता है। इसी प्रक्रिया में पता चला कि परीक्षा के समय उक्त रोल नंबर पर जो कैंडिडेट था उससे डाटा मैच नहीं हुआ। पुलिस की पूछताछ में युवक ने बताया कि परीक्षा में रोशन नाम का युवक बैठा था। उसके लिये पांच लाख रुपये दिये गये थे। शैलेश का कहना है कि डमी कैंडिडेट का इंतजाम उसके चाचा ने किया था।

पुलिस के अनुसार इस केस में यह पहली एफआईआर है। अब हर एंगल से भर्ती प्रक्रिया की जांच की जाएगी। जिन दो लोगों के नाम फिलहाल सामने आये हैं उनकी तलाश की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली से लापता कारोबारी ऋषिकेश से मिला

**नई दिल्ली।** मौर्या एंक्लेव थाने इलाके में चार दिन पहले 52 वर्षीय एक कारोबारी घर से बिना बताये चले गए। परिजनों को उनकी टेंशन हुई और वे उनके लिए बेचैन होने लगे। अनहोनी की आंशका के चलते परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की शिकायत मौर्या एंक्लेव थाने में कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर कारोबारी की तलाश शुरू कर दी। कारोबारी दिल्ली से हरिद्वार की ओर बढ़ते रहे तो दिल्ली पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों की मदद से उन्हें फॉलो करती रहा। बाद में पुलिस ने उन्हें ऋषिकेश के होटल ओम शिवाय से ढूढ लिया। पुलिस ने कारोबारी को उनके परिजनों के हवाले कर दिया है। डीसीपी (नॉर्थ-वेस्ट) विजयंता आर्या के मुताबिक, गत 11 सितंबर को पीतमपुरा निवासी मोनिका गुप्ता ने मौर्या एंक्लेव थाने में अपने पति गौतम गुप्ता की गुमशुदगी की दर्ज कराई थी। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर लिया। डीसीपी की मॉनीटरिंग में पुलिस की कईं टीमें अलग अलग दिशाओं में कारोबारी की तलाश में जुट गई। इतना ही नहीं पुलिसकर्मियों ने इंटरनेट, व्हाट्सएप पर भी उनकी तस्वीरें व डिटेल शेयर करने के अलावा इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल उनके बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया। इसी बीच पुलिस को एक फुटेज में कारोबारी कोहाट मेट्रो स्टेशन की ओर जाते दिखाइ दिये। वहां से कारोबारी ने कश्मीरी गेट की मेट्रो ली। इसके बाद पुलिस टीम कश्मीरी गेट मेट्रो पहुंची। यहां फुटेज खंगालने पर टीम को पता चला कि कारोबारी उत्तराखंड की बस में सवार हुए है। इसके बाद पुलिस हरिद्वार पहुंची। हरिद्वार बस अड्डे की फुटेज देखने पर पुलिस को पता चला कि कारोबारी ऋषिकेश गए हैं। उसके बाद पुलिस ने उन्हें एक होटल से सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में गौतम ने बताया कि वह अपनी मर्जी से गए थे।

### डीयू कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल से कैश व एटीएम चोरी

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में गर्ल्स हॉस्टल से एटीएम व कैश चोरी होने का मामला सामने आया है। हॉस्टल गर्ल्स का आरोप है कि एक युवक लड़की के कपड़े पहनकर हॉस्टल में दाखिल हुआ और उसने वारदात को अंजाम दिया। वहीं, पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी में आरोपी बिल्कुल लड़की जैसा लग रहा है।



अभी यह साफ नहीं है कि आरोपी लड़का है या लड़की। इसी दौरान आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया, उस वक्त सभी लडकियां हॉस्टल की मेस में थी। पुलिस मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से उनकी पहचान करने का प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक, गत 12 सितंबर दोहपर करीब 1:40 बजे किसी ने गर्ल्स हॉटस्ल से उनके एटीएम व तीन हजार रुपये पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के दौरान आरोपी को किसी ने देखा नहीं। चोरी के बाद आरोपी ने एटीएम से 50 हजार रुपये की ट्रांजेक्शन के अलावा दुकान से खरीददारी भी की। पुलिस खरीददारी की गई दुकान की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। वहीं, पुलिस का कहना है कि उन्हें आरोपी के बारे में सुराग मिल गया है। जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ज्योति नगर में कारोबारी की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

**बाइक सवार दो बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम**

**घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात**

**पुलिस को मौके से मृतक की स्कूटी, बैग व मोबाइल फोन मिला**

ज्योति नगर थाना इलाके में सोमवार रात लूटपाट का विरोध करने पर बाइक सवार दो बदमाशों ने एक कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक का नाम राजुल सिंघल (45) है। वारदात के दौरान कारोबारी अपने शोरूम से घर लौट रहे थे। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस की मानें तो पुलिस को घटना स्थल से राजुल की स्कूटी व उनका बैग, मोबाइल बरामद हुए है। वहीं, परिजनों का कहना है कि राजुल की सोने की चेन गायब है। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। घटना मौके पर लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैंद हुई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, राजुल सिंघल बी-50, ईस्ट ज्योति नगर में सपरिवार रहते थे। परिवार में पिता मंगलसेन सिंघल, मां मिथिलेश, पत्नी शिवानी, बेटी मुस्कान (17), बेटा ओमसिंह (16) और दो भाई अमित और अनुज हैं। राजुल का ईस्ट ऑफ लोनी रोड पर बड़ा इलेक्ट्रॉनिक शोरूम है। उनके शोरूम में छह कर्मचारी काम करते हैं। राजुल के बड़े भाई अमित अपोलो अस्पताल में डॉक्टर हैं, जबकि छोटे भाई अनुज सिविल इंजीनियर होने के अलावा बिल्डर हैं।

राजुल के पिता लोनी में अपना स्कूल चलाते हैं। रोजाना की तरह वह सवा नौ बजे अपना शोरूम बंद कर स्कूटी से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह घर से सामने पहुंचे, तभी बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और उनसे लूटपाट करने लगे। राजुल ने उनका विरोध किया तो बदमाश उनसे भिड़ गए। इस बीच एक बदमाश ने राजुल के कंधे से पिस्टल सटाकर गोली चला दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घर के बाहर धमाके की आवाज सुकनर परिजन बाहर आए। परिजनों ने देखा कि राजुल बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ है। वह उन्हें लेकर तुरंत शांति मुकुंद अस्पताल गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।





### परिजनों को लगा राजुल को आया था हार्ट अटैक

घर के बाहर चिल्लाने की आवाज सुनकर राजुल की बेटी मुस्कान बाहर आई। पिता को बेसुध देखकर उसने अपने बड़े पापा को बुलाया। परिजन उन्हें लेकर तुरंत अस्पताल गए। अस्पताल ले जाने तक उनकी कमर से खुन नहीं निकल रहा था। इस पर परिजनों को लगा कि राजुल को शायद हार्ट अटैक आया है। अस्पताल में भी गोली लगने की बात साफ नहीं हुई। 11:30 बजे उन्हें पता चला कि राजुल की मौत गोली लगने से हुई है।

### रैकी कर दिया वारदात को अंजाम

पुलिस की माने तो बदमाशों ने जिस तरह से वारदात को अंजाम दिया है। उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बदमाशों ने रैकी कर वारदात को अंजाम दिया है। बदमाशों को राजुल की आवाजाही के बारे में पता था। सोमवार रात को बदमाश उनके घर के बाहर उनका इंतजार कर रहे थे। उनके आते ही बदमाश उनका बैग छीनने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने उनको गोली मारकर हत्या कर दी।

### पुलिस को मिली दो कॉल

पुलिस को मामले में दो कॉल मिली, पहली कॉल 10:15 बजे मिली, जिसमें कारोबारी को हार्ट अटैक की बात कही गई थी, दूसरी कॉल 11:30 बजे शांति मुकुंद अस्पताल से गोली लगने की मिली। हत्या के पीछे लूट या कोई और कारण है। मामला दर्ज कर इसकी छानबीन की जा रही है।

वेद प्रकाश सूर्या, डीसीपी, नॉर्थ-ईस्ट

### मसूरी जाने का बनाया था प्लान

राजुल के दोस्त तरुण जैन ने बताया कि वारदात से कुछ समय पहले वह राजुल के साथ शोरूम पर थे। इस दौरान राजुल उनसे अन्य दोस्तों के साथ मसूरी घूमने चलने की बात कर रहे थे। इसके बाद वह शोरूम बंद करने के बाद घर आने लगे। कारोबारी की मौत के बाद घर में मातम पसरा हुआ है। मां-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। उनकी पत्नी रोते-रोते बार-बार बेहोश हो रही है।

# सुल्तानपुरी में युवक को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुल्तानपुरी थाना इलाके में सोमवार देर रात हथियारबंद बदमशों ने एक सट्टे के अड्डे पर एक युवक को गोली मार दी। वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस घायल को अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का नाम अनिल गुप्ता (38) है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डीसीपी के अनुसार शुरूआती जांच में पता चला है कि रुपये के लेने देन को लेकर झगड़ा हुआ था। फिलहाल पुलिस आरोपित की तलाश कर रही हैं।

# एलजी ने डीडीए की बैठक में दी कई मुद्दों को हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल अनिल बैजल ने मंगलवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। बैठक में उपराज्यपाल ने दिल्ली में ट्रांजिट ओरिएन्टिड डेवलेपमेंट (टीओडी) हेतु नई नीति, सामाजिक व सांस्कृतिक तथा धार्मिक श्रेणी की भूमि के आबंटन की नीति, नरेला में संस्थागत हब बनाने के लिए कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लिए भूमि प्रदान करने, व्यावसायिक सम्पत्तियों के लिए प्रभारों का निर्धारण सरल बनाने,क्षतिपूर्ति का भुगतान करने वाली नीति, मास्टर प्लान 2021 में प्रस्तावित संशोधन, रामगढ़-सजय कॉलोनी जहांगीरपुरी में वन रूम फ्लैटों की लागत को तर्क संगत बनाने व दिव्यांगों के लिए आवंटन नीति सहित अन्य मुद्दों को हरी झंडी दी। इस बैठक में मौजूद डीडीए उपाध्यक्ष ने कई मुददो पर अपनी योजना से अवगत कराया। उपराज्यपाल ने निर्देश दिए कि दिल्ली में टीओडी के तहत सार्वजनिक परिवहन संसाधनों तक व्यक्ति अपने वाहनों की जगह पैदल चलकर जाए, साइकिल और सार्वजनिक परिवहन का अधिक से अधिक प्रयोग करें इस लायक बनाया जाए।

# ठक-ठक गैंग का सरगना रिसीवर के साथ चढ़ा हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिणी जिले के स्पेशल स्टाफ ने एक ऐसे ठक-ठक गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो दक्षिण भारत से वारदात को अंजाम देने के लिए दिल्ली आते थे। पुलिस ने इस गिरोह के सरगना और रिसीवर को गिरफ्तार किया है। इनमें विशाल गैंग का सरगना और दिनेश उर्फ बबलू रिसीवर हैं। पुलिस ने इनके पास से छह मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, दो आईपॉड के अलावा एक स्कूटर भी बरामद किया है। डीसीपी अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि जांच में पुलिस को पता चला है कि विशाल गिरोह का सक्रिय बदमाश है। वह इंद्रापुरी इलाके का रहने वाला है और कभी बाइक पर तो कभी स्कूटी पर सवार होकर अपने साथियों के साथ लूट व चोरी के अलावा झपटमारी की वारदातों को अंजाम दिया करता था। आरोपी के तीन मामलों में शामिल होने का खुलासा हुआ है। वहीं दिनेश हरियाणा के फरीदाबाद का रहने वाला है। वह इस गिरोह में शामिल सदस्यों से माल लेकर आगे बेच दिया करता था। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने छह मामलों को सुलझा लिया है।



दरअसल जिला का स्पेशल स्टाफ काफी समय से इस गिरोह के बारे में पता लगाने में जुटा था। 16 सितंबर को स्पेशल स्टाफ को पता चला है कि ठग-ठग गिरोह के बदमाश एमबी रोड इलाके में वारदात को अंजाम देने के लिए आने वाले है। मामले की जानकारी मिलते ही त्वरित कार्रवाई कर पुलिस ने दोनों आरोपियों को धर दबोचा। पूछताछ में पता चला है कि आरोपी पहले कार का शीशा तोड़कर कार में रखे सामान पर हाथ साफ करते थे या कार के नीचे तेल गिरे होने की बात कहकर कार चालक का ध्यान भटकाते और फिर सामान पर हाथ साफ कर दिया करते थे।

# सट्टे के अड्डे पर रेड मार 25 को दबोचा

**नई दिल्ली।** माता सुंदरी कॉलेज के पास सोमवार देर रात पुलिस ने एक सट्टे के अड्डे पर रेड कर 25 लोगों को



गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से करीब आठ लाख रुपये बरामद किये है। बताया जा रहा है कि आईपी स्टेट पुलिस को रोजाना सट्टा चलने की सूचना मिल रही थी। देर रात करीब दो बजे एसीपी कमला मार्केट, एसएचओ और करीब 50 पुलिसकर्मी कमला मार्केट थाने पहुंचे और एक टीम तैयार कर सट्टे के अड्डों पर छापा मारा। पुलिस अधिकारी की माने तो आईपी स्टेट पुलिस को लगातार सट्टे की सूचना मिली रही थी। इसके बाबजूद वे सट्टेबाजों पर कार्रवाई नहीं कर रहे थे। आरोपियों में रिजवान उर्फ राजू, महंदी हसन, मोहम्मद शकील, वसीम, नईम मास्टर माइंड बताए जा रहे हैं। ऐसा मना जा रहा है कि कार्रवाई न करने पर कई पुलिसकर्मियों पर गाज गिर सकती है।

# दिल्ली पुलिस के 8 शहीद जवानों के परिजनों को देगी एक करोड़ की सम्मान राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बहादुरी से अपनी सेवा के दौरान शहीद हुए दिल्ली पुलिस के 8 जवानों को के परिजनों को दिल्ली सरकार 1 करोड़ रुपए की सम्मान राशि देगी। ये फैसला दिल्ली सचिवालय में मंगलवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की अध्यक्षता हुई मंत्रियों की बैठक में लिया गया। इस बैठक में शहरी विकास मंत्री सत्येंद्र जैन और राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत मौजूद रहे। जिन आठ पुलिस कर्मियों के परिवारों को 1 करोड़ रुपए की सम्मान राशि देने की मंजूरी दी गई है उनमें एएसआई विजय सिंह, एएसआई जितेंद्र, एएसआई महावीर सिंह, हेड कांस्टेबल गुलजारी लाल, हेड कांस्टेबल राज पाल सिंह कसाना, एसआई खजान सिंह, एएसआई (भूतपूर्व) धर्मबीर सिंह और कांस्टेबल अमरपाल का परिवार शामिल है। उपमुख्यमंत्री ने बैइक में अधिकारियों को निर्देश दिया इन शोक संतप्त परिवारों को तुरंत एक करोड़ की सहायता राशि दी जाए।

■ दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया फैसला

### देश की सेवा में बलिदान का कोई मोल नहीं : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** जो अपने देश की सेवा में अपने आप को त्याग देते हैं उनके बलिदान का कोई मोल नहीं है। यह बात दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सरकार द्वारा 8 शहीद पुलिसकर्मियों को 1 करोड़ की सम्मान राशि देने की मंजूरी वाली जानकारी देने वाले राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत के ट्वीट पर रि-ट्वीट में कही। सीएम ने ट्वीट किया कि दिल्ली सरकार हर उस शहीद जवान के परिवार को 1 करोड़ रुपए की सम्मान राशि देती है, जो अपने देश की सेवा में अपने आप को त्याग देते हैं उनके बलिदान का कोई मोल नहीं, लेकिन समाज और सरकार उनके परिवार की जिम्मेदारी तो ले ही सकते हैं।

# हत्या और रेप जैसे जघन्य अपराध में इजाफा

निर्देश तोमर ⏭ नई दिल्ली

राजधानी में अपराध साल दर साल बढ़ रहा है। आम आदमी के साथ-साथ खास लोगों की भी सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। सड़कों पर खुलेआम गैंगवार हो रही है। महिलाएं एवं बच्चे न घरों में सुरक्षित है और न बाहर। गत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष अपराध में करीब 25 फीसदी की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। हत्या और रेप जैसे जघन्य अपराध कम होने बजाय बढ़े हैं। वाहनों की चोरी व स्ट्रीट क्राइम से हर रोज दिल्ली की जनता हलकान हो चुकी हैं। दिल्ली पुलिस के अनुसार सात तरह के मामले जघन्य अपराध की श्रेणी में आते हैं। इनमें डकैती, हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, दंगे, फिरौती के लिये अपहरण और रेप शामिल हैं। इनमें सबसे ज्यादा जघन्य हत्या और रेप माना जाता है। पुलिस द्वारा 31 अगस्त तक के जारी आंकड़ों पर नजर डालने पर पता चलता है कि इन दोनों ही मामलों में इस साल बढ़ोत्तरी हुई है। हत्या के 343 व रेप के 1512 केस दर्ज किये गये हैं। गत वर्ष इसी समय अवधि तक यह आंकड़ा 315 और 1476 था। वाहन चोरी में इस साल जबरदस्त बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। गत वर्ष के मुकाबले वाहन चोरी के एक हजार से ज्यादा केस दर्ज किये जा चुके हैं। अन्य प्रकार की चोरियों ने पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं। चोरी के 41 हजार ज्यादा केस दर्ज किये गये हैं। आईपीसी के तहत केस गत वर्ष के मुकाबले करीब 43 हजार ज्यादा दर्ज हुये हैं। 31 अगस्त 2018 तक राजधानी पुलिस ने कुल आईपीसी के तहत 1 लाख 57 हजार 462 केस दर्ज किये थे तो इस साल यह आंकड़ा 2 लाख 485 पर जा पहुंचा है। मोटे तौर पर देखे तो यह 25 फीसदी की बढ़ोत्तरी है।

### चोरियों से जनता हर रोज हो रही हलकान



### अपराध के आंकड़े (31 अगस्त तक)

| | 2018 | 2019 |
|---|---|---|
| ■ हत्या | 315 | 343 |
| ■ रेप | 1476 | 1512 |
| ■ डकैती | 17 | 13 |
| ■ लूट | 1670 | 1413 |
| ■ अपहरण/फिरौती | 15 | 10 |
| ■ हत्या के प्रयास | 365 | 318 |
| ■ वाहन चोरी | 29963 | 31128 |
| ■ अन्य चोरी | 84188 | 125581 |
| ■ फैटल एक्सीडेंट | 1015 | 949 |

## गन से केक काट सोशल मीडिया पर डाला था वीडियो

# दो कुख्यात बदमाश हथियार के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

इनके लिये हथियार एक खिलौना थे। पिस्टल को अक्सर हवा में लहराते और उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालकर अपने टारगेट को धमकी देते। लेकिन इस बार एक बर्थडे पार्टी पर बंदूक से केक काटने का वीडियो सोशल मीडिया पर डालना इन्हें महंगा पड़ गया। साउथ-वेस्ट जिले के स्पेशल स्टाफ ने जगतपुर थाने के बीसी और भगौड़े समेत दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके नाम प्रतीक छाबड़ा उर्फ धन्ना और निखिल चौहान बताये गये हैं। दोनों से दो पिस्टल और चार कारतूस बरामद हुये हैं। डीसीपी देवेंद्र आर्या के अनुसार सीनियर अफसरों के निर्देशों पर स्पेशल स्टाफ की टीम जेल से जमानत पर बाहर आने वाले बदमाशों पर नजर रख रही थी। पुलिस उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर भी नजर रख रही थी। इसी कड़ी में दोनों बदमाशों की गिरफ्तारी संभव हो पाई। एसीपी ऑपरेशन सतीश कुमार के नेतृत्व में इंस्पेक्टर दिनेश कुमार की टीम ने सागरपुर इलाके से दोनों बदमाशों को दबोचा। प्रतीक मार्च माह से गैरहाजिर बेड करेक्टर है। जून से वह भगौड़ा भी घोषित किया जा चुका था। जांच में वह सात केस में शामिल पाया गया है। निखिल भी दिल्ली का रहने वाला है। दोनों को ब्रांडेड हथियार रखने और बदमाशी का शौक था। अक्सर दोनों हथियारों के साथ अलग-अलग पोज में फोटो खिंचवाते थे और उन्हें सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर डालते थे। गत छह सितंबर को एक बर्थडे पार्टी में इन्होंने बंदूक से केक काटते हुये वीडियो बनाया था। गौरतलब है कि हाल के दिनों में पुलिस अपराधियों के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर भी नजर रख रही है। गत दिनों में इसी माध्यम पर एक्टिव रहना कई बदमाशों को महंगा पड़ा है।




## पहचान की अपील



एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः नामालूम, पिता का नामः नामालूम, पताः नामालूम, उम्रः** लगभग 45 वर्ष, **लिंगः** पुरुष, **कदः** 5 फुट 7 इंच, **रंगः** सांवला, **शरीरः** सामान्य, **चेहराः** लम्बा, **पहनावाः** काले रंग की टी–शर्ट एवं काले रंग का पाजामा पहन रखा है। जो की डीडीयू अस्पताल बस स्टैंड, हरी नगर, नई दिल्ली थाना हरी नगर, नई दिल्ली क्षेत्र में दिनांक 11.09.2019 को मृत अव्स्था में पाया गया, शव को 72 घंटे के लिए डीडीयू अस्पताल की मोर्चरी में संरक्षित रखा गया है। इस संदर्भ में **DD No. 44-A, dated 11.09.2019** के तहत थाना हरी नगर, नई दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। अगर किसी को इस शव के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो कृप्या निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

थानाध्यक्ष
थाना हरी नगर, दिल्ली
फोन नं. 011-28125719, 8750871128

DP/8420/WD/19

## खबर संक्षेप

### 22 साल बाद नियमित हुए 18 सफाईकर्मी

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम के 18 सफाईकर्मी करीब 22 साल बाद मंगलवार को पक्के (नियमित) किए गये। जिसके बाद कर्मियों में खुशी और गम व्यक्त किया। नियमित हुए सफाई कर्मियों ने सिविक सेंटर में बताया कि यदि समय से उन्हें पक्का किया जाता तो उनका परिवार प्रगति करता और कहीं से कहीं होता। बच्चों को समय रहते अच्छी शिक्षा दिला पाते व अन्य कार्य भी हो जाते। बता दें कि उत्तरी निगम के महापौर अवतार सिंह ने मंगलवार को महापौर कार्यालय में 18 सफाई कर्मियों को नियमितीकरण के पत्र दिए। इस अवसर पर उपमहापौर योगेश वर्मा, स्थायी समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश, अति. आयुक्त संदीप व अन्य अधिकारी उपस्थित थे। नियमित होने वाले 18 सफाई कर्मियों में 16 रोहिणी क्षेत्र व 2 केशवपुरम क्षेत्र से है।

### सीएम की मौजूदगी में कई खिलाड़ी आप में शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही दिल्ली में सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (आप) में लगातार नए लोग शामिल हो रहे हैं। मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में कई खिलाड़ी आप में शामिल हुए हैं। आप से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को इंटरनेशनल रेसलर, एशियन चेम्पियन, हिन्द केसरी, भारत केसरी चैम्पियन बिरजू पहलवान, इंटरनेशनल रेसलर, बॉडीबिल्डर शशि और 8 बार मिस्टर इंडिया, एशिया गोल्ड मेडलिस्ट विनय मेहता आप में शामिल हुए।

### डीडीए ने मनाया स्वच्छता पखवाड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने क्लीन इंडिया के तहत स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चला रखा है। अगामी 2 अक्टूबर को समाप्त होने वाले इस अभियान के तहत डीडीए के उपाध्यक्ष आईएएस तरूण कपूर ने को अपने अधिकारियों संग खुद झाड़ू लगाई। कपूर ने मंगलवार को स्पेशल अभियान के तहत विकास भवन डीडीए सदन में सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर उन्होंने अपने संदेश में कहा कि हमें दिल्ली को साफ सुथरा बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़नी है। हमें अपने चारों तरफ घर, आफिस, सार्वजनिक जगह को साफ सुथरा रखना है।

### मोहल्ला क्लीनिक निर्माण में भाजपा बाधकः आप

**नई दिल्ली।** भाजपा विधायक ओपी शर्मा और भाजपा के दो पार्षदों ने मंगलवार को हुई दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) शीर्ष निकाय की बैठक में मोहल्ला क्लीनिक के लिए जमीन आवंटन का विरोध किया। इस बात की जानकारी आप विधायक सोमनाथ भारती ने दी। सोमनाथ भारती डीडीए के सदस्य होने के नाते बैठक में मौजूद थे। वहीं भाजपा विधायक और पार्षद डीडीए के गैर-आधिकारिक सदस्य हैं। सोमनाथ ने मोहल्ला क्लीनिक के लिए भूमि आवंटन की पुरजोर वकालत की।

# जेएनयू छात्रसंघ चुनाव

## एबीवीपी का नहीं खुला खाता

# चारों पदों पर वाम उम्मीदवारों की जीत

## एसएफआई की आइशी घोष चुनी गईं छात्रसंघ अध्यक्ष



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) के हाल में संपन्न चुनावों में चारों पदों पर वामपंथी छात्र संगठनों एआईएसए, एसएफआई, एआईएसएफ और डीएसएफ के संयुक्त मोर्चे के उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। चुनाव समिति ने मंगलवार को नतीजों की घोषणा की। समूह के अध्यक्ष पद की उम्मीदवार आइशी घोष ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मनीष जांगिड़ को हराया। आइशी को 2313 और जांगिड़ को 1128 वोट मिले। साकेत मून को जेएनयूएसयू का उपाध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने 3365 वोट हासिल करके एबीवीपी की श्रुति अग्निहोत्री को पराजित किया जिन्हें 1335 वोट मिले। महासचिव पद पर सतीश चंद्र यादव चुने गये हैं। उन्होंने सबरीश पीए को हराया है। यादव को 2518 तो सबरीश को 1355 वोट मिले हैं। संयुक्त सचिव पद पर मोहम्मद दानिश की जीत हुई है जिन्होंने 3295 वोटों के साथ सुमंत कुमार साहू को शिकस्त दे दी। दिल्ली हाईकोर्ट ने छह सितंबर को हुए जेएनयू छात्रसंघ चुनाव के परिणाम घोषित करने पर रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट के निर्देशानुसार मंगलवार को परिणाम घोषित किये गये। इससे पहले आठ सितंबर को इन चुनावों के परिणाम घोषित किये जाने थे।

### अवमानना में मिला था समन

## हाईकोर्ट ने केजरीवाल को दी याचिका वापस लेने की इजाजत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इजाजत दी कि वह अपनी याचिका वापस ले सकते हैं, जिसमें उन्होंने भाजपा नेता विजेंदर गुप्ता द्वारा उनके खिलाफ दायर की गई अवमानना की एक शिकायत में जारी किए गए समन को रद्द करने की मांग की थी। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने केजरीवाल को याचिका वापस लेने की इजाजत दी। इस याचिका में आप नेता ने निचली अदालत द्वारा उनके खिलाफ आठ जुलाई को जारी समन को चुनौती दी थी। इस याचिका को वापस लेने के लिये दिए गए आवेदन में केजरीवाल के वकील आर अरुणाधरी अय्यर और मोहम्मद इरशाद ने कहा कि शिकायती मामले की सुनवाई सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर सांसदों और विधायकों के खिलाफ मामलों की सुनवाई के लिये बनी विशेष अदालत के समक्ष लंबित है और इसे एक साल के भीतर पूरा किया जाना है। हाईकोर्ट ने इससे पहले दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता गुप्ता से केजरीवाल की याचिका पर जवाब मांगा था। हाईकोर्ट ने इससे पहले कहा था कि पहली नजर में ऐसा लगता है कि ये फैसला करने के लिए सुनवाई जरूरी है कि क्या उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के ट्वीट को आम आदमी पार्टी प्रमुख द्वारा रीट्वीट करना अवमानना है या नहीं।

# भाजपा रविदास मंदिर निर्माण के पक्ष में नहीं : संजय सिंह



- केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी से अब तक जवाब नहीं मिला पत्र का जवाब : गौतम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने मंगलवार को कहा है कि दिल्ली में संत रविदास मंदिर बनाने के लिये जमीन मांगे जाने के बारे में केंद्रीय शहरी विकास मंत्री ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के पत्र का अब तक जवाब नहीं दिया है, इससे साफ है कि भाजपा संत रविदास मंदिर निर्माण के पक्ष में नहीं है। सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने इस मंदिर के निर्माण के लिए अगर जमीन नही दी, तो आप देशव्यापी आंदोलन करेगी। उन्होंने इस मामले में डीडीए पर अदालत को भी गुमराह करने का आरोप लगाते हुये कहा कि डीडीए ने संत रविदास जी के मंदिर को तोड़ा। इससे करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने इस बारे में प्रधानमंत्री को पत्र लिखा। उनसे बार-बार निवेदन किया कि डीडीए को मंदिर निर्माण के लिए जमीन आवंटित करने को निर्देशित किया जाए। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने भी 11 सितंबर को आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी को पत्र लिखा, लेकिन अब तक जवाब नहीं मिला। सिंह ने बताया कि अब पार्टी के तीनों राज्यसभा सदस्यों की ओर से उन्होंने केन्द्र सरकार पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि यह मसला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है और केंद्र सरकार वहां भी इस मामले को उलझा रही है। इससे साफ है कि संत रविदास मंदिर तोड़ने में भाजपा का भी सहयोग रहा है।

### पीएम-सीएम के पुतले फूंके

**नई दिल्ली।** संत रविदास मंदिर तोड़े जाने के विरोध में मुंडका विधानसभा क्षेत्र में लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के पुतले फूंके। लोगों ने आरोप लगाया कि मोदी व केजरीवाल दोनों सरकारों ने मिलीभगत करके इस प्राचीन मंदिर को तोड़ा और भावनाएं आहात की है। प्रदर्शन का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष डॉ कुलदीप राणा ने किया। इस मौके पर पूर्व कांग्रेस उम्मीदवार डॉ नरेश कुमार सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

### फिर सामने आई प्रदेश कांग्रेस में कलहबाजी

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं के बीच चल रही कलहबाजी फिर मंगलवार को सामने आ गई है। जहां प्रदेश उपाध्यक्ष चतर सिंह ने नए व्हीकल एक्ट के विरोध में प्रदर्शन को लेकर मीडिया को भेजे निमंत्रण में लिखा था कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल व अजय माकन दोनों मौजूद होंगे। वहीं देर शाम प्रदेश प्रवक्ता जितेंद्र कुमार जीतू ने बयान जारी कर इसका खंडन किया कि अग्रवाल त्रिनगर प्रदर्शन में नहीं जाएगें। जीतू ने बताया कि उन्हें अग्रवाल ने फोन पर कहा कि मुझसे बिना पूछे ही उपाध्यक्ष ने निमंत्रण पत्र में मेरा नाम छाप दिया है, मैं ऐसे किसी प्रदर्शन में शामिल होने नहीं जा रहा। जीतू ने कहा कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अग्रवाल के अनुसार वह धरने में शामिल नहीं होंगे। बता दें कि प्रदेश उपाध्यक्ष चतर सिंह ने दोपहर बाद मीडिया को एक निमंत्रण पत्र भेजकर बुधवार को त्रिनगर में नए व्हीकल एक्ट के विरोध में धरने प्रदर्शन की सूचना दी थी। जिसमें लिखा था कि प्रदर्शन में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय माकन व जयप्रकाश अग्रवाल दोनों शामिल होंगे। देर शाम अग्रवाल ने हैरानी प्रकट करते हुए मना कर दिया कि मुझसे कोई बात नहीं हुई और निमंत्रण पत्र में मेरा नाम डाल दिया, जबकि में इसमें शामिल नहीं हो रहा।

# नमो प्रदर्शनी में बताया जा रहा पीएम मोदी का जीवन

## भारत की एकता, अखंडता व संप्रभुता के लिए काम कर रहे हैं पीएमः पुरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर पल भारत की एकता, अखंडता व संप्रभुता के लिए काम कर रहे हैं। साथ ही उनकी ऊर्जा व सकारात्मक विचारधारा देश निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने उक्त बाते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 69वें जन्मदिवस के मौके पर मान सिंह रोड, राजपथ क्रासिंग पार्क पर आयोजित नमो प्रदर्शनी के दौरान कही। प्रदर्शनी का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने संयुक्त रुप से किया। इसका आयोजन भाजपा दिल्ली प्रदेश ने किया था। इस प्रदर्शनी में मोदी के बाल्यकाल से लेकर युवा अवस्था में संघर्ष, उनके राजनीतिक सफर व दुनिया में भारत का मान, सम्मान बढ़ाने के लिए उनके त्याग, बलिदान, सेवा तथा सामान्य व्यक्तियों के जीवन स्तर को सुदृढ़ करने की कहानियां चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित की गई हैं। केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि आज हम सब मिलकर उनके मोदी जी के जन्मदिवस को सेवा सप्ताह के रूप में मनाने के साथ-साथ जनकल्याण व समाज कल्याण के कामों को कर रहे हैं। इस प्रदर्शनी में मोदी जी के कई स्वरूप हम सभी को देखने को मिले। उनका लम्बे संघर्ष के बाद राजनेता बनना, फिर मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री बनना और अब विश्व में भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं।

### केजरीवाल ने पीएम को दी जन्मदिन की बधाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 69 वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी और उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना की। केजरीवाल ने भी ट्विटर पर उन्हें बधाई दी, जिसमें उन्होंने लिखा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। हम उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं।

### 'एक लड्डू एक प्लास्टिक' अभियान चलाया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर मंगलवार को राज्यसभा सदस्य विजय गोयल ने प्लास्टिक के खिलाफ चलाया एक लड्डू एक प्लास्टिक अभियान नाम अभियान चलाया। इस मौके पर केंद्रीय राज्य सड़क परिवहन एंव राजमार्ग मंत्री जनरल (सेवानिवृत) वी.के सिंह, उत्तरी निगम में स्थायी समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश सहित अन्य मौजूद थे। अजमेरी गेट पर हुए इस अभियान के अंतर्गत एक प्लास्टिक कि वस्तु देने के बदले एक लड्डू दिया गया, यह अभियान 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलाया जाएगा। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश में हर दिशा में अभूतपूर्वक कार्य हुए है।








# निगमों में प्राथमिक टीचर्स की भर्ती 15 अक्टूबर से

## डीएसएसएसबी ने चयनित किए टीचर्स, दक्षिणी निगम हैं नोडल एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के तीनों नगर निगमों प्राथमिक टीचर्स की भर्ती 15 अक्टूबर से शुरू होगी। दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) द्वारा चयनित नए प्राथमिक टीचर्स को लेकर दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (नोडल एजेंसी) ने ऑफिस ऑर्डर जारी कर दिया है। ऑफिस ऑर्डर के अनुसार दक्षिणी, उत्तरी व पूर्वी निगम में भी एक ही साथ चयनित आवेदकों को भर्ती दी जाएगी। ऑफिस ऑर्डर के मुताबिक आवेदक 30 नवंबर तक विभाग में ज्वाइन कर सकते हैं। इस संबंध में दक्षिणी निगम के शिक्षा निदेशक शिरीष शर्मा ने बताया कि तीनों निगमों के लिए डीएसएसएसबी ने एक साथ ही परीक्षाएं आयोजित की। इसलिए सभी को एक ही समय में भर्ती दी जाएगी। इसके लिए बाकी दोनों निगमों से भी अनुमति ली गई। इसके बाद ही 15 अक्टूबर से भर्ती देने के लिए ऑर्डर जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि जो आवेदक 30 नवंबर तक ज्वाइन नहीं करेंगे, उन्हें भी दो रिमाइंडर दिए जाएंगे। 31 दिसंबर 2019 तक ज्वाइन नहीं करने वाले अपनी नियुक्ति दावा नहीं कर सकेंगे।

### दक्षिणी नगर निगम ने किया सरप्लस टीचर्स का ट्रांसफर

नए प्राथमिक टीचर्स की भर्ती को देखते हुए दक्षिणी निगम ने सरप्लस टीचर्स का ट्रांस्फर कर दिया है। निगम के अनुसार 303 टीचर्स का ट्रांसफर हुआ है। इस ट्रांसफर को अब तक के सबसे बड़े ट्रांसफरों में से एक बताया जा रहा है। मंगलवार को ऑफिस ऑर्डर जारी कर बताया गया कि 303 टीचर्स में से 197 सरप्लस टीचर थे। ट्रांसफर कर इन सभी टीचर्स को उन स्कूलों में भेजा गया है जहां पर टीचर्स की कमी या जरूरत थी। सबसे ज्यादा सरप्लस टीचर्स का ट्रांसफर नजफगढ़ जोन में किया गया है। यहां से 137 टीचर्स का ट्रांसफर किया गया है। जबकि 111 ऐसे भी टीचर्स हैं जिनका ट्रांसफर उनके आवेदन के तहत किया गया है। सेंट्रल जोन में 22 और वेस्ट जोन में 33 टीचर्स का ट्रांसफर किया गया है। जबकि 58 टीचर्स का आवेदन के बाद भी वैकेंसी न होने के कारण ट्रांसफर नहीं हो सका है। बता दें कि सरप्लस टीचरों का मामला कई बार दक्षिणी निगम के सदन व स्थायी समिति की बैठकों भी उठाया गया था।






### उपमुख्यमंत्री ने की 200 इंटरप्रेन्योर्स के साथ चर्चा

# भारत के आर्थिक विकास के लिए जरूरी है इंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेटः सिसोदिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में 200 इंटरप्रेन्योर्स के साथ देश की अर्थव्यवस्था में दिल्ली की भूमिका पर चर्चा करते हुए कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में चल रहे इंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट करिकुलम को भारत की अर्थव्यवस्था योगदान देने और देश की इकोनॉमी को नौकरियां खोजने वाली अर्थव्यवस्था से नौकरियां पैदा करने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में बदलने कामयाब होना चाहिये। उन्होंने कहा कि हमारा जोर आने वाली युवा पीढ़ी का माइंडसेट खुद रोजगार पाने की बजाय दूसरों को रोजगार देने वाला बनने की तरफ बदलने के लिये होना चाहिये। बदलाव वो होगा जब हम नौकरी पाने वाले के माइंडसेट को नौकरी देने वाली सोच में बदल सकें। उन्होंने कहा कि आज जब देश का सबसे अच्छा मस्तिष्क विदेशी कंपनियों की तरक्की के लिए काम कर रहा है तो देश की अर्थव्यवस्था कैसे विकसित हो सकती है? इसीलिए इंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इसे बदलने के लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा और भारत की तरक्की को वापस ट्रैक पर लाना होगा। सिसोदिया ने कहा कि इंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट करिकुलम नौकरियों की समस्या, लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था और बेरोजगारी से पार पाने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। ॰हमें अपने बच्चों को केवल नौकरी की पीछे भागने वाली स्थिति की बजाय दोनों तरह के विकल्प वाली स्थितियां बनानी होंगी जिसमें वो सैलरी आधारित प्रोफेशनल बनने से लेकर इंटरप्रेन्योर बनने तक के विकल्प में से अपने अनुसार चुन सके।

### उर्दू के टॉपर्स सम्मानित

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री और कला, संस्कृति और भाषा मंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को दिल्ली के विभिन्न विश्वविद्यालयों से संबद्ध उर्दू विषय के टॉपर्स के साथ बातचीत की। उर्दू अकादमी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उर्दू में उत्कृष्ट करने वाले विश्वविद्यालयों और टॉपर्स ने को डिप्टी सीएम द्वारा सम्मानित किया गया। बच्चों के बातचीत करते हुए सिसोदिया ने कहा कि उर्दू अकादमी को इच्छुक छात्रों को कोचिंग प्रदान करनी चाहिए। जो छात्र उर्दू माध्यम में अपना पेपर लिखना चाहते हैं उन्हें जल्द उर्दू में अध्ययन सामग्री मिलेगी। जिस तरह से अंग्रेजी और हिंदी को शिक्षण और अध्ययन की मानक भाषा माना जाता है।

### स्पा सेंटरः डीसीडब्ल्यू ने भेजा निगमों को समन

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने मंगलवार को स्पा में सेक्स रैकेट बंद करने के लिए तीनों नगर निगम के आयुक्तों को समन जारी किया। तीनों आयुक्तों को स्पा में सेक्स रैकेट रोकने उठाए कदम और पिछले चार सालों में स्पा सेंटर के निरीक्षण की रिपोर्ट मांगी है। तीनों निगमों को 20 सितंबर को तीनों आयुक्तों को आयोग के समक्ष उपस्थित होना है। बता दें कि हाल ही आयोग ने अलग-अलग इलाके में स्पा सेंटरों को निरीक्षण किया और उसमें सेक्स रैकेट का पदार्फाश किया। इस मामले में पुलिस ने चार एफआईआर दर्ज की और कई लड़कियों को मुक्त कराया। इसके बाद आयोग ने 9 सितंबर को एमसीडी और दिल्ली पुलिस के अधिकारियों को तलब किया और सेक्स रैकेट चलाने वाले संदिग्ध स्पा सेंटर को तुरंत बंद करने को कहा था। आयोग की तरफ से बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि तीनों नगर निगम उचित कदम उठाएंगे और अपने लाइसेंसिंग प्रक्रिया में बदलाव कर यह सुनिश्चित करेंगे कि स्पा और समाज सेंटर में सेक्स रैकेट न चलें।

# सात दिन में शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करे कंपनी : गोयल

## ईको ग्रीन कंपनी व निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर योजना बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

नगर निगम फरीदाबाद की निगमायुक्त सोनल गोयल ने स्वच्छता सर्वेक्षण-2019 के अंतर्गत शहर की सफाई व्यवस्था पर चिंता जताते हुए सात दिन के अंदर-अंदर सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए ईको ग्रीन कंपनी और निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। जिसमें इको ग्रीन की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी लीसुपिंग और उपमुख्यकार्यकारी अधिकारी संजय शर्मा शामिल थे।

मीटिंग में निगमायुक्त ने ईको ग्रीन कंपनी के अधिकारियों को सात दिन में शहर में जगह-जगह पड़े हुए कूड़े को उठाने के निर्देश दिए। इस संबंध में उपरोक्त कंपनी को कूड़ा उठाने वाले वाहनों की संख्या बढ़ाने, खत्तों को कम करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने ईको ग्रीन कंपनी के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उपरोक्त कंपनी हर खत्ते पर अपना कर्मचारी नियुक्त करें ताकि कूड़ा डालने वाले खत्तों के बाहर कूड़ा न फेंके। उन्होंने मार्केटों में रात को कूड़ा उठाने के लिए आदेश दिए ताकि यह दुकानदार खत्ते के बाहर कूड़ा न फेंक सकें। उन्होंने इको ग्रीन कंपनी के अधिकारियों को 100 प्रतिशत डोर-टू-डोर सफाई व्यवस्था को लागू करने को कहा। मीटिंग में निगमायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई निरीक्षक तथा सहायक सफाई निरीक्षक प्रत्येक वार्ड में ईको ग्रीन कंपनी द्वारा लगाए गए वार्ड सुपरवाइजरों से संपर्क करके वार्ड की सफाई करवाएं। निगम आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निगम के तीनों जोनों एनआईटी, ओल्ड तथा बल्लभगढ़ में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के भी निर्देश दिए।

### सफाई में सहयोग करें लोग

स्वच्छता सर्वेक्षण 2019 के तहत निग्मायुक्त सोनल गोयल ने शहरवासियों से भी अपील की कि सभी शहरवासी शहर को सुंदर बनाने में अपना सहयोग करें। सफाई व्यवस्था अथवा इको ग्रीन द्वारा किसी भी प्रकार की आमजन को समस्या आती है तो वह निगम कार्यालय में संपर्क कर सकते है।





### टूल डाऊन जारी

**फरीदाबाद।** ईको ग्रीन के 300 कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लेने के लिए नगरपालिका कर्मचारी संघ की टूल डाऊन हड़ताल जारी है। शास्त्री ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग के प्रधान सचिव 30 अगस्त के फैसले के अनुसार ईको ग्रीन के कर्मचारियों को ड्यूटी पर न लेकर संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ विश्वासघात किया है।

## स्वच्छता अभियान को लेकर प्रशासन ने तैयार किया कैलेंडर

**गुरुग्राम।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। यह कार्यक्रम 27 अक्टूबर तक जारी रहेगा। इसके अंतर्गत लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम का कैलेंडर तैयार कर लिया गया है। इस बात की जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान को तीन चरणों में संचालित किया जाएगा। पहला चरण एक अक्टूबर तक चलेगा। जिसमें स्वच्छता जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## खबर संक्षेप

### युवक पर हमलावरों ने चलाई गोलियां

**फरीदाबाद।** दोस्त के साथ खड़े एक युवक पर कार सवार हमलावरों ने फायर कर दिए, जिससे युवक के एक गोली कमर में लगी और दूसरी सिर में और वह बेहोश हो गया। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्तपाल ले जाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरु कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव तिगांव निवासी भारत पुत्र सच्चे सोमवार देर रात अपने दोस्त दीपक पुत्र रणवीर निवासी भुआपुर से मिलने उसके घर गया था, जब वह घर के बाहर बात कर रहे थे, तभी एक शिफ्ट कार में सवार होकर आए कुलदीप, संदीप पुत्र ज्ञानी निवासी तिगांव व कुलदीप के चाचा का लड़का धर्मी व 5-6 अन्य युवक वहां आकर रुक गए और देखते ही देखते संदीप व कुलदीप ने गोली चला दी।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दी

**फरीदाबाद।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर अपनी बेटी को दहेज की मांग के चलते मारने का आरोप लगाकर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### हत्या के आरोपियों को रिमांड पर भेजा

**फरीदाबाद।** एक महिला ने अपने प्रेमी, जीजा और उसके साथी के साथ मिलकर पहले अपने पति की हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया। इसके बाद खेड़ी पुल थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज करवा दिया। फरीदाबाद पुलिस की अपराध जांच शाखा, मुख्यालय सेक्टर-30 ने मामले का भंडाफोड़ कर मृतक की पत्नी समेत तीन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया। अदालत ने महिला को न्यायिक हिरासत में नीमका जेल भेज दिया। जबकि दोनों आरोपियों को सात दिन के पुलिस रिमांड पर सौंप दिया है।

### एमएमएस बनाकर महिला से 80 लाख रुपये वसूले

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में एक शख्स ने नहाते समय एक महिला का वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ना केवल पांच महीने तक महिला के साथ रेप करता रहा बल्कि उससे 80 लाख रुपये भी जबरन वसूल लिए। अब यह शख्स महिला से पांच करोड़ रुपये की डिमांड कर रहा है। पीड़ित महिला पेशे से शेयर ब्रोकर है और आरोपी शख्स उसका परिचित है। महिला ने इस संबंध में मंगलवार को इंदिरापुरम थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। मूलरूप से इलाहाबाद की रहने वाली है। उसके परिचित इंदिरापुरम में रहते हैं। रुपये निवेश करने के नाम पर परिचित महिला और पुरुष ने पहले पीड़िता को गाजियाबाद बुलाया इसके बाद उन्हें अन्य कई लोगों से मिलवाया। महिला का आरोप है कि भरोसा जीतने के बाद गाजियाबाद में कामकाज बढ़ाने का लालच देकर उन्हें इंदिरापुरम में ही अपनी सोसाइटी में फ्लैट किराये पर दिला दिया। आरोपी पुरुष ने उसके फ्लैट की एक चाबी अपने पास रख ली। एक दिन नहाते हुए आरोपी ने उसका वीडियो बना लिया।

# हनी ट्रैप : युवक से 25 लाख रुपये मांगने पर तीन युवती गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

राजस्थान के एक युवक को हनी ट्रैप में फंसा कर 25 लाख रुपये मांगने के आरोप में पुलिस ने तीन युवतियों को गिरफ्तार कर लिया।

युवती पीड़ित युवक को रेप के मामले में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रही थी। सेक्टर-29 थाना पुलिस ने लेजर वैली पार्क के निकट से तीनों को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरु कर दी है। राजस्थान मूल के युवक का बिजनेस के सिलसिले से गुरुग्राम आना-जाना रहता था। दो वर्ष पहले गुरुग्राम के एक मॉल के निकट उसकी मुलाकात एक युवती से हुई। इसके बाद दोनों में दोस्ती हुई और फोन पर बातें होने लगीं। कुछ महीनों बाद युवती ने अपने बेटे के जन्मदिन पर उसे अपने घर चकरपुर बुलाया। देर रात को पार्टी समाप्त हुई तो युवती का पति कहीं चला गया। इसके बाद युवती ने युवक को रात को अपने घर पर ही रुकने को कहा। युवती की बात मानकर युवक रात को उसके घर में ही रुक गया। रात को युवती की सहमति के दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने। दूसरे दिन सुबह युवक राजस्थान चला गया। इसके बाद युवती ने उसे फोन किया कि उसने उसके साथ रेप किया है और रुपए मांगने लगी। युवती ने धमकी दी कि वह 25 लाख रुपये दे वरना वह पुलिस में जाकर दुष्कर्म का मामला दर्ज करा देगी।

*शिकायत में कहा गया है कि वह महिला को पहले भी कई बार पैसे दे चुका है। शिकायत के बाद पुलिस ने टीम बनाई और शिकायतकर्ता को महिलाओं को पांच लाख रुपये देने के लिए लेजर वैली पार्क में भेजा। यहां पर तीन महिलाएं पैसे लेने आई। उन्हें मौके पर पैसे समेत पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस का दावा है कि पूछताछ में महिलाओं ने झूठे केस में फंसाने की बात को कबूला है।*

## महिलाओं ने कबूली झूठे केस में फंसाने की बात

- युवती ने बेटे के जन्मदिन पर उसे अपने घर बुलाया
- पार्टी समाप्त होने पर युवक को रात में अपने घर रोका



**बदनामी के डर से दिया पैसा**

बदनामी के डर से युवक ने युवती को कई बार रुपए दिए। युवती ब्लैकमेल करके पैसे अपनी करीबी दोस्तों के जरिये मंगवाती थी। परेशान होकर युवक ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जाल बिछाया और शिकायतकर्ता को महिलाओं को पांच लाख रुपये देने के लिए लेजर वैली पार्क में भेजा। यहां पर तीन महिलाएं पैसे लेने आई। उन्हें मौके पर पैसे समेत पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपित युवतियों ने इस मामले में शिकायतकर्ता को दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकियां देते हुए 25 लाख रुपयों की मांग करना स्वीकार किया है।

### ऐसे खुला राज

वहीं, मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले पीड़ित युवक ने जब पुलिस में इस बाबत शिकायत दी तो पुलिस ने तीनों युवतियों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। इसके बाद पुलिस के कहने पर पीड़ित ने युवतियों को पांच लाख रुपये भी दिए। इस बीच पुलिस के शिकंजे में फंसी तीनों युवतियों को 5 लाख रुपयों की नकदी के साथ गिरफ्तार कर दिया गया।

### काम के सिलसिले में आता था गुरुग्राम

पीड़ित युवक के मुताबिक, वह अपने काम के सिलसिले से गुरुग्राम आता-जाता रहता है। करीब दो वर्ष पहले शहर के एक मॉल के पास इसकी मुलाकात एक युवती से हुई। आपस में दोस्ती होने के बाद इन दोनों के बीच फोन पर बातें होने लगीं। कुछ महीनों बाद युवती ने अपने बेटे के जन्मदिन पर उसे चकरपुर अपने घर बुलाया।

फिल्मी स्टाइल में दिया वारदात को अंजाम

# कार के बोनट पर व्यक्ति को पांच किलोमीटर घसीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद



शराब के नशे में कार सवारों ने फिल्मी स्टाइल में एक निजी स्कूल के मैनेजर को कार के बोनट पर लटकाकर पांच किलोमीटर तक घसीटा। हालांकि इस घटना में मैनेजर बाल-बाल बच गया परंतु इन युवकों ने प्रबंधक पर कार चढ़ाने की कोशिश की जिससे वे बोनट पर गिर गए।

इसके बाद युवकों ने कार रोकने की बजाए तेज गति से दौड़ा दी। आगे भीड़ देख कार रुकी और युवक भाग खड़े हुए। सेंट्रल थाने में युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और पुलिस ने कार कब्जे में ले ली है। युवकों की तलाश की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सेक्टर-8 निवासी शिवम चौधरी एक निजी स्कूल में प्रबंधक हैं। उनकी पत्नी नेहा मेट्रो अस्पताल प्रबंधन में है। शिवम पत्नी नेहा को लेने अपनी होंडा सिटी कार से अस्पताल जा रहे थे। सेक्टर-9-12 की विभाज्य रोड, इंडियल ऑयल के पीछे वाली सड़क पर एक स्विफ्ट कार चालक उनकी कार को पीछे से टक्कर मार भाग गया। शिवम ने पीछा कर बीपीटीपी चौक बाईपास की लाल बत्ती पर युवकों की कार को रोक लिया। प्रबंधक स्विफ्ट कार का फोटो खींचने लगे तो युवकों ने प्रबंधक पर कार चढ़ाने की कोशिश की, जिससे वे उनकी कार के बोनट पर गिर गए। इसके बाद युवकों ने कार रोकने की बजाए नहरपार के एरिया में तेजी से भगा दी। तीन किलोमीटर दूर एडोर चौक और इसके बाद यू टर्न लेकर एसआरएस चौक तक शिवम कार के बोनट पर ही लटके रहे। एसआरएस चौक पर कार रुकी तो उसमें से चार युवक उतरे। युवकों ने उनके साथ हाथापाई की। मौके पर काफी लोग आए तो युवक भाग गए।

सूचना पर खेड़ीपुल थाना पुलिस ने कार को कब्जे में लिया। शिवम ने बताया कि युवकों ने शराब पी हुई थी। जब वे उनसे हाथापाई करने कार से उतरे थे तो उनके मुंह से गंध आ रही थी। वे उसे जान से मारने की धमकी दे रहे थे। थाना एएसआई सेंट्रल विजय कुमार ने मंगलवार को बताया कि कार किसी बुढ़ैना के रहने वाले की बताई गई है। अब पता किया जा रहा है कि घटना के समय इसे कौन चला रहा था। जल्द युवकों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## भेंट...



**फरीदाबाद।** मंगलवार को फरीदाबाद में आयोजित हनुमान कथा में पहुंचे प्रदेश के उद्योग मंत्री विपुल गोयल को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक।

# लोनी में टुकड़े-टुकड़े करके बेच दी सरकारी जमीन

## सब रजिस्ट्रार समेत आठ के खिलाफ एफआईआर, डीएम ने की सबरजिस्ट्रार के निलंबन की संस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

लोनी इलाके में करीब एक करोड़ की भूमि छोटे -छोटे प्लाटों में बेचने का मामला जिला प्रशासन ने पकड़ा है जिसमें मंगलवार को लोनी के सब रजिस्ट्रार (उप निबंधक) प्रथम के खिलाफ प्रशासन ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

साथ ही डीएम अजय शंकर पांडेय ने शासन से सब रजिस्ट्रार के निलंबन की भी संस्तुति कर दी है। इसी मामले में एसडीएम लोनी प्रशांत तिवारी ने जमीन की खरीद-बिक्री करने वाले आठ लोगों के खिलाफ अलग से थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। यह पूरी



कार्रवाई दो प्रकरणों से जुड़ी उस जांच रिपोर्ट के आने पर की गई है, जिसमें कन्फर्म हो गया कि सरकारी जमीन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बेची गई।

पहला मामला लोनी गांव का है। जहां राजस्व अभिलेखों में खसरा संख्या -1460 पर दर्ज 0.4430 भूमि सार्वजनिक उपयोग के लिए थी। इस जमीन को बशीर अहमद पुत्र मोहम्मद यूसुफ निवासी न्यू माडर्न शाहदरा की तरफ से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर इस साल छह मई को हाशिर इकबाल पुत्र बशीर अहमद न्यू मॉर्डन दिल्ली को बेच दी गई। इसी तरह से दूसरे प्रकरण में लोनी गांव के ही खाता संख्या-995 की खसरा संख्या 1200, 1209, 1258, 1205 व 1229 पर दर्ज भूमि आयुक्त मेरठ मंडल ने पूर्व में पारित आदेशों को निरस्त करते हुए राज्य सरकार में निहित कर दी गई थी, लेकिन उक्त भूमि भी फर्जी पावर ऑफ अटार्नी तैयार कर बेच दी गई। जमीन बेचने में पूरे संगठन ने काम किया।

### निगम कर्मी को नगर आयुक्त ने किया बर्खास्त

**गाजियाबाद।** एक महिला की हत्या के मामले में सजायाफ्ता नगर निगम कर्मचारी की नगर आयुक्त दिनेश चंद्र ने सेवा समाप्त कर दी हैं। रामवतार नामक निगमकर्मी कार्यवाहक लिपिक के पद पर कार्य कर रहा था। कुछ साल पहले जिला बुलंदशहर में उसने एक महिला की हत्या कर दी थी इस मामले में बुलंदशहर की अदालत ने उसे जिला एवं सत्र न्यायालय ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी हालांकि राम अवतार ने हाईकोर्ट ने याचिका दायर कर जमानत ले ली।

### फर्जी आर्म्स लाइसेंस के साथ बिजली निगम का जेई गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** कविनगर पुलिस ने मंगलवार को फर्जी आर्म्स लाइसेंस बनाने के आरोप में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के जेई को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से फर्जी पते पर बनवाई गई एक दुनाली बंदूक भी बरामद की है। उसने इस बंदूक का लाइसेंस शाहजहांपुर के फर्जी पते पर बनवाया था। पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वितीय आतिश कुमार ने मंगलवार को बताया कि पिछले दिनों पुलिस ने एक हथियारों का लाइसेंस बनवाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया था। गिरोह के तार शाहजहांपुर से जुड़े थे और वहां की कलक्ट्रेट में कार्यरत असलहा बाबू समेत करीब 12 लोग अभी तक जेल जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस की जांच जारी है। और जांच के दौरान पता चला कि बिजली विभाग के एक जेई देवेश जो डासना में तैनात हैं उन्होंने भी बंदूक का लाइसेंस बनवाया था जो शाहजहांपुर के पते पर बनाया गया था जांच में पता चला कि जो पता दिखाया गया वह फर्जी है।

पीएम के जन्मदिन पर पूर्व सैनिक महासम्मेलन आयोजित

# 'सरकार ने शहीदों के आश्रितों को दी नौकरी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा के पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ ने गुरुग्राम में पूर्व सैनिक महासम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि भाजपा ही सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिको तथा शहीदों के परिजनों को अन्य दलों की अपेक्षा ज्यादा सम्मान देती है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में भाजपा सरकार ने 1962 के भारत पाक युद्ध तक के शहीदों के आश्रितों को नौकरी दी है। इन पांच सालों में प्रदेश में शहीदों के 292 आश्रितों को नौकरियां दी गई हैं, जबकि उससे पहले के 40 वर्षों में हरियाणा में केवल 48 आश्रितों को ही अनुकंपा के आधार पर नौकरी दी गई थी। महासम्मेलन में सेंट्रल यूनिवर्सिटी महेंद्रगढ़ के पूर्व कुलपति मेजर जरनल (सेवानिवृत) रणजीत सिंह सहित वक्ताओं ने हरियाणा में 90 विधानसभा क्षेत्रों में से एक विधानसभा की सीट भूतपूर्व सैनिकों में से देने की मांग की। महासम्मेलन में गुरुग्राम के विधायक उमेश अग्रवाल, मेयर मधु आजाद, सेना के सेवानिवृत उच्च अधिकारी तथा भूतपूर्व सैनिक, शहीदों के परिजन तथा स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन पहुंचे। राव इंद्रजीत सिंह ने शहीदों के परिजनों तथा स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी का भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री उम्मीदवार घोषित होने के बाद पहला कार्यक्रम रेवाड़ी में आयोजित किया गया था। जो पूर्व सैनिकों का सम्मेलन था और उसमें वन रैंक वन पेंशन लागू करने की घोषणा की गई थी। उन्होंने कहा कि सरकार बनते ही प्रधानमंत्री मोदी ने अपना वह वायदा पूरा किया।






### सेवा, संकल्प के साथ मनाया जन्मदिन

**फरीदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 69 वें जन्मदिन को सेवा और संकल्प के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विधायक मूलचंद शर्मा ने केक काटकर बच्चों को खिलाया और गरीब लोगों को व्यापारियों के साथ मिलकर लड्डू बांटे। पिछले कुछ दिनों से चल रही नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते विधायक श्री शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं व्यापारियों और समाज सेवियो के साथ शहर के बाजार में सफाई अभियान चलाया।

# आप कार्यकर्ताओं व पुलिस के बीच झड़प

**फरीदाबाद।** पंचकूला में कंप्यूटर टीचरों पर लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन कर सीएम का पुतला जला रहे आप कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार को बल्लभगढ़ में पुलिस की तीखी बहस और झड़प हो गई।

बल्लभगढ़ स्थित अंबेडकर चौक के पास मंगलवार दोपहर आप नेता हरेंद्र भाटी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पंचकूला में कंप्यूटर टीचरों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन करने पहुंचे थे। पार्टी कार्यकर्ता चौक पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करने लगे। इसी बीच वहां पर पुलिसकर्मी पहुंच गए। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सीएम मनोहर लाल का पुतला जलाने लगे, तभी पुलिसकर्मियों ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। जिस पर पुलिस कर्मियों और पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच बहस शुरू हो गई। पुलिस के रवैये को देख कार्यकर्ता नाराजगी जाहिर करते हुए पुलिस और प्रशासन के खिलाफ भी नारेबाजी करने लगे। करीब 20 मिनट तक पुलिस और आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच पुतला फूंके जाने को लेकर झड़प होती रही। पुलिस कर्मियों का रवैया नरम होने के बाद कार्यकर्ताओं ने सीएम का पुतला जला दिया। हरेंद्र भाटी का आरोप है कि पुलिस कर्मियों का व्यवहार बिल्कुल अच्छा नहीं रहा और उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बदतमीजी की है।

## खबर संक्षेप

### 'दुर्गा शक्ति ऐप' के लिए प्रदेश पुलिस को सम्मान

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने महिला सुरक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर से अपना परचम लहराया है। पुलिस की 'दुर्गा शक्ति ऐप' को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। पुलिस विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि अनिल राव, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, सीआईडी, हरियाणा 18 सितंबर 2019 को बॉम्बे एग्जीबिशन सेंटर मुंबई में होने वाले इंफोकोम इवेंट के दौरान हरियाणा पुलिस की ओर से यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त करेंगे।

### नौ खजाना अधिकारियों के तबादले किए

**चंडीगढ़।** सरकार ने नौ सहायक खजाना अधिकारियों की पदोन्नति करके उनको खजाना अधिकारी के तौर पर नियुक्त किया है। प्रवक्ता ने बताया कि हांसी के सहायक खजाना अधिकारी सतीश सिवाच को पदोन्नत कर हिसार में खजाना अधिकारी पर नियुक्त किया है। डबवाली के राकेश को फतेहाबाद में, ढ़ांड (कैथल) के प्रवीन को कैथल में, कालका (पंचकुला) की सविता को जगाधरी में, फरूखनगर (गुरूग्राम) के संदीप चौधरी को गुरूग्राम में, बवानीखेड़ा (भिवानी) की मंजू को भिवानी में, बल्लभगढ़ (फरीदाबाद) के संजय सिंह को फरीदाबाद में, हरियाणा खजाना कार्यालय चंडीगढ़ की सहायक खजाना अधिकारी रम्मी एस. मलिक को खजाना एवं लेखा विभाग हरियाणा चंडीगढ़ मुख्यालय में खजाना अधिकारी के तौर पर नियुक्ति के आदेश दिए हैं। झज्जर की नैन्सी यादव को भी खजाना अधिकारी के तौर पर पदोन्नत किया गया है परंतु उनके नियुक्ति का स्थान उनकी मैटरनिटी लीव के पूरा होने पर दिया जाएगा।

### कंप्यूटर शिक्षकों पर लाठी चार्ज की आलोचना की

**पंचकूला।** आम आदमी पार्टी ने शिक्षा विभाग में समायोजन और रेगुलर करने की मांग को लेकर पंचकूला में प्रदर्शन कर रहे कंप्यूटर शिक्षकों पर पुलिस द्वारा किये गये लाठीचार्ज की कड़ी आलोचना की है। इसमें जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं। पार्टी का कहना है कि 75 पार सीटों का सपना देख रही भाजपा क्या इस तरह से अपना लक्ष्य पूरा करेगी। पार्टी का कहना है कि इस लाठीचार्ज में पुलिस ने महिलाओं तक को नहीं बख्शा। अंबाला लोकसभा एवं जिला पंचकूला के अध्यक्ष योगेश्वर शर्मा ने कहा कि भाजपा के सिर सत्ता का नशा सिर चढक़र बोल रहा है, यही वजह है कि उसकी शह पर पुलिस आम आदमी को आदमी नहीं समझती। आये दिन अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों पर लाठीचार्ज करवाया जाता है।

### साली से छेड़छाड़ करने के दोषी को पांच साल की सजा

**पानीपत।** एडीजे हरवीर सिंह दहिया की कोर्ट ने मार्च 2018 में स्कूल में पेपर देने गई छात्रा से क्लासरूम में घुसकर छेडछाड़ करने के दोषी को पांच साल का कठोर कारावास की सजा सुनाई। एडीए विजय सहरावत ने बताया कि 9 मार्च 2018 को एक व्यक्ति ने समालखा थाने में शिकायत दी कि उसकी 17 वर्षीय बेटी एक गांव के सरकारी स्कूल में 12वीं कक्षा का पेपर देने गई थी। बड़ी बेटी का देवर जितेंद्र उर्फ भोलू वहां आया। पेपर शुरू होने से पहले वे क्लास रूम में घुस गया और उसके साथ छेड़छाड़ व अपहरण की कोशिश की थी।

### नॉर्दर्न जोनल कौंसिल की बैठक की तैयारी

# शाह आएंगे चंडीगढ़, कई राज्यों के सीएम भी पहुंचेंगे

**चंडीगढ़ के एक बड़े होटल में होगी बैठक**

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

देश के गृहमंत्री और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह 20 सितंबर को चंडीगढ़ आएंगे, जिसके लिए पुलिस प्रशासन, गृह विभाग के आला अफसर तैयारी में जुटे हुए हैं। 20 सितंबर को ट्राईसिटी के एक बडे होटल में आयोजित होने वाली नॉर्दर्न जोनल कौंसिल की पहली बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस अहम बैठक में कईं राज्यों के मुख्यमंत्री और इन राज्यों के आला अधिकारी हिस्सा लेंगे, जिसके लिए सभी राज्यों में तैयारी की जा रही हैं।

हरियाणा, पंजाब, हिमाचल और चंडीगढ़ के पुलिस, प्रशासन के आला-अफसर इस पहली अहम बैठक के लिए तैयारी कर रहे हैं। चंडीगढ़ के एक होटल में होने वाली इस बैठक को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था अन्य पहलुओं से भी व्यवस्था पर नजर रखी जा रही है। बैठक में प्रदूषण, नदियों के जल की हिस्सेदारी के साथ ही पावर को लेकर भी विचार-मंथन होगा। तीन राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों से ठीक पहले 20 सितंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में पहली नॉर्दर्न जोनल कौंसिल की बैठक कईं मायनों में अहम होगी। बीबीएमबी की जल विद्युत परियोजनाओं में हिस्सेदारी



■ कई राज्यों से आने वाले मुख्यमंत्री और अफसर अपने-अपने राज्यों के हितों से जुड़े मुद्दों पर करेंगे चर्चा

जैसे कईं विषयों पर पंजाब, हिमाचल, हरियाणा राज्यों की ओर से नॉर्दर्न जोनल कौंसिल में संबंधित विषय रखे जाएंगे, जिन पर आने वाले वक्त के लिए रणनीति तैयार होगी। कईं राज्यों से आने वाले मुख्यमंत्री और अफसर अपने अपने राज्यों के हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

हरियाणा और लद्दाख के साथ अलग-अलग क्षेत्रों में चल रहे सीमा विवादों को समाप्त करने का मुद्दा भी एजेंडे में शामिल है। सरकारें परिषद से पांच हैक्टेयर तक एफसीए क्लीयरेंस देने की शक्तियां प्रदान करने सहित कईं अन्य मांगे इस दौरान रखने की तैयारी में हैं। इसके पीछे का कारण है कि राज्यों के पास में अभी तक एक हैक्टेयर तक एफसीए क्लीयरेंस दिए जाने की पावर है। कईं अहम और जनहित से जुडे प्रोजेक्टों में एफसीए क्लियरेंस मिलने में देरी का मामला एक बडा मुद्दा है। अगर यह पावर राज्यों को मिल जाती है, तो बेहद राहत वाली बात होगी। हिमाचल के मंडी में बनने वाले नए हवाई अड्डे और पुराने हवाई अड्डों के विस्तारीकरण का मामला भी नॉर्थ जोनल काउंसिल बैठक में रखा जाएगा, इसी तरह से पंजाब, हरियाणा भी कुछ विषय शाह और उनके साथ में आने वाले आला अफसरों के सामने रखना चाहते हैं।

### घग्गर प्रदूषण का मामला भी अहम



पांच राज्यों में बहने वाली घग्गर नदी का प्रूदषण भी इस बैठक में अहम मसला रहेगा। हरियाणा सरकार ने हिमाचल में घग्गर नदी को दूषित होने का मामला पूर्व में भी उठाया था, जिसके बाद में परिषद की ओर से सरकार से नदी को दूषित होने से बचाने के लिए उठाए गए कदमों और चल रहे प्रयासों का ब्योरा मांगा था। यहां पर बता दें कि प्रदेश से सटे कालाअंब और बद्दी का क्षेत्र जो हरियाणा सीमा से सटा हुआ है, वहां पर पॉलिथीन और ईंट-भट्टों के कारण पर्यावरण और नदी को पहुंच रहे नुकसान का मामला उठाया गया है। इसी तरह से बाकी राज्य अपनी अपनी समस्याएं और संबंधित विषयों को रखकर उनके हल की दिशा में बढ़ेंगे।

# हरियाणा पुलिस की छह सेवाएं सरल पोर्टल पर मिलेंगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

■ चंडीगढ़ में पुलिस अधिकारियों की डीजीपी यादव ने ली बैठक

हरियाणा पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), मनोज यादव ने पुलिस की छह नागरिक सेवाओं को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अंत्योदय सरल पोर्टल के साथ जोडने की शुरुआत की। डीजीपी ने मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बटन दबाकर पुलिस की इन सेवाओं के एकीकरण का अनावरण किया। प्रथम चरण में, अंत्योदय सरल पोर्टल के साथ एकीकृत की गई हरियाणा पुलिस की सेवाओं में चरित्र प्रमाण पत्र, पुलिस क्लीयरेंस प्रमाणपत्र, कर्मचारी सत्यापन, किरायेदार सत्यापन, निजी सुरक्षा एजेंसी सत्यापन और धमकी मूल्यांकन सत्यापन शामिल हैं। सरल पर उपलब्ध करवाई गई सेवाओं की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक, आईटी, मनीषा चौधरी ने बताया कि हरियाणा पुलिस और सरल पोर्टल की नागरिक सेवाओं के एकीकरण के साथ, अब आम आदमी के पास इन छह ऑनलाइन सेवाओं का लाभ लेने के लिए पुलिस के हरसमय पोर्टल तथा सरल पोर्टल पर जाने का दोहरा विकल्प होगा। डिजिटलकरण के वर्तमान दौर में आमजन और पुलिस विभाग द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के बीच अंतर को केवल डिजिटल पहल के माध्यम से कम किया जा सकता है।

धमकी भरे पत्र का मामला

### हरियाणा में बढ़ाई सुरक्षा व्यवस्था

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने आतंकी समूह जैश-ए-मोहम्मद द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में बड़े रेलवे स्टेशनों को निशाना बनाने की धमकी के बाद राज्य भर में रेलवे स्टेशनों और उसके आसपास की सुरक्षा बढ़ा दी है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, नवदीप सिंह विर्क ने प्रदेश में रेलवे स्टेशनों से गुजरने वाली सभी ट्रेनों में सघन चेकिंग की जा रही है। रेलवे स्टेशनों के भीतर और आसपास उचित निगरानी सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त बल की तैनाती की गई है। एहतियात के तौर पर, नियमित जांच के अतिरिक्त रेलवे स्टेशनों के बाहर खड़े वाहनों की भी जाँच की जा रही है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस बल द्वारा अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है। जीआरपी और आरपीएफ रेलवे स्टेशनों के परिसर के भीतर किसी भी संदिग्ध तत्वों की तलाश के लिए संयुक्त अभियान चला रहे हैं। रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के बीच सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए आरपीएफ के साथ जीआरपी के जवानों द्वारा सयुंक्त कार्रवाई भी अमल में लाई जा रही है।

**उत्तर रेलवे**

शुद्धि पत्र

फाइल नं. CIID/SLR/Tender/2019

(IREPS पोर्टल के माध्यम से)

विभिन्न अखबारों में एस.एल.आर/एस. एल. आर. डी लीजिंग के संदर्भ में छपी अंग्रेजी और हिंदी की निविदा सूचनाओं में जो की दिनांक 19.09.2019 को **www.ireps.gov.in** पर खुलेगी, निविदा सुचना में से निम्नलिखित निविदाओं को तकनीकी कारणों की वजह से वापिस लिया जाता है।

1. गाड़ी संख्या 12826 – आनन्द विहार टर्मिनल से रांची के F-I कम्पार्टमेंट (निविदा संख्या SLR-F-I-12826-Aug 19) को वापिस लिया जाता है।
2. गाड़ी संख्या 12826 – आनन्द विहार टर्मिनल से रांची के F-II कम्पार्टमेंट (निविदा संख्या SLR-F-II-12826-Aug 19) को वापिस लिया जाता है।
3. गाड़ी संख्या 12826 – आनन्द विहार टर्मिनल से रांची के R-I कम्पार्टमेंट (निविदा संख्या SLR-R-I-12826-Aug 19) को वापिस लिया जाता है।

अन्य जानकारी में कोई बदलाव नहीं है। 2987/19

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**



रोशनी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में प्रदर्शित) **नामः** रोशनी **पुत्रीः** ओमकार, **निवासी** : 81/3, लक्ष्मी पार्क, नांगलोई, दिल्ली जो दिनांक 17.07.2019 से थाना निहाल विहार, दिल्ली के अधिकार क्षेत्र से लापता/अपहरण कर लिया गया है। इस संदर्भ में डीडी संख्या 98–ए दिनांक 17.07.2019 थाना निहाल विहार, दिल्ली में दर्ज है। जिसका शारीरिक विवरण इस प्रकार है :–

**उम्रः** 20 साल, **कदः** 5', **रंगः** गेहुंआ, **चेहराः** गोल, **कपड़ेः** नारंगी रंग की फ्रोक–लेगी और पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें। ई–मेल आईडी – cic@cbi.gov.in वेबसाइट: http://cbi.nic.in

फोन: 011-24368638, 24368641
फैक्स नं.: 011-24368639

थानाध्यक्ष
थाना निहाल विहार, दिल्ली
बाहरी जिला, दिल्ली
दूरभाष सं. 011- 25946700, 25946710

DP/2676/OD/19

# उधार लिए पैसे नहीं लौटाए, पीड़ित ने मांगी इच्छा मृत्यु की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

दोस्ती में धोखा खाए गांव बीरण निवासी सुरेश इतना परेशान हुआ कि वह अब इच्छा मृत्यु चाहता है। सुरेश अपने दोस्त को तीन लाख रुपए उधार दिए थे। उस समय दोस्त पर विश्वास के चलते लिखित में कोई सबूत नहीं लिया। दोस्त ने यह कहते हुए पैसे उधार लिए थे कि वह अगले दो-तीन माह में दे देगा।

■ तीन लाख में से एक लाख 40 हजार लौटाए, शेष देने से किया मना

मामला 10 फरवरी 2013 की है। उसका दोस्त उसकी दुकान पर आया और बताया कि उसको डेढ लाख रुपए दे दे। उससे जमीन खरीदनी है। जमीन सस्ती मिल रही है। दो-तीन माह बाद पैसे वापस दे देगा। तीन माह बाद पैसे वापस मांगे तो दोस्त ने जवाब दिया कि उस जमीन की रजिस्ट्री करवानी है। डेढ लाख रुपए ओर दे दो,नहीं तो पिछले पैसे डूब जाएंगे। छह माह बाद पैसे मांगे तो दोस्त ने बताया कि जमीन अभी बिकी नहीं है। जमीन के रेट कम चल रहे है। जमीन बिकते ही पैसे वापस कर दूंगा। बार-बार कहने पर दोस्त ने 26 जून 2015 से 5 अप्रैल 2017 के बीच एक लाख 40 हजार रुपए वापस दे दिए। बाकी बचे एक लाख 60 हजार रुपए देने से इंकार कर दिया। इसके बाद कहा कि तुम्हारे पास क्या सबूत है कि मैने तुमसे पैसे उधार लिए। बाकी पैसे वापस करने के लिए वह दोस्त से कई बार मिन्नतें कर चुका,लेकिन वह पैसे नहीं लौटा रहा। पुलिस से भी शिकायत की गई, गांव के प्रबुध लोगों के संज्ञान में भी यह मामला लाया गया, लेकिन आज तक समाधान नहीं निकल पाया। पीड़ित सुरेश का कहना है कि अब वह थक चुका है। टूट चुका है। मैं समाज व पुलिस से न्याय की गुहार लगाता हूं। मेरे साथ न्याय किया जाए।

# लुधियाना में अवैध दुकानों पर चला 'पीला पंजा'

■ मंदिर की दीवार गिरने पर लोगों ने किया हंगामा

■ भारी पुलिसबल के बीच की गई जिला प्रशासन कार्रवाई

**लुधियाना।** जमालपुर में ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (ग्लाडा) की जमीन पर बनी दुकानों पर मंगलवार को एक बार फिर से कार्रवाई की गई। ग्लाडा अफसरों ने सुबह आठ बजे ही जमालपुर चौक में सड़क बंद कर ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया और करीब नौ बजे कार्रवाई शुरू कर दी। इस दौरान ग्लाडा अफसरों ने भारी पुलिस बल के साथ दुकानें तोड़नी शुरू की। कार्रवाई के दौरान वहां बने एक मंदिर की दीवार टूट गई। जिसके बाद शिवसेना के सदस्य मौके पर पहुंच गए और उन्होंने ग्लाडा अफसरों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। शिव सैनिकों का आरोप है कि ग्लाडा की कार्रवाई के दौरान एक मूर्ति खंडित हो गई। शिव सैनिकों व हिंदू संगठनों ने पहले वहां कीर्तन कर कार्रवाई का विरोध किया और फिर बाद में वह चंडीगढ़ रोड पर बैठ गए। कर्रवाई के चलते चंडीगढ़ रोड पर पहली ही एक तरफ का ट्रैफिक चल रहा था और विरोध में शिव सैनिकों ने उसे भी बंद कर दिया। बहरहाल पुलिस के आला अफसर मौके पर पहुंचे और वह शिव सैनिकों से बातचीत कर रहे हैं। वहीं शिव सैनिक ग्लाडा अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



# बठिडा मिनिसट्रियल स्टाफ ने गेट रैली कर जताया रोष

**बठिडा (पंजाब)।** 6वें पे कमीशन की रिपोर्ट लागू कराने सहित अन्य मांगों को लेकर पंजाब स्टेट मिनिसट्रियल यूनियन ने मुलाजिमों की मांगों को पूरा न करने के रोष में मंगलवार को प्रबंधकीय कांप्लेक्स के समक्ष गेट रैली की। यूनियन नेताओं ने पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सरकार को चेतावनी दी कि यदि मुलाजिमों की मांगों को जल्द पूरा न किया तो संघर्ष तेज किया जाएगा। यूनियन के जिला प्रधान केवल बांसल ने कहा कि पंजाब सरकार मुलाजिमों की जायज मांगों को मानने से इंकार कर रही है। कई बार यूनियन ने मुलाजिमों की मांगों को पूरा करने के लिए विभाग के उच्चाधिकारियों के माध्यम से पंजाब सरकार को ज्ञापन भेजे, लेकिन अभी तक मांगों पर गौर नहीं किया गया। इस कारण मुलाजिमों में भारी रोष पाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांगों को पूरा न किया तो वह आने वाले समय में संघर्ष की तैयारी करेंगे। दूसरी तरफ पंजाब प्रधान मेघ सिंह सिद्धू ने बताया कि वह अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन हर बार सरकार उनको मांगों को पूरा करने का भरोसा देती है। मगर अभी तक किसी भी मांग को पूरा नहीं किया गया, जिस कारण उनको संघर्ष करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### अमृतसर में मां और बेटी की हत्या

**अमृतसर।** यहां प्रीतनगर इलाके में मां-बेटी की शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। मृत महिला सैनिक की पत्नी थी। बताया जा रहा है कि मां-बेटी की हत्या उनकी मकान मालकिन ने की है। हालांकि पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है। हत्या के वास्तविक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। आशंका जताई जा रही है कि हत्या अवैध संबंधों को लेकर की गई है। बताया जा रहा है कि महिला अपनी 6 साल की बेटी के साथ प्रीत नगर इलाके में किराये के मकान पर रहती थी। मकान मालकिन कमलेश ने उसकी व उसकी बेटी की तेजधार हथियार से हत्या कर दी और उसके बाद शव घर से कुछ ही दूरी पर एक खाली प्लाट में फेंक दिया। वहीं, बच्चे की शव गड्ढा खोदकर उसमें डाल दिया। महिला के पति देवानंद को इस संबंध में सूचित कर दिया गया है।

# पंजाब में आवारा पशुओं की समस्या काबू करने के लिए होगा उप समिति का गठन

**चंडीगढ़।** पंजाब में आवारा पशुओं की बढ़ती समस्या के हल के लिए मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने पाँच सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी बनाने का फ़ैसला किया है। उन्होंने प्रत्येक डिप्टी कमिश्नर को समस्या के हल के लिए अतिरिक्त गौशालाएं खोलने के लिए 10-10 लाख रुपए देने का ऐलान भी किया। मुख्यमंत्री ने कैबिनेट सब-कमेटी का प्रमुख, पशु पालन मंत्री तृप्त रजिन्दर सिंह बाजवा को बनाया है। अन्य सदस्यों में लोक निर्माण मंत्री विजय इंद्र सिंगला, स्थानीय निकाय मंत्री ब्रह्म मोहिन्द्रा, स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू और उद्योग मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा हैं। कमेटी को आवारा पशुओं के कारण हो रहे हादसों में मूल्यवान मानवीय जानें जाने के मद्देनजर इस समस्या को हल करने के लिए सुझाव देने को कहा गया है।

**FCS SOFTWARE SOLUTIONS LIMITED**

(CIN No. L72100DL1993PLC179154)

**Registered Office:** 205, 2nd Floor, Agrawal Chamber IV, 27, Veer Sawarker Block, Vikas Marg, Shakerpur, Delhi- 110092.

**NOTICE**

Pursuant to Regulation 29 and 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, it is hereby notified that the meeting of Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Friday, 20th day of September, 2019 at the Corporate Office of the Company at FCS House, Plot No. 83, NSEZ, Noida Dadri Road, Phase II, Gautam Buddha Nagar, NOIDA- 201305 (U.P), inter alia to consider the below agenda items:

1. Re-appointment of Mr. Shayam Sunder Sharma, Non-Executive Independent Director for second term of 5 years w.e.f. 24th September, 2019 subject to approval of Shareholders in ensuing Annual General Meeting of the company.
2. Re-appointment of Ms. Shweta Shatsri, Non-Executive Independent Director for second term of 5 years w.e.f. 24th September, 2019 subject to approval of Shareholders in ensuing Annual General Meeting of the company.

By order of the Board
For FCS Software Solutions Limited
Sd/-
(Harsha Sharma)
Company Secretary

Place : Noida
Date : 16th September, 2019

**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**

बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134154, (www.hssc.gov.in)

**घोषणा**

**विज्ञा. सं. 12/2015, श्रेणी सं. 05 के तहत विभिन्न बोर्डों/निगमों/विभागों हेतु जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर (हिन्दी) के पद हेतु अन्तिम परिणाम**

विभिन्न बोर्डों/निगमों और विभागों हेतु विज्ञा. सं. 12/2015, श्रेणी सं. 05 के तहत जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर (हिन्दी) के पद हेतु लिखित परीक्षा (ऑनलाईन कम्प्यूटर आधारित), शॉर्टहैंड एवं ट्रांसक्रिप्शन और दस्तावेजों की संवीक्षा तथा साक्षात्कार / मौखिक परीक्षा के आधार पर आयोग ने परिणाम को अन्तिम रूप दे दिया है और घोषित कर दिया है। परिणाम अनुक्रमांकवार और श्रेणी-वार दर्शाया गया है और प्रत्येक श्रेणी में अन्तिम चयनित उम्मीदवार द्वारा प्राप्त किये गये अंक कोष्ठक में दर्शाये गये हैं।

**श्रेणी सं. 05, जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर (हिन्दी) कुल 14 पद**

सामान्य (09 पद - 01 ओएच सामान्य = 08 पद)
1215500805 1215501031 1215501307 1215501510 1215502011
1215502106 1215502360 1215502698
(131)

सामान्य प्रतीक्षारत
1215500233 1215500246 1215500703 1215500871 1215502078
1215502113 1215502883 1215502995 1215503970 1215504442
(128)

एससी (02 पद)
1215501088 1215502923
(117)

एससी प्रतीक्षारत
1215500234 1215500397 1215501409 1215501546
(115)

ईएसएम सामान्य (01 पद)
1215502412
(128)

ईएसएम सामान्य प्रतीक्षारत
1215501979 1215503333
(108)

ईएसएम एससी (01 पद)
1215501788
(103)

ओएच (01 पद)
1215504273
(111)

ओएच प्रतीक्षारत
1215504333
(82)

टिप्पणी :- ओएसपी बीसीए (01 पद) उपयुक्त उम्मीदवारों की अनुपलब्धता के कारण रिक्त रह गया।

**चयन हेतु अपनाया गया मानदंड**

1) लिखित परीक्षा ........ 200 अंक
2) साक्षात्कार मौखिक परीक्षा ........ 25 अंक
कुल : 225 अंक

टिप्पणी :- 1. यद्यपि परिणाम तैयार करने और अपलोड करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है, अनजाने में / तकनीकी त्रुटियों की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। आयोग इसे बाद में सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
2. परिणाम एचएसएससी की वेबसाइट अर्थात् www.hssc.gov.in पर भी उपलब्ध है।

हस्ता/- सचिव
हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
दिनांक : 17.09.2019

संवाद विज्ञा. सं. 1159/13/182/1920/78811 दि. 17.09.19

# औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बर्तन फैक्ट्री में पहुंचकर की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के औद्योगिक नगर स्थित एल्युमिनियम के बर्तन व अन्य सामान बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने से झुलसे 13 कर्मचारियों के मामले में मंगलवार को औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थय विभाग की टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच की। टीम ने फैक्ट्री में घटनास्थल का निरीक्षण किया और फैक्टरी संचालक और कर्मचारियों से बंद कमरे में बातचीत की। उधर, आग में झुलसे कर्मचारियों की दूसरे दिन भी हालत गंभीर बनी हुई है।

■ झुलसे कर्मियों की दूसरे दिन भी हालत बनी रही चिंताजनक



**यमुनानगर।** फैक्ट्री में बंद कमरे में कर्मचारियों से पूछताछ करते टीम के सदस्य।

मंगलवार को औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के उप निदेशक सुरेंद्र सिंह व कैमिकल्स डिपार्टमेंट के एडी नवीन सैनी के नेतृत्व में विभाग की टीम औद्योगिक क्षेत्र स्थित विमल एल्युमीनियम फैक्ट्री में पहुंची। इस दौरान टीम ने बारीकी से घटना स्थल का निरीक्षण कर जांच की। मौके पर टीम ने फैक्ट्री संचालकों व कर्मचारियों से बातचीत कर मामले की जानकारी ली। औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहायक निदेशक सुमित साहनी ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। मामले में पूरी जांच होने के बाद जो भी खामी सामने आएगी।

**विस्तृत ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित मदों हेतु एकल स्तर में दो लिफाफा प्रणाली अर्थात् पूर्व योग्यता तकनीकी बोली हेतु आग्रह (पीक्यूक्यू/तकनीकी लिफाफे के तहत ऑनलाइन बोली) और वित्तीय बोली हेतु आग्रह (ऑनलाइन उपलब्ध वाणिज्यिक लिफाफे के तहत मूल्य बोली प्रस्ताव निहित) के तहत **ई-निविदा** आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | कार्य मदों का वर्णन | परियोजना की अनुमानित लागत | बोलीदाता द्वारा जमा करवाई जाने वाली ईएमडी | निविदा दस्तावेज शुल्क और प्रौसेसिंग सर्विस शुल्क (रु.) | बोली तैयारी और जमा की प्रारम्भ तिथि व समय | बोली जमा की अन्तिम तिथि व समय | निविदा खोली जाएंगी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विधानसभा चुनाव 2019 के दौरान वीडियोग्राफी हेतु वीडियो तथा डिजिटल कैमरों का प्रबंधन। | 1200000/- | रु. 24000 | 5000/- (सभी बोलीदाताओं के लिये) रु. 1180/- (सभी युनिट्स हेतु ई-सेवा) | 16.09.2019 अप. 17:01 बजे | 24.09.2018 अप. 17:00 बजे | 25.09.2019 पूर्वा. 09:00 बजे |
| 2. | विधानसभा चुनाव 2019 हेतु टैंटेज मदों की आपूर्ति। | 4000000/- | रु. 80000 | 5000/- (सभी बोलीदाताओं के लिये) रु. 1180/- (सभी युनिट्स हेतु ई-सेवा) | 16.09.2019 अप. 17:01 बजे | 24.09.2018 अप. 17:00 बजे | 25.09.2019 पूर्वा. 09:00 बजे |
| 3. | विधानसभा चुनाव 2019 हेतु स्टेशनरी मदों की आपूर्ति। | 500000/- | रु. 10000 | 5000/- (सभी बोलीदाताओं के लिये) रु. 1180/- (सभी युनिट्स हेतु ई-सेवा) | 16.09.2019 अप. 17:01 बजे | 24.09.2018 अप. 17:00 बजे | 25.09.2019 पूर्वा. 09:00 बजे |
| 4. | सीसीटीवी | 500000/- | रु. 10000 | 5000/- (सभी बोलीदाताओं के लिये) रु. 1180/- (सभी युनिट्स हेतु ई-सेवा) | 16.09.2019 अप. 17:01 बजे | 24.09.2018 अप. 17:00 बजे | 25.09.2019 पूर्वा. 09:00 बजे |
| 5. | प्रिंटिंग | 500000/- | रु. 10000 | 5000/- (सभी बोलीदाताओं के लिये) रु. 1180/- (सभी युनिट्स हेतु ई-सेवा) | 16.09.2019 अप. 17:01 बजे | 24.09.2018 अप. 17:00 बजे | 25.09.2019 पूर्वा. 09:00 बजे |

इस प्रक्रिया के तहत पूर्व योग्यता / तकनीकी ऑनलाइन बोली आवेदन के साथ-साथ ऑनलाइन मूल्य बोली एकल स्तर दो लिफाफों के तहत अर्थात् पीक्यूक्यू/तकनीकी एवं वाणिज्यिक लिफाफा आमंत्रित की जाएगी। आवेदक की पात्रता और योग्यता की जांच, पहले प्रथम लिफाफे (पीक्यक्यू अथवा तकनीकी) के तहत ऑनलाइन जमा करवाये गये विवरण के आधार पर, इस निविदा दस्तावेज में निर्धारित पात्रता और योग्यता मानदंडों के साथ, की जाएगी। जिन आवेदकों के पीक्यूक्यू / तकनीकी आवेदन निविदा दस्तावेज के अनुसार पात्रता और योग्यताओं के अनुसार होंगे केवल उन्हीं की दूसरे लिफाफे के तहत मूल्य बोली खोली जाएगी।

पीआरडीएच-1042/11/199/1920/78802 दि. 17.09.19 — जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, पलवल

## खबर संक्षेप

### आजम की पत्नी तजीन पर एक और मुकदमे की तैयारी

**रामपुर।** हमसफर रिसॉर्ट में बिजली चोरी के आरोपों में फंसी सांसद आजम खां की पत्नी एवं राज्य सभा सदस्य तजीन फात्मा पर एक और मुकदमे की तैयारी है। इस बार जिला सहकारी विकास संघ की जमीन, इस पर बने भवन को नियम विरुद्ध अपने नाम आवंटित कराए जाने पर उन पर एफआईआर होगी। प्रकरण में जांच पूरी हो चुकी है। रामपुर में हाईवे किनारे पायल होटल के सामने डीसीडीएफ की कुछ जमीन है। जमीन पर भवन बना है। इसमें पहले क्वालिटी बार संचालित होता था। सपा सरकार में भवन को पुलिस की मदद से अचानक खाली कराया गया। कहा था कि बिल्डिंग में डीसीडीएफ का कार्यालय खुलेगा। कुछ दिनों तक वहां डीसीडीएफ के कार्यालय का बोर्ड भी लगा रहा था, कार्यालय कभी नहीं खुला। कुछ दिनों पहले डीसीडीएफ के पूर्व चेयरमैन मोहम्मद एहसान ने डीएम से मामले में शिकायत की।

### गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत, पांच घायल

**एटा।** जैथरा थानाक्षेत्र के मोहल्ला सहादत नगर में एक ही खानदान के लोगों में शराब पीकर गाली देने को लेकर हुए विवाद में मारपीट और गोलीबारी हो गयी। गोलीबारी में एक युवक की मौत हो गयी जबकि पांच अन्य घायल हो गये। अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने मंगलवार को बताया कि जैथरा थानाक्षेत्र में सोमवार रात नौ बजे सुभाष शराब पीकर महाराज सिंह के दरबाजे पर गाली गलौज कर रहा था।

## मुजफ्फरपुर पीड़िता से गैंगरेप करने वालों में दो सगे भाई भी शामिल

# चार आरोपी दबोचे, एक अन्य की तलाश तेज

एजेंसी ⏭ बेतिया/पटना

- आरोपी आकाश व साजन हैं सगे भाई, पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया जुर्म
- एफएसएल टीम ने जांच नमूने एकत्रित किए व अपराध अनुसंधान विभाग की टीम भी जांच के लिए भेजी

बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में नगर थानाक्षेत्र में इंदिरा चौक के समीप मुजफ्फरपुर बालिकागृह की पूर्व संवासिनी के साथ चलते वाहन में कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) जितेंद्र कुमार ने मंगलवार को बिहार पुलिस मुख्यालय में पत्रकारों को बताया कि उक्त मामले के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की स्वीकारोक्ति के आधार एक अन्य गैर नामजद आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपराध किए जाने की बात स्वीकार की है।

जितेंद्र ने बताया कि एफएसएल टीम ने जांच नमूने एकत्रित किए हैं व अपराध अनुसंधान विभाग की टीम को भी जांच के लिए भेजा गया है। आरोपी, पीड़िता की पहले से जान पहचान थी व उनके बीच बातचीत भी होती रही है।



### मेडिकल जांच रिपोर्ट में कोई बाहरी, अंदुरूनी जख्म नहीं

पश्चिम चंपारण जिले के पुलिस अधीक्षक जयंतकांत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम आकाश कुमार, साजन कुमार, कुंदन कुमार व अंशु कुमार हैं। इनमें से आकाश व साजन सगे भाई हैं, बाकी अन्य दो आरोपी पीड़िता के जानने वाले हैं। पीड़िता को गत शनिवार देर शाम गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था व मेडिकल जांच रविवार को डॉक्टरों की टीम द्वारा की गई। मेडिकल जांच रिपोर्ट में कोई बाहरी, अंदुरूनी जख्म की पुष्टि नहीं हुई है। पश्चिम चंपारण जिला मुख्यालय बेतिया की निवासी उक्त युवती की शिकायत पर उसे महिला थाने के संरक्षण में इलाज के लिए शनिवार देर शाम गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था व रविवार को मेडिकल जांच डॉक्टरों की टीम द्वारा की गई।

### पीड़िता का आरोप

पीड़िता ने आरोप लगाया था कि शुक्रवार रात जब वह अपने मोहल्ले से गुजर रही थी तभी चार पहिया वाहन में सवार चार युवकों ने उसे अपनी गाड़ी में खींचकर जबरन बैठा लिया, चलती गाड़ी में उसके साथ दुष्कर्म किया।

### परिवार के साथ रह रही थी लड़की

जितेंद्र ने बताया कि पीड़िता मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर मिली थी व उसे एक साल पहले मई महीने में मुजफ्फरपुर बालिकागृह में रखा गया था और वहां से सात दिन बाद पटना जिले के मोकामा स्थित बालिकागृह हस्तांतरित कर दिया गया था। उसके परिवार के अनुरोध पर उसे जुलाई 2018 में वहां से छोड़ा गया और तबसे वह अपने परिवार के साथ रह रही है।

### पिछले वर्ष सामने आया था मुजफ्फरपुर कांड

गत साल मुजफ्फरपुर स्थित बालिकागृह में 34 लड़कियों के यौन शोषण का मामला प्रकाश में आने पर गत वर्ष 26 जुलाई को राज्य सरकार ने मामले को सीबीआई जांच के लिए सौंप दिया था।

# कॉपी-किताबें व ड्रेस न मिलने पर छात्रों का हंगामा, सड़क पर उतरे

एजेंसी ⏭ हरदोई (यूपी)



समाज कल्याण के आश्रम पद्धति विद्यालय चठिया धनवार में अव्यवस्थाओं को लेकर छात्रों ने किया हंगामा। जिला मुख्यालय के लिए पैदल मार्च करते हुए निकले। वहीं रास्ते में पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे। वहीं जब जबरन उन्हें थाने ले जाया गया तो उन्होंने वहां तोड़फोड़ की। सभी छात्र जिलाधिकारी को मिलकर शैक्षणिक सामग्री न मिलने का ज्ञापन देना चाहते हैं।

आश्रम पद्धति विद्यालय में अभी तक बच्चों के लिए संसाधनों का इंतजाम नहीं हो सका है। जिसकी वजह से बच्चों में खासा आक्रोश व्याप्त है। इससे पहले जिले में कछौना विद्यालय के बच्चे भी हंगामा कर चुके थे। मंगलवार की सुबह चठिया धनवार विद्यालय आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले सभी 250 बच्चे जिला मुख्यालय के लिए रवाना हो गए। उनका कहना था कि जिलाधिकारी को ज्ञापन देंगे। रास्ते में

- कछौना विद्यालय के बच्चे भी कर चुके हैं हंगामा
- ग्रांट न होने की बात कह रहा विभाग
- पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो सड़क पर बैठे बच्चे

मझिला पुलिस ने रोका पर वे नहीं रुके। रास्ते में कई थानों की फोर्स लगा दी गई। हरदोई शाहाबाद मार्ग पर पुलिस ने उन्हें रोका तो वह पुलिस से भिड़ गए। अधिकारियों ने उन्हें थाने पहुंचाया तो वहां भी हंगामा किया। पुलिस उन्हें समझा बुझा रही है। जिले में दो विद्यालय कछौना और चठिया में आश्रम पद्धति से संचालित हैं। इंटर तक चलने वाले विद्यालयों के बच्चों को अभी तक न ड्रेस मिली न और कोई सामान। विभाग ग्रांट न होने की बात कह रहा है जिसे लेकर छात्रों ने हंगामा किया। पुलिस ने रास्ते में छात्रों को रोकने की कोशिश भी की। वहीं पुलिस के रोके जाने पर कई छात्र सड़क पर ही बैठ गए।

## यूपी कांग्रेस को नवरात्रों में मिलेगा नया अध्यक्ष

एजेंसी ⏭ लखनऊ



कांग्रेस की महासचिव व यूपी की प्रभारी प्रियंका गांधी नवरात्रों में उत्तर प्रदेश कांग्रेस की पूरी टीम गठित कर देंगी। प्रदेश कांग्रेस के नए अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिलाध्यक्ष सब की घोषणा कर दी जाएगी।

सूत्रों के मुताबिक़ 13 सितंबर को यूपी कांग्रेस की पूरी टीम की घोषणा होनी थी पर पितृ पक्ष के चलते प्रियंका गांधी ने यह घोषणा रोक दी। उन्होंने कहा कि पितृ पक्ष के बाद जैसे ही नवरात्र शुरू होंगे तो यूपी कांग्रेस की पूरी टीम की घोषणा कर दी जाएगी। इससे पहले भी जब जनार्दन द्विवेदी संगठन महासचिव थे तब भी वह हमेशा कहते थे कि कांग्रेस पार्टी कोई भी नियुक्ति पितृ पक्ष के समय नहीं करती। आपको बता दें कि यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष राज बब्बर ने लोकसभा चुनावों में हार की ज़िम्मेदारी लेते हुए अध्यक्ष पद से इस्तीफ़ा दे दिया था व प्रियंका गांधी ने यूपी कांग्रेस कमेटी, जिलाध्यक्षों की कमेटी को भंग कर दिया था। इसके अलावा प्रियंका गांधी ने सभी सचिवों को कहा था कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी में 45 साल तक के लोगों को भी शामिल किया जाए। यूपी के बाक़ी सीनियर नेताओं ने प्रियंका गांधी को एक बार फिर इस फ़ैसले पर विचार करने को कहा था पर अब जो प्रदेश कांग्रेस कमेटी बनेगी उसमें 50-55 साल की आयु तक के लोगों को शामिल किया जाएगा। 12 सितंबर को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सभी महासचिव, प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेताओं की बैठक बुलाई थी पर यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष राज बब्बर उस बैठक में शामिल नहीं हुए थे। सूत्र बता रहे हैं कि उनका इस्तीफ़ा मंजूर कर लिया गया है।

## 'ट्विटर, फेसबुक से बाहर आए प्रियंका'

एजेंसी ⏭ अमेठी (उप्र)



भाजपा नेता संजय सिंह ने कांग्रेस, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि उन्हें ट्विटर और फेसबुक से बाहर आना चाहिए। सिंह ने प्रियंका गांधी द्वारा ट्वीट कर देश में गलत नीतियों के कारण मंदी एवं बढ़ती बेरोजगारी का मामला उठाने के सवाल पर कहा कि कांग्रेस को मैदान में आना चाहिए, उसे सड़कों पर आना चाहिए। सड़कों व गांवों में आने के बाद ही वास्तविकता का पता चलता है। कांग्रेस ट्विटर एवं फेसबुक में अटकी हुई है। पीएम नरेंद्र मोदी के 69वें जन्मदिन के मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सिंह ने पत्नी अमिता सिंह के साथ कालिकन भवानी धाम में पूजा अर्चना कर मोदी की दीर्घ आयु की कामना की व झाड़ू लगाकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। वह आज का दिन स्वच्छता अभियान के रूप में मना रहे हैं।

## खून से खत लिखकर दी पीएम को जन्मदिन की बधाई

**महोबा।** पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग पर पिछले 447 दिन से लगातार अनशन पर बैठे बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने मंगलवार को अपने साथियों के साथ पीएम नरेन्द्र मोदी के 69वें जन्मदिन पर खून से खत लिख कर बधाई दी एवं अलग राज्य की मांग की। तारा ने बताया कि हम पीएम को बताना चाहते हैं कि बुंदेलखंड की जनता आपको कितना चाहती है। अगर आप यहां के लोगों के दिलों में न बसते होते तो बुंदेलखंड से बार-बार सभी सीटें भाजपा को न मिलतीं। हम लोगों ने प्रत्याशी नहीं देखे सिर्फ आपको देखा है। अब आपकी बारी है कि आप भी बुंदेलों की भावनाओं का सम्मान करें और जितनी जल्दी हो, बुंदेलखंड राज्य की घोषणा कर दें। बुंदेलखंड को बार-बार छला गया है।

## कल दास करेंगे जन आशीर्वाद यात्रा शुरू

**रांची।** कल से संताल परगना में प्रवास करेंगे मुख्यमंत्री रघुवर दास रांची। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सीएम रघुवर दास राज्य के पांचों प्रमंडलों में भाजपा की ओर से आयोजित जन आशीर्वाद यात्रा में हिस्सा लेंगे। इसको लेकर सीएम का कार्यक्रम तय किया जा रहा है। पहले चरण में सीएम संताल परगना से चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे। सात दिनों तक चलनेवाली जन आशीर्वाद यात्रा की शुरुआत 18 सितंबर को सीएम रघुवर दास जामताड़ा के बेना काली मंदिर मैदान से करेंगे। इस दौरान वे 581 किमी की यात्रा पूरी करेंगे।

## पीड़िता के बयान दर्ज होने के बाद से डॉक्टरों की निगरानी में चिन्मयानंद

एजेंसी ⏭ शाहजहांपुर (उप्र)



रेप के आरोप में घिरे पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद मंगलवार को चिकित्सकीय निगरानी में रहे। सोमवार को कथित रेप पीड़िता द्वारा बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज कराने के बाद चिन्मयानंद ने बेचैनी की शिकायत की थी। निजी नर्सिंग होम के चिकित्सक डॉक्टर गौरव मिश्रा ने 72 वर्षीय स्वामी के स्वास्थ्य की जांच करने के बाद बताया कि वह मंगलवार की दोपहर तीन डॉक्टरों की टीम के साथ स्वामी को देखने गए थे। स्वामी ने कमजोरी, हाथ पैरों में कम्पन होने व शुगर लेवल घटने-बढ़ने की शिकायत की थी। यद्यपि चिन्मयानंद को किसी अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया। एसआईटी मामले में जांच जारी रखे हुए है पर भाजपा नेता पर अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

## राशिफल 18 सितंबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : कार्यक्षेत्र पर आपकी जान-पहचान काफी काम आएगी। परिवार के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। आखिरी वक्त पर कोई यात्रा कैंसिल हो सकती है। **शुभ अंक**: 8, **रंग** : पैरेट ग्रीन।

**वृषः** कार्यक्षेत्र पर सभी आपके काम की तारीफ करेंगे। परिवार का कोई मामला आसानी से सुलझ जाएगा। किसी प्रॉपर्टी की खरीददारी कर सकते हैं। पढ़ाई में सफलता मिलेगी। **शुभ अंक**: 11, **रंग**: गुलाबी।

**मिथुन**: कार्यक्षेत्र पर किसी प्रोजेक्ट को लेकर उत्साह में कमी आएगी। किसी मेहमान के आने से परेशानी हो सकती है। किसी प्रॉपर्टी को किराए पर देना फायदेमंद रहेगा। **शुभ अंक** : 1, **रंग**: सफेद।

**कर्क**: कार्यक्षेत्र पर चीजें आपके पक्ष में रहेगी। परिवार को समय देना थोड़ा मुश्किल भरा होगा। आज के दिन यात्रा पर जाना टाल दें। प्रॉपर्टी को लेकर दिन अच्छा नहीं है। **शुभ अंक**: 2, **रंग**: पीच।

**सिंह**: कार्यक्षेत्र पर कुछ परेशानियां हो सकती हैं। घर के लिए कोई खरीददारी कर सकते हैं। प्रॉपर्टी खरीदने और बेचने से पहले सतर्क रहें। पढ़ाई में सफलता के योग हैं। **शुभ अंक**: 7, **रंग**: सिल्वर ग्रे।

**कन्या**: कार्यक्षेत्र पर ईगो को बीच में ना आने दें। जीवनसाथी घर में किए जाने वाले बदलावों से सहमत होगा। दोस्तों से मिलकर अच्छा महसूस करेंगे। पढ़ाई में ज़्यादा मेहनत करें। **शुभ अंक**: 17, **रंग**: फोरेस्ट ग्रीन।

**तुला**: कार्यक्षेत्र में काम में देरी के कारण तनाव महसूस कर सकते हैं। परिवार के किसी मामले को लेकर जिद्दी ना बनें। प्रॉपर्टी को लेकर कोई मामला कानूनी रुप ले सकता है। **शुभ अंक**: 18, **रंग** : मर्जेंटा।

**वृश्चिक**: कार्यक्षेत्र पर चीजों को समय पर पूरा करने की कोशिश करें। परिवार में खुशहाली का माहौल रहेगा। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को यात्रा करनी पड़ेगी। प्रॉपर्टी खरीदद सकते हैं। **शुभ अंक**: 3, **रंग** : क्रीमसन।

**धनु**: ककार्यक्षेत्र पर स्थिति आपके पक्ष में रहेगी। जीवनसाथी के साथ मनमुटाव हो सकता है। कोई प्रॉपर्टी अपने नाम कराने में कामियाब होंगे। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। **शुभ अंक** : 15, **रंग**: हरा।

**मकर**: कार्यक्षेत्र पर कोई सीनियर आपसे नाराज़ हो सकता है। परिवार में चला आ रहा तनाव कम होगा। प्रॉपर्टी खरीदने की सोच सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। **शुभ अंक** : 9, **रंग**: कॉफी।

**कुंभ** : व्यापार में लाभ के योग हैं। परिवार का कोई मामला जल्द से जल्द सुलझाने की कोशिश करें। आज के दिन प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई काम ना करें। पढ़ाई के लिए दिन अच्छा है। **शुभ अंक** : 4, **रंग**: पर्पल।

**मीन**: करियर को लेकर दूसरों की सलाह जरूर लें। परिवार में किसी समारोह का आयोजन कर सकते हैं। प्रॉपर्टी की डील करते समय सतर्क रहें। पढ़ाई के लिए दिन अच्छा है। **शुभ अंक** : 22, **रंग** : नीला।

### :टिप्स:

1. जिस करियर में आप मुकाम हासिल करना चाहते हैं उसका पूरा विवरण एक कागज पर लिखकर फ्रेम करवा लें और उसे अपने सामने लगा कर रखें। मंजिल मिलने में आसानी होगी।
2. घर में जब आप जरुरत से ज्यादा सामान या फर्नीचर भर लेते हैं तो वहां ऊर्जा का प्रवाह धीमा हो जाता है। कोशिश करें कि घर में कम से कम सामान रखा हो ताकि घर खुला .खुला सा और हल्का लगे।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

# नदियों ने लिया रौद्र रूप, बलिया में योगी ने बाढ़ग्रस्त इलाकों का लिया जायजा



- जालौन, बलिया व बांदा में अफरा-तफरी, सुरक्षित स्थानों पर ले जाए जा रहे हैं प्रभावित लोग

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी में फिर शुरू हुए मानसूनी बारिश के सिलसिले, जलभरण क्षेत्रों में व्यापक वर्षा से गंगा, यमुना व घाघरा समेत विभिन्न नदियां जबर्दस्त उफान पर हैं। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक यमुना नदी औरैया, कालपी (जालौन), हमीरपुर, चिल्लाघाट (बांदा) व नैनी (प्रयागराज) में खतरे के निशान को पार कर गई है। वहीं, गंगा नदी गाजीपुर और बलिया में कहर ढा रही है। इन दोनों ही स्थानों पर यह लाल चिह्न से ऊपर बह रही है। कचलाब्रिज (बदायूं), फाफामऊ (प्रयागराज), इलाहाबाद, मिर्जापुर व वाराणसी में इसका जलस्तर खतरे के निशान के नजदीक पहुंच गया है।घाघरा नदी एल्गिनब्रिज (बाराबंकी) व अयोध्या में खतरे के निशान को पार कर गई है, जबकि तुर्तीपार (बलिया) में यह इस चिह्न के नजदीक बह रही है। शारदा पलियाकलां (लखीमपुर खीरी) में वहीं, बेतवा नदी सहिजना (हमीरपुर) में लाल निशान के ऊपर बह रही है। जालौन, बलिया व बांदा समेत बाढ़ प्रभावित विभिन्न इलाकों में अफरा-तफरी का आलम है। सैलाब से प्रभावित गांवों के बड़ी संख्या में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा रहा है।

### सूबे के पूर्वी हिस्सों में हो सकती है वर्षा

मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में मानसून फिर सक्रिय हो गया है व पिछले 24 घंटे में राज्य के अनेक स्थानों पर बारिश हुई। इस दौरान कुण्डा (प्रतापगढ़) में सबसे ज्यादा 17 सेंटीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा जौनपुर में 15, अतर्रा (बांदा) में 11, बस्ती, डलमउ में नौ-नौ सेंटमीटर बारिश दर्ज की गई। अगले 48 घंटे में राज्य के पूर्वी भागों में ज्यादातर स्थानों पर बारिश होने की संभावना है। पश्चिमी हिस्सों में कुछ जगहों पर वर्षा हो सकती है।

## सीएम ने कटान पीड़ितों को दी सामग्री



**बलिया।** सीएम योगी आदित्यनाथ मंगलवार की शाम दयाछपरा पहुंचे, बाढ़ग्रस्त इलाकों का निरीक्षण किया। सीएम ने कटान पीड़ितों के बीच राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने दुबेछपरा रिंग बंधे के कटने के कारणों की भी जानकारी ली। सीएम ने बाढ़ राहत में कोई लापरवाही न हो इसकी सख्त हिदायत अधिकारियों को दिया। सीएम ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। इसके लिए समुचित व्यवस्था कर दी गई है। अधिकारियों को बाढ़ से प्रभावित लोगों पर हर पल निगरानी रखने के भी निर्देश दिए। इस दौरान राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, प्रभारी मंत्री अनिल राजभर, विधायक सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

### बिहार: कोसी में फिर आया उफान, प्रशासन अलर्ट

**सुपौल (बिहार)।** विगत दो दिनों से कोसी के नेपाल स्थित जलग्रहण क्षेत्र में लगातार भारी बारिश हो रही है। इससे हजारों लोग चिंतित हैं व बिहार के कोसी में फिर उफान आ चुका है। बताया जा रहा है कि दो महीने बाद नेपाल के बराह क्षेत्र में कोसी का डिस्चार्ज करीब ढाई लाख क्यूसेक पहुंच गया है जिससे बिरपुर बराज व कोसी नदी के जलस्तर में व्यापक वृद्धि की संभावना है। हालांकि विभाग अलर्ट है। कहीं कोई खतरे की संभावना नहीं है। जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता प्रकाश दास ने बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों में हुई भारी बारिश के कारण कोशी के जलस्तर में वृद्धि हुई है पर खतरे जैसी कोई स्थिति नही है। सभी पॉइंट सुरक्षित हैं। हमारी पैनी नजर सभी संवेदनशील बिंदुओं पर है। विभागीय सभी अधिकारी, कर्मी मुस्तैदी से स्थिति पर नजर रख रहे हैं। आपको बता दें कि नेपाल स्थित बराह क्षेत्र से मंगलवार सुबह आठ बजे 2 लाख 33 हजार 500 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, हालांकि बिरपुर बराज का डिस्चार्ज अभी 1 लाख 80 हजार क्यूसेक है पर बराह का डिस्चार्ज बढ़ने से बराज के डिस्चार्ज में व्यापक वृद्धि की संभावना है।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

धारा 82 Cr. P. C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया जाता है कि अभियुक्त **पूरन पुत्र बल्लू** निवासी म.नं. 202, सुल्तानपुर, दिल्ली और गांव–कल्याणपुर, थाना एवं डाकखाना अहमद गढ, जिला–अलीगढ, उ.प्र. ने **FIR No. 676/14 U/s 279/337/ 471 IPC थाना मोर्य एन्कलेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **पूरन पुत्र बल्लू** मिल नही रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **पूरन पुत्र बल्लू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 676/14 U/s 279/337/471 IPC** के उक्त अभियुक्त **पूरन पुत्र बल्लू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 21.11.2019 तक या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**एकता गॉबा**
**एडि. चीफ एमएम (नोर्थ–वेस्ट)**
**कोर्ट नं. 101, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/9365/NW/19-**
**Court matter**



### पहचान की अपील



एतद्‌द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी **आयु:** 35 वर्ष, **कद:** 5 फुट 4 इंच, **रंग:** गेंहुआ, जिसने रंगीन टी–शर्ट व आसमानी नीले रंग का पजामा पहना था, जो मदर डेयरी बूथ के सामने फुटपाथ पर, कूचा नटवा, कम्पनी बाग के पास, चांदनी चौक, कोतवाली, दिल्ली में मृत पाया गया। इस संदर्भ में **डीडी नं. 28–ए, दिनांक 08.09.2019 को थाना कोतवाली, दिल्ली में दर्ज है।**

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना कोतवाली, दिल्ली**
**फोन: 011-23977100, 23921740**

**DP/428/N/19**


### 17 जातियों को दलितों में शामिल करने पर हाईकोर्ट की रोक, विपक्ष हमलावर

# '72 घंटे में लागू कराएं ओबीसी आरक्षण'

लखनऊ

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 17 अति पिछड़ी जातियों को दलितों में शामिल करने के सरकार के फैसले पर रोक लगा दी है साथ ही सरकार से 3 हफ्ते में मुद्दे पर जवाब भी मांगा है। हाईकोर्ट ने सरकार के आदेश को खारिज किया उसके बाद इस पर सियासत शुरू हो गई है। ओमप्रकाश राजभर ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले तो सरकार ने दिखाने के लिए आरक्षण का आदेश निकाला, अब अपना आदमी खड़ा कर हाईकोर्ट में इसे निरस्त करा दिया। राजभर ने चुनौती देते हुए कहा है कि जिस तरीके से सामान्य वर्ग के आरक्षण को एक झटके में लागू किया गया उसी तरीके से राज्य सरकार इन जातियों को 72 घंटे में दलित कैटेगरी में शामिल कराए नहीं तो मानेंगे कि जुमलेबाज सरकार की एक चाल है।

- राजभर ने मामले को बताया जुमलेबाजी चाल



### निषाद पार्टी को लगा झटका

चुनाव के पहले एनडीए के साथ आई निषाद पार्टी को कोर्ट के फैसले से झटका लगा है। बिंद, राजभर, कश्यप जैसी जातियां बहुत पहले से दलित कैटेगरी की मांग कर रही थीं। पार्टी आंदोलन की अगुआ थी। पार्टी ने मुद्दे पर सरकार से कदम उठाने की मांग की है।

### मायावती ने कसा तंज

बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को ट्वीट किया कि यूपी में 17 ओबीसी जातियों को जबर्दस्ती एससी घोषित करने पर उच्च न्यायालय द्वारा रोक लगाने की खबर आज स्वाभाविक तौर पर बड़ी सुर्खियों में है।

खबर संक्षेप

## प्रख्यात कवि माणिक वर्मा का इंदौर में निधन



इंदौर। देश के प्रख्यात कवि माणिक वर्मा का मंगलवार सुबह निधन हो गया। सुबह जब परिवार के लोग उन्हें जगाने के लिए पहुंचे तब पता चला कि वे नहीं रहे। पिछले कुछ समय से वे इंदौर में ही परिवार के साथ रह रहे थे। तबीयत खराब होने के बाद भी कविताओं को लेकर वो लगातार सक्रिय बने रहे। माणिक वर्मा जी अपने व्यंगों के जरिए हमेशा मंचों की शान रहे। कुछ समय पहले ही उन्होंने राइटर्स क्लब के मंच पर कविता पाढ़ किया था। माणिक वर्मा का अंतिम संस्कार बुधवार को किया जाएगा।

## बैंक अधिकारी ही निकला चोर, कोर्ट ने जेल भेजा

बिलासपुर। अशोक नगर स्थित एक बैंक शाखा में रविवार की रात करीब छह लाख 77 हजार रुपए की चोरी के मामले में पुलिस ने बैंक के एक अधिकारी को गिरफ्तार किया है। उसने देर रात बैंक का ताला तोड़कर रकम चोरी की थी। पुलिस ने बताया कि अशोक नगर स्थित स्मॉल फायनेंस स्कीम शाखा के मैनेजर ने बैंक में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक किए और एरिया हेड के पद पर कार्यरत उपेश श्रीवास्तव से सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। वह मूल रूप से रतनपुर का रहने वाला है और बिलासपुर में एक लॉज में पिछले कुछ दिनों से रह रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## जंगल में दो चरवाहों पर भालू का हमला, घायल

अंबिकापुर । सेमरसोत अभ्यारण्य क्षेत्र के ग्राम कंडा से लगे जंगल मे मवेशी चराने गए दो ग्रामीणों पर भालू ने हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया। जिला पंचायत सदस्य धीरज सिंहदेव ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। वन कर्मियों ने बताया बलरामपुर जिले के सेमरसोत अभ्यारण्य क्षेत्र के ग्राम कंडा से लगे जंगल मे गांव के कुछ लोग शाम को मवेशियों को लेने गए थे उसी दौरान अंधेरे में झाड़ियों से निकले एक भालू ने जेठू व विजय पर हमला कर दिया। दोनों एक ही जगह मौजूद थे। शोर करने पर आसपास मौजूद ग्रामीणों की हलचल बढ़ते ही भालू वहां से भाग निकला।

## डीजे विवाद में युवक की हत्या, 6 गिरफ्तार

रायपुर। राजेन्द्र नगर में डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। डीजे पर गाना बजाने को लेकर विवाद में 14 सितंबर की रात सोहेल कुरैशी उर्फ छोटा मोनू की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना में शामिल आरोपितों में से दो सगे भाई हैं। मृतक काशीराम नगर मस्जिद के पास रहता था। वह 14 सितंबर की रात करीब 11 बजे घर से निकला था। रात करीब 12 बजे सोहेल के एक दोस्त ने उसके घर पर फोन कर बताया कि कुछ लड़कों ने उसे चाकू मार दिया। युवक को अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने राजेन्द्र नगर निवासी घनश्याम साहू, मुकेष यादव, रोषन छिदैया, गोविंद साहू, नरेश यादव उर्फ मोनू व संजय यादव को गिरफ्तार कर लिया ।

# एयरपोर्ट पर अनूठी सुविधा : 50 हजार तक देकर करा रहे वर-वधू की छानबीन

### इंदौर की ही एक वैवाहिक संबंध बनाने वाली कंपनी ने खोला है काउंटर, उड़ान के इंतजार के दौरान आते हैं लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल पर पिछले माह वैवाहिक कंपनी का काउंटर खुलने के बाद यात्री यहां पहुंच रहे हैं। यहां रिश्ते तो जुड़ ही रहे हैं, साथ ही रिश्तों से पहले की छानबीन के लिए भी लोग आ रहे हैं। होने वाले वर और वधू के बारे में पांच स्तरीय छानबीन के लिए लोग 35 से 50 हजार रुपए तक अदा कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार जून में इंदौर की एक वैवाहिक संबंध बनाने वाली कंपनी ने प्रबंधन से चर्चा कर यहां पर अपना काउंटर खोलने की अनुमति मांगी थी। प्रबंधन ने मुख्यालय से इसकी अनुमति मांगी, जो जुलाई के अंत में आ गई थी। अगस्त में कंपनी ने यहां सुविधा शुरू कर दी है। प्रबंधन ने दावा किया है कि उनके नए प्रयोग को लोग पंसद कर रहे हैं। रोजाना एक से डेढ़ दर्जन लोग यहां पहुंच रहे हैं जिसमें सबसे अधिक लोग कंपनी की सुविधा शादी से पहले की छानबीन के लिए आ रहे हैं।

### पांच स्तरीय जांच

जानकारी के अनुसार कंपनी ने यहां एक ही शहर में इस शादी से पहले की छानबीन के लिए इंदौर शहर में 35 हजार तो दूसरे शहर के लिए 50 हजार रुपए शुल्क रखा है। इसमें कंपनी होने वाले वर-वधू के आचरण, पढ़ाई, परिवार, अच्छी-बुरी आदतोंऔर संबंधों की स्थिति के बारे जानकारी दे रही है। इसमें करीब 15 दिन लगते हैं।



### एयरपोर्ट पर बार-बार आने वाले यात्री हैं टारगेट

बताया जाता है कि कंपनी ने विमानतल पर बार-बार आने वाले यात्रियों को ध्यान में रख कर यह रणनीति बनाई है। ये यात्री लगातार विमानतल पर आते हैं और सुरक्षा जांच और विमान में सवार होने के बीच करीब 45 मिनट से एक घंटे तक फ्री रहते हैं। इसमें से कुछ लोग कंपनी के काउंटर पर समय बिताते हैं।

### अनुमति दी गई थी यात्रियों का पसंद है

अच्छा प्रतिसाद कंपनी कुछ नया करने के लिए हमारे पास आई थी। इसकी अनुमति दी गई थी। अब यह हमारे यात्रियों को पंसद आ रहा है। यह अच्छी बात है।

**अर्यमा सान्याल**
विमानतल निदेशक

### सबसे ज्यादा राजस्थान पर मप्र पांचवा बड़ा देनदार

# देनदारी से लदी देश की बिजली कंपनियां, छग के 12 करोड़ बाकी

### देश की बिजली वितरण कंपनियों पर उत्पादकों की देनदारी 54705 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है, यह बकाया बीते ढ़ाई साल से लगातार बनी हुई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

देश की बिजली वितरण कंपनियों पर उत्पादकों की देनदारी 54705 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। यह बकाया बीते दो से ढ़ाई साल से लगातार बना हुआ है। सबसे ज्यादा बकाया 19857 करोड़ राजस्थान की वितरण कंपनी पर है।

इस सूची में तमिलनाडु दूसरे और उत्तर प्रदेश तीसरे नंबर पर है। इन सब के बीच छत्तीसगढ़ पर एक निजी उत्पादन कंपनी का सिर्फ 12 करोड़ रुपए का बकाया है। छत्तीसगढ़ से बेहतर स्थिति में देश के केवल दो ही राज्य हैं। इनमें चंडीगढ़ पर कोई बकाया नहीं है, जबकि बंगाल पर केवल नौ करोड़ रुपए की देनदारी है। अफसरों के अनुसार एक देश एक ग्रिड व्यवस्था लागू होने के बाद से पूरे देश में बिजली की भरपूर उपलब्धता है। कोई भी राज्य महज कुछ घंटों की नोटिस पर बिजली हासिल कर सकता है। एक देश एक ग्रिड का सिस्टम लागू करने के साथ इसके माध्यम से होने वाली बिजली की खरीद-बिक्री के लिए नियम भी तय किए हैं। बिजली खरीदने वाली कंपनियों को 60 दिन की अवधि (ग्रेस पीरियड) उपलब्ध कराती हैं। 54705 करोड़ की यह राशि 60 दिन के ग्रेड पीरियड के बाद की है।

**खास बातें**

- चंडीगढ पर कोई देनदारी नहीं है
- बंगाल को देने है सिर्फ 9 करोड़ रुपए
- एक देश एक ग्रिड व्यवस्था से बिजली हो गई है सुलभ



### प्रमुख राज्यों पर बकाया की स्थिति

| राज्य | राशि | कितने दिनों से बकाया |
|---|---|---|
| राजस्थान | 19857 | 820 |
| तमिलनाडु | 10084 | 791 |
| उत्तर प्रदेश | 5890 | 483 |
| तेलंगाना | 4445 | 798 |
| मध्यप्रदेश | 878 | 805 |
| बिहार | 229 | 820 |


### छत्तीसगढ़ में चालू वित्तीय वर्ष की बिलिंग

| माह | | बिलिंग |
|---|---|---|
| अप्रैल | 2019 | 231 करोड़ |
| मई | 2019 | 238 करोड़ |
| जून | 2019 | 228 करोड़ |
| जुलाई | 2019 | 257 करोड़ |
| ओवर ड्यू | माह | राशि |
| जुलाई | 2018 | 49.36 |
| अगस्त | 2018 | 8.56 |
| सितंबर | 2018 | 7.6 |
| अक्टूबर | 2018 | 07.03 |
| नवंबर | 2018 | 09.38 |
| दिसंबर | 2018 | 11.22 |
| जनवरी | 2019 | 10.32 |
| फरवरी | 2019 | 13.13 |
| मार्च | 2019 | 13.37 |
| अप्रैल | 2019 | 10.18 |
| मई | 2019 | 07.65 |
| जून | 2019 | 06.07 |
| जुलाई | 2019 | 12. 27 |

(नोट- आंकड़े करोड़ रुपए में)

### हर महीने दो से सवा दो सौ करोड़ की खरीद

छत्तीसगढ़ की सरकारी बिजली वितरण कंपनी चालू वित्तीय वर्ष के शुरूआत चार महीनों में हर माह दो सौ से सवा दो सौ करोड़ रुपये की बिजली की खरीद की है। कंपनी इसके एवज में हर महीने मोटी रकम अदा भी करती है। इसके बावजूद राज्य की वितरण कंपनी पर 443 करोड़ रुपये का बकाया है। इसमें से 12 करोड़ की राशि ही 60 दिन से अधिक समय से बकाया है।




### जून में छह करोड़ था बकाया

राज्य की बिजली वितरण कंपनी पर जून के अंत में कुल बकाया राशि में केवल छह करोड़ रुपये ही ऐसा था, जो 60 दिन से अधिक पुराना था। जुलाई के अंत में यह राशि बढ़कर 12 करोड़ रुपये हो गई है। बिजली अफसरों के अनुसार यह उतार-चढ़ाव लगा रहता है। इससे क्रेडिट पर कोई असर नहीं पड़ता।

अटेर में 40 मकानों में पानी भरा

# चंबल नदी में आया उफान, भिंड के कई गांवों में किया गया रेस्क्यू

### कई गांव डूब की जद में, चेतावनी के बाद भी लोग गांव से नहीं गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिंड

चंबल नदी में लगातार उफान आने के बाद अटेर में भी आज करीब 40 मकान डूब में आ गए। यहां घरों में पानी भर गया। लोगों को अंदाजा नहीं था कि पानी गांव में घुस आएगा। दरअसल 1996 के बाद से गांव में कभी बाढ़ नहीं आई।

यही कारण है पुलिस प्रशासन पिछले 3 दिन से एनाउंस करता रहा, लेकिन डूब क्षेत्र में आने वाले घरों में लोग बाहर नहीं निकले। यहां गांव में करीब 1 मंजिल तक मकान डूब में आए हैं। सेना की मदद से बाढ़ से घिरे लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।





### कुछ ग्रामीणों को निकाला कुछ अब भी गांव में

मध्यप्रदेश के कई क्षेत्रों में तेज बारिश से हालात खराब हो गए। चंबल नदी में उफान आने के बाद बड़े पैमाने पर गांवों में पानी जमा हो गया। खेतों में पानी भर गया तो कई लोगों के मकानों में पानी आ जाने से घर में रखा सामान खराब हो गया। बाढ़ प्रभावित गांवों में रेस्क्यू चलाकर लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया। इसके बाद भी बड़े पैमाने पर गांव में लोग मौजूद हैं।

## मंदसौर में बाढ़ के बाद राहत नहीं मिलने पर आक्रोशित लोगों किया चक्काजाम

मंदसौर। बाढ़ के बाद भी राहत नहीं मिलने पर मंगलवार को लोगों ने मंदसौर में दो जगह चक्काजाम कर दिया। अशोक नगर के लोगों ने मंदसौर-प्रतापगढ़ मार्ग चक्काजाम कर दिया। अशोकनगर बस्ती के लोगों ने प्रतापगढ़ पुलिया पर चक्काजाम कर दिया है। राहत कार्य के लिए कोई भी प्रशासनिक अधिकारी के नहीं पहुंचने से जन आक्रोश था। चक्काजाम से दोनों तरफ लगी वाहनों की लंबी कतार लग गई। इधर कालिदास मार्ग पर भी व्यापारियों ने आक्रोश जताते हुए चक्काजाम कर दिया।



## मंदसौर में शिवराज सिंह ने जलाए बाढ़ पीड़ितों के बिजली बिल



जिले में मंगलवार को भी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों में भ्रमण करते रहे। सुबह ग्राम अलावदा खेड़ी पहुंचे। यहां ग्रामीणों के संबोधन के दौरान मंच से ही बिजली के बिल जलाए। शिवराजसिंह चौहान ने बिजली बिल पकड़े और उन्हें आग सांसद सुधीर गुप्ता ने दिखाई। यहां भी चौहान ने कहा कि तुम्हारा मामा अभी जिंदा है। मुख्यमंत्री कमलनाथ 21 सितंबर तक राहत नहीं पहुचाएंगे तो 22 सितंबर को आंदोलन करेंगे।

अपोलो में चल रहा था इलाज

## अमित को अस्पताल से मिली छुट्टी, गौरेला उपजेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ नेता और पूर्व सीएम अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को मंगलवार को बालाजी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इसके बाद उन्हें गौरेला उप जेल शिफ्ट किया गया है। फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के आरोप में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजे गए अमित जोगी की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें गौरेला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। जहां से उन्हें अपोलो अस्पताल बिलासपुर रिफर किया गया। अपोलो में इलाज के दौरान अमित ने डॉक्टरों पर लापरवाही के आरोप लगाए थे। इसके बाद उन्हें रायपुर स्थित बालाजी अस्पताल में दाखिल कराया गया था।



### कोर्ट पर भरोसा जताया

अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद अमित ने कहा कि उन्होंने कोई गलत जानकारी नहीं दी है। चुनाव के वक्त फॉर्म में कहीं भी जन्म स्थान नहीं लिखना था। उन्हें न्यायिक व्यवस्था पर पूरा भरोसा हैं और अदालत में सच्चाई की ही जीत होगी। फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मामले में भाजपा नेत्री समीरा पैकरा ने अमित के खिलाफ शिकायत की थी, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने जेल भेजा गया था। जहां उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी।

## छग की सभी सीटों पर शिवसेना उतारेगी प्रत्याशी, निकाय चुनाव लड़ने का एलान

### प्रदेश के शिवसेना प्रमुख धनंजय ने पत्रकारों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

प्रदेश शिवसेना प्रमुख धनंजय सिंह ने कहा कि प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के दौरान हम सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारेंगे। निकाय चुनाव में पार्टी परचम फहराएगी। हम प्रदेश में तीसरी महत्वपूर्ण ताकत बनकर उभरेंगे।

शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह पत्रकारों से कहा कि निकाय चुनाव में पार्टी दमखम के साथ चुनाव लड़ेगी। प्रदेश में होने वाले निकाय चुनाव में कार्यकर्ताओं के दम पर हम परचम लहराएंगे। इसके लिए पूरी ताकत के साथ मेहनत भी करेंगे। तीसरी शक्ति के रूप में पार्टी को स्थापित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

शिवसेना

### प्रदेश की जनता परेशान

शिवसेना प्रदेश प्रमुख ने बताया कि हम चुनाव में जनहित के मुद्दे के साथ उतरेंगे। प्रदेश की जनता भाजपा और कांग्रेस दोनों से ही परेशान है। जनता तीसरी ताकत की तरफ देख रही है। ऐसे में शिवसेना से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि फिलहाल हमने प्रदेश के सभी निकाय सीटों पर प्रत्याशी उतारने का फैसला किया है।

### प्रत्याशी गंभीरता के साथ उतरेंगे मैदान में

शिवसेना प्रदेश प्रमुख परिहार सोमवार को एक दिवसीय प्रवास पर बिलासपुर पहुंचे। सीएमडी चौक स्थित उद्योग भवन में उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। परिहार ने कहा कि आने वाले नगरीय चुनाव में पार्टी प्रत्याशी गंभीरता के साथ मैदान में उतरेंगे। एक दौर वह था जब राज्य निर्माण के समय शिवसेना प्रमुख राजनीतिक ताकत थी। उसी ताकत को एक बार फिर स्थापित करेंगे। कार्यकर्ता एकजुट होकर निकाय चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को जिताने के लिए मेहनत करेंगे। धनजंय सिंह परिहार ने कहा शिवसेना इस बार प्रदेश के सभी निकाय सीटों से चुनाव लड़ेगी। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ मंत्रणा की।

छग का नान घोटाला ...

## ईओडब्ल्यू की गिरफ्तारी को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बहुचर्चित नागरिक आपूर्ति निगम (नान) घोटाले रोज नए मोड़ आ रहे हैं। मामले की जांच कर रहे आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने रविवार को चिंतामणी चंद्राकर को हिरासत में लिया था।

तत्कालीन उप लेखाधिकारी चंद्राकर को ब्यूरो ने सुबह छह बजे उनके दुर्ग स्थित आवास से उठाया। दिनभर की पूछताछ के बाद देर रात घर पहुंचा दिया। चंद्राकर ने अपनी इस गिरफ्तारी को हाई कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी कर ली है। इसके लिए उन्होंने रायपुर के सत्र न्यायाधीश को आवेदन देकर कोर्ट का सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने की प्रार्थना की है।



### आदेश की अवमानना

चंद्राकर ने दावा किया कि उनकी गिरफ्तारी हाई कोर्ट के आदेश की अवमानना है। सत्र न्यायाधीश को दिए आवेदन में चंद्राकर ने बताया कि ईओडब्ल्यू की टीम उन्हें गिरफ्तार करने के बाद रविवार शाम को कोर्ट लेकर आई थी। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की कोर्ट में पेश भी किया, लेकिन पांच बज चुका था, इस वजह से जज उठ गए। कोर्ट में लगे सीसीटीवी कैमरों में यह सब कुछ कैद हुआ है। उनकी यह गिरफ्तारी हाई कोर्ट में लंबित जनहित याचिका में परित आदेश के विरुद्ध थी।

तीन की हालत गंभीर...

## धान के खेत में महिलाओं पर गिरी बिजली, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

चक्रधरनगर थाना क्षेत्र ग्राम कोलाई बहाल जामगांव में दोपहर खेत में काम कर रही चार महिलाओं पर आकाशीय बिजली गिर गई । चारों को बेहोशी की हालत में रायगढ़ रेफर किया गया। जिसमें एक महिला को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । वहीं तीन महिला की हालत नाजुक बनी हुई है ।

जानकारी के अनुसान कमला चौहान पति कीर्तन चौहान उम्र 34 वर्ष, रामबाई चौहान पति स्व मोहित चौहान उम्र 50 वर्ष,सारिका चौहान पति घनश्याम उम्र 33 वर्ष, सुमति



चौहान पति श्याम चौहान उम्र 35 एक ही गांव कोलाईबहाल के रहवासी है। वे दातर चौहान के खेत में ा काम कर रही थी। डाक्टरों ने कमला बाई को मृत घोषित कर दिया। बहरहाल आकाशीय कहर से जख्मी 3 अन्य महिलाओं को मेडिकल कालेज में अस्पताल में इलाज चल रहा है।

थ्री इडियट्स फिल्म के वायरस को देखकर आया आइडिया.....

# एक साथ दोनों हाथों से सीधा-उल्टा लिखती हैं काव्या

### सातवीं कक्षा की छात्रा काव्या को अब लेडी वायरस कहा जा रहा है, तीन चार साल से कर रही है अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रतिभा को परिचय के लिए किसी सहारे की जरूरत नहीं। वह अपनी पहचान खुद करा देती है। जी हां, कुछ ऐसी ही प्रतिभा की धनी हैं 12 साल की काव्या चावड़। वे राजधानी रायपुर के शिवानंद नगर गुढ़यिारी निवासी प्रीतेश चावड़ की पुत्री हैं। काव्या एक ही समय में दोनों हाथों से लिखती हैं।

खास बात यह है कि एक हाथ से सीधा तो दूसरे हाथ से उल्टा लिखती हैं, जिसे मिरर इमेज भी कहते हैं। उल्टे अक्षर मिरर में देखने के बाद सीधे दिखाई देते हैं। काव्या रायपुर के होली हार्ट स्कूल में सातवीं कक्षा की छात्र हैं। काव्या को अब लेडी वायरस कहा जा रहा है, क्योंकि उन्हें यह प्रेरणा थ्री इडियट्स फिल्म से मिली, जिसमें लोकप्रिय किरदार वायरस दोनों हाथ से लिखते हैं।

**खास बातें**

- उल्टे अक्षर मिरर में देखने के बाद सीधे दिखाई देते हैं।
- 12 साल की है काव्या चावड़
- एक घंटे रोज करती है अभ्यास

### पिछले महीने ही बेटी की प्रतिभा का पता चला



*उनके पिता प्रीतेश चावड़ा और माता नेहा चावड़ा का कहना है कि काव्या की यह प्रतिभा हम लोगों को भी पता नहीं थी, लेकिन यह हमेशा बोर्ड में ऐसे ही लिखती रहती थी। जब इसके बारे में पता चला तो बहुत अच्छा लगा। हालांकि काव्या पिछले तीन-चार साल से लिख रही है, लेकिन हम लोगों को पिछले छह महीने पहले पता चला। आज काव्या को इसके लिए हम लोग हमेशा प्रोत्साहित करते हैं।*

**काव्या बनना चाहती हैं डॉक्टर**

*सातवीं कक्षा की काव्या का सपना है कि वे डॉक्टर बनें। काव्या ने बताया कि पढ़-लिखकर नेत्र विशेषज्ञ बनने की इच्छा है। बकौल काव्या- जिन लोगों की आंखों में समस्याएं होती हैं, उनकी समस्याओं को दूर कर उन्हें नई आंख प्रदान करूं।*

### टीवी देखने के साथ लिखने का भी करती है अभ्यास

अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए काव्या हर दिन स्कूल से आने और घर में होमवर्क पूरा करने के बाद एक घंटे से अधिक लिखने का रियाज करती हैं। साथ ही जब घर वाले बैठकर टीवी देख रहे होते हैं तो काव्या टीवी देखने के साथ लिखने का भी रियाज करती हैं।

### काव्या को गेम में पसंद है बैडमिंटन

काव्या अभी पढ़ाई के बाद हर दिन आधे से एक घंटा बैडमिंटन खेलती हैं। काव्या का यह भी सपना है कि वह अच्छी बैडमिंटन प्लेयर बनें और अपने प्रदेश और देश के लिए खेलें।

## चिंतन

# आक्रामक विदेश नीति से अलग-थलग पड़ा पाक

जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने और राज्य के पुनर्गठन के फैसले के बाद भारत ने दिखा दिया है कि पिछले पांच साल में वह विश्व में कितना मजबूत बनकर उभरा है। यह नरेंद्र मोदी सरकार की कूटनीति और मजबूत विदेश नीति का ही परिणाम है कि पड़ोसी पाकिस्तान हर मंच पर कश्मीर का रोना रो रहा है और कोई उसकी बात तक सुनने को तैयार नहीं है। पाकिस्तान दुनिया के हर देश का दरवाजा खटखटा चुका है, लेकिन उसे कहीं से समर्थन नहीं मिला है। वो अलग-थलग पड़ गया है। पहले सुरक्षा परिषद और फिर यूएन मानवाधिकार परिषद में मुंह की खानी पड़ी है। यहां तक कि मुस्लिम देशों सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने भी पाक प्रधानमंत्री इमरान खान को भारत के साथ बातचीत शुरू करने की नसीहत दी है। यह भारत की सफल विदेश नीति का ही असर है कि मालदीव, नेपाल, बांग्लादेश, म्यांमार, भूटान, मालदीव, श्रीलंका और अफगानिस्तान ने भी भारत सरकार के फैसले का समर्थन किया है। कुछ दिन पहले तक भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता की बात करने वाला अमेरिका अब संयमित बयान दे रहा है। चीन ने भले ही इस मामले में जल्दबाजी में कूदने की कोशिश की, लेकिन भारत सरकार की मजबूत प्रक्रिया के बाद वो भी बैकफुट पर है। साफ है पाकिस्तान भले ही इस मामले पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कितना भी रोना रोए, लेकिन भारत की मजबूत विदेश नीति के कारण उसे दुनियाभर में कहीं से भी इस मामले में समर्थन नहीं मिलने वाला। यह सब भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा को विदेश नीति से जोड़ने के कारण संभव हो पाया है। एक दिन वो था जब हम हर आतंकी हमले के बाद पाक से कार्रवाई की गुहार लगाते थे और आज हम पीओके को भविष्य में भारत के हिस्से के तौर पर देख रहे हैं। यह हमारी विदेश नीति का ही असर है कि जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दे पर भारत को अहमियत दी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की छवि मजबूत हुई है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता मिलने के दिन से ही यह असर नजर आ गया था। विदेश नीति के कारण ही पश्चिम के देशों में भारत की नई छवि बन रही है। इन देशों के साथ निवेश, सुरक्षा समेत तमाम प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ रहा है। आतंकवाद के खिलाफ भी सहयोग मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्रा अक्सर चर्चा में रही है। विपक्ष इस पर तरह-तरह के आरोप भी लगाता रहा है, लेकिन मोदी सरकार-1 के पिछले 5 साल और नरेंद्र मोदी सरकार-2 के 100 दिनों के कार्यकाल को देखें तो एक बात साफ है कि भारत की विदेश नीति में आक्रामक बदलाव आया है। सरकार दुनिया में बसे हर भारतीय नागरिक को ये विश्वास दिलाने में सफल हुई है कि भारत सरकार उनके साथ है। जब भी विदेश में किसी भारतीय के साथ ज्यादती हुई या फिर मुसीबत आई तो सरकार तुरंत सहयोग के लिए आगे बढ़ी है। मुद्दा चाहे पाकिस्तान से गीता को वापस भारत लाने का हो, यमन में फंसे सात हजार लोगों को सुरक्षित निकालने का या फिर पाक जेल में बंद पूर्व नौसेना अधिकारी कुलभूषण जाधव की फांसी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अदालत का दरवाजा खटखटाने का, सरकार ने हर बार आक्रामकता से काम किया है। मंगलवार को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने 69वें जन्मदिन पर गांधीनगर में मां हीरा बेन का आशीर्वाद ले रहे थे तब विदेश मंत्री जयशंकर दिल्ली में नरेंद्र मोदी 2.0 के 100 दिनों की विदेश नीति की सफलता का मूल बता रहे थे। उत्साह से ओतप्रोत जयशंकर के अंदाज से साफ था कि अगले कुछ दिनों में विदेश नीति की सफलता के कई प्रमाण सामने आने वाले हैं। पीओके को भविष्य में भारत का भौगोलिक हिस्सा बताकर जयशंकर ने हर भारतीय के मन में अखंड भारत की अलख जगा दी है।

# भारत की सफल कूटनीति



यूएन
अवधेश कुमार

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भारत ने तो दुनिया को पाक का असली चेहरा दिखाकर उसे शर्मसार कर दिया। परिषद के 47 देश सदस्य हैं। पाकिस्तान को अपने पक्ष में प्रस्ताव पारित कराने के लिए आधा से ज्यादा सदस्यों का समर्थन चाहिए। भारत ने अपनी सघन कूटनीति से देशों का मन बदल दिया। भारत की आक्रामक कूटनीतिक कामयाब रही। यही पाकिस्तान की नकेल कसने के लिए सबसे उपयुक्त रास्ता है।

जेनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद का 42वां सत्र हालांकि वैश्विक मानवाधिकार स्थिति पर विचार के लिए आयोजित था, लेकिन हमारे पड़ोसी के पास एक ही एजेंडा है, हर वैश्विक मंच पर भारत को कठघरे में खड़ा करो। उसका दुर्भाग्य है कि पूरे विश्व स्तर पर उसे मुंह की खानी पड़ रही है पर वह मानने को तैयार नहीं। सुरक्षा परिषद में मात खाने के बाद उसका अगला निशाना मानवाधिकार परिषद था और उसके बाद संयुक्त राष्ट्रसंघ महासभा अधिवेशन है। हालांकि मानवाधिकार परिषद में उसकी जैसी पिटाई हुई उसके बाद उसे महसूस हो गया है कि चीन को छोड़कर कोई उसके साथ नहीं और चीन भी उसके लिए भारत से पूरी तरह संबंध बिगाड़ लेने की सीमा तक नही जाएगा। पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी 115 पृष्ठ का डोजियर लेकर गए थे। पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 42वें सत्र की शुरुआत में मानवाधिकार प्रमुख मिशेल बाशालेट के उद्घाटन भाषण से भी थोड़ी उम्मीद बंध गई थी। मिशेल बाशालेट ने कश्मीर से लेकर असम में एनआरसी का मुद्दा उठा दिया। उन्होंने एक पंक्ति में कहा कि मैं भारत और पाकिस्तान की सरकारों से यह आग्रह करती हूं कि मानवाधिकारों का सम्मान और रक्षा हो।

तो भारत के सामने यह आवश्यक हो गया था कि वह बाशालेट को भी सभ्य भाषा में आइना दिखाए और पाकिस्तान को तो खैर नंगा करना ही था। विदेश मंत्रालय में पूर्व सचिव विजय ठाकुर सिंह और पाकिस्तान में भारत के पूर्व उच्चायुक्त अजय बिसारिया के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल वहां पूरी तैयारी से उपस्थित था। इन्होंने तमाम समूहों और देशों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर अपना पक्ष रखा। इन लोगों ने मिशेल बाशालेट से भी मुलाकात की थी और उन्हें अनुच्छेउ 370 के खात्मे के बाद जम्मू-कश्मीर के हालात के बारे में जानकारी दी थी। भारत की तैयारी दोहरी थी। अपना पक्ष प्रभावी तरीके से रखना, पाकिस्तान के झूठ का पर्दाफाश करना तथा गिलगित बाल्तिस्तान, बलूचिस्तान, पख्तूनिस्तान एवं सिंध के प्रतिनिधियों को बोलने का मौका दिलाना, बाहर मीडिया से इनकी बातचीत करवाना। भारत ने सफलतापूर्वक यह किया है।


कुरैशी ने परिषद से जम्मू कश्मीर में मानवाधिकार के जांच के लिए दल भेजने की मांग की। कुरैशी ने यह कह दिया कि भाजपा के घोषणा पत्र में कश्मीर में जबरन मुस्लिमों को अल्पसंख्यक बनाने की बात कही गई थी। पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने मांग की कि मानवाधिकार संगठनों और अंतरराष्ट्रीय मीडिया को कश्मीर जाने दे। और सबसे अंत में नाभिकीय युद्ध के अपने अस्त्र का प्रयोग करते हुए कहा कि दक्षिण एशिया में नाभिकीय युद्ध की आशंकाओं को टालना होगा। प्रतिक्रिया के अधिकार का प्रयोग करते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रथम सचिव विमर्श आर्यन ने अपने जवाब में कहा कि इस मंच को झूठी दलीलों के साथ राजनीतिक रंग देने और ध्रुवीकरण की कोशिश में दिए गए बौखलाहट भरे बयान पर हमें कोई आश्चर्य नहीं है। कुछ पाकिस्तानी नेता जम्मू-कश्मीर में हिंसा भड़काने के लिए जेहाद की अपील भी करने लगे हैं।




निशाना इमरान खान थे, लेकिन आर्यन ने उनका नाम नहीं लिया। विमर्श आर्यन ने दो टूक शब्दों में कहा कि अनुच्छेद 370 भारतीय संविधान का एक अस्थायी प्रावधान था, इसमें बदलाव करना भारत का आंतरिक मामला और अधिकार है। पाकिस्तान ने मानवाधिकार पर वैश्विक समुदाय की आवाज के रूप में बोलने का नाटक किया है, लेकिन वह दुनिया को और बेवकूफ नहीं बना सकता। उसकी यह बयानबाजी पाकिस्तान के अल्पसंख्यक समुदाय ईसाई, सिख, शिया, अहमदिया और हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार और उत्पीड़न से अंतरराष्ट्रीय जगत का ध्यान नहीं भटका सकेगी। इससे पहले विदेश मंत्रालय के पूर्वी मामलों की सचिव विजय ठाकुर सिंह ने अपने 2 मिनट 44 सेकेंड के वक्तव्य में एक बार भी पाकिस्तान का नाम नहीं लिया, लेकिन पूरी धज्जियां उड़ा दी। उन्होंने कहा कि एक देश जो झूठ की फैक्ट्री चलाता है। यह देश सीमापार से आतंकियों को भेजता है। सिंह ने कहा कि जो लोग क्षेत्र में किसी भी रूप में आतंकवाद को बढ़ावा देने व वित्तीय तौर पर इसका समर्थन करते हैं, वास्तव में वही मानवाधिकारों के सबसे बड़े हननकर्ता हैं। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले पर उन्होंने कहा कि हम दोहराना चाहते हैं कि संसद द्वारा पारित अन्य कानूनों की तरह यह एक संप्रभु निर्णय है, जो पूरी तरह भारत का आंतरिक मामला है। कोई भी देश अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप स्वीकार नहीं कर सकता है। भारत तो बिल्कुल भी नहीं। असम में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर को भी सिंह ने भारत के सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में उठाया गया वैधानिक, पारदर्शी और बिना भेदभाव के उठाया गया कदम बताया। हमारे लिए हमारा संविधान सर्वोपरि है, जो हर भारतीय को समान अधिकार देता है। हमारी स्वतंत्र मीडिया, जीवंत नागरिक समाज और निष्पक्ष संस्थाएं समाज के सभी वर्गों के मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए एक प्रभावी ढांचा प्रदान करती हैं।

इस तरह के आक्रामक और तीखे प्रत्युत्तर के बाद परिषद का वातावरण बदल गया। भारत ने केवल यही तक अपने को सीमित नहीं रखा। गिलगित बाल्तिस्तान के दो प्रतिनिधियों ने अपनी बातें रखीं। एक ने कहा कि हम तो भारत के भाग हैं, पाकिस्तान ने जबरन हम पर कब्जा किया है। दूसरे ने कहा कि पाकिस्तान कहता है कि जम्मू कश्मीर विवादित है। यह कैसे विवादित है? इसके साथ बलूचों ने बाहर प्रदर्शन किया, मीडिया के सामने पाकिस्तान को नंगा किया। ऐसा ही सिंध एवं पख्तून के प्रतिनिधि ने किया। वस्तुतः जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र के दफ्तर के बाहर पाकिस्तानी अत्याचारों के पीड़ितों ने बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में मानवाधिकार उल्लंघन से जुड़े पोस्टर और बैनर के जरिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान खींचने में सफलता पाई। सच कहा जाए तो भारत के लिए यह मंच पाकिस्तान का गंदा सच दुनिया को दिखाने के लिए एक बड़ा मौका साबित हुआ। ईशनिंदा के कारण पाकिस्तान में लोगों को दी जा रही यातनाओं को भी भारत ने प्रमुखता से उठाया। भारत की ओर से पेश किए गए दस्तावेज में कहा गया कि 1987 से 2017 के बीच 1500 से अधिक लोगों को ईशनिंदा के कारण प्रताड़ित किया गया। इनमें से 730 मुस्लिम, 501 अहमदी, 205 ईसाई और 26 हिंदू थे। इसके साथ ही अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने का विवरण दिया गया। पाकिस्तान को प्रत्युत्तर में इतने बड़े घेरेबंदी की उम्मीद नहीं थी। भारत ने तो दुनिया को उसका असली चेहरा दिखाया ही इन सारे लोगों ने उसे शर्मसार कर दिया। कुरैशी इतने परेशान हो गए कि उन्होंने भारत के राज्य जम्मू-कश्मीर कह दिया। परेशानी स्वाभाविक थी। मानवाधिकार परिषद के 47 देश सदस्य हैं। पाकिस्तान को अपने पक्ष में प्रस्ताव पारित कराने के लिए आधा से ज्यादा सदस्यों का समर्थन चाहिए। भारत ने अपनी सघन कूटनीति से देशों का मन बदल दिया। इस तरह यहां से भारत की आक्रमक कूटनीतिक रणनीति आरंभ हो गई है। यही पाकिस्तान की नकेल कसने के लिए सबसे उपयुक्त रास्ता है। पाक अधिकृत कश्मीर में पाकिस्तान विरोधी प्रदर्शन हो रहे हैं उनके वीडियो उपलब्ध हैं। गिलगित बाल्तिस्तान एवं पाक अधिकृत कश्मीर की स्थितियों को दुनिया के सामने रखकर वहां के लोगों को आगे करने की रणनीति तेज करनी होगी।

## दूसरों के कहने से न करें खुद में बदलाव



संकलित
दर्शन

हम सबके आसपास ऐसे लोगों की लंबी फौज होती है, जो हमें सलाह देते रहते हैं। अपनी सलाहों से वे हमें बदलना चाह रहे होते हैं। कुल मिलाकर वे हमें, जैसे बाकी सब हैं, वैसा बनाने में जुट जाते हैं। नतीजा, हम खुद के प्रति सहज नहीं हो पाते। 5 थिंग्स यू शुड गिव अप टु बी हैपी नामक चर्चित किताब की लेखिका ल्यूमिनिटा डी. सेवियुक कहती हैं कि हम जीवन में कई ऐसे लोगों से मिलते हैं, जो हमें बताते हैं कि हमें अपने में कुछ बदलाव करने चाहिए। ज्यादातर लोगों को इस तरह के सुझाव या दखलअंदाजी अखरती है। इनकी वजह से हम खुद के प्रति रक्षात्मक हो जाते हैं और ऐसा व्यवहार करने लगते हैं, जैसे हम कुछ गलत काम कर रहे हों और हमें अपना रवैया या तौर-तरीका सुधारने की बहुत आवश्यकता है। यहां पर यह कहना सही नहीं होगा कि दूसरों के नजरिये या सुझाव में सत्य की मौजूदगी बिल्कुल नहीं होती। पर, दूसरों के द्वारा अपना विश्लेषण किए जाने पर कैसा लगता है, यह जानना भी जरूरी है। एक क्षण के लिए सोचें कि हम जीवन को लेकर अलग तरीके से व्यवहार करते हैं, हमारी शुरुआत अलग होती है और हमारे जीवन के अनुभव भी अलग ही होते हैं।

## शुभ फल पाने नियमानुसार करें दान



संकलित
प्रेरणा

पाप-पुण्य के बारे में तो सभी जानते ही हैं। कहते हैं कि हमारे कर्मों के अनुसार पाप-पुण्य का निर्णय होता है। इसके साथ ही दान का भी हिन्दू धर्म में बहुत महत्व होता है। दान करने से सभी पापों अंत होता है। दरअसल, धर्म शास्त्रों में दान करने की सही विधि के बारे में बताया गया है कि किसको कितना दान करना चाहिए। हर व्यक्ति को अपनी आमदनी की न्यूनतम 10 फीसदी दान करना चाहिए। दान उसी को दीजिए जो दान लेने के योग्य हो। दान के तौर पर धन, संपत्ति आथवा द्रव्य दान दे सकते हैं। कभी भी किसी की अमानत दान के तौर पर नहीं देना चाहिए। कर्ज लेकर कभी दान नहीं करना चाहिए। अगर बुरे वक्त के लिए धन रखा है तो उसे दान न करें। क्रोध या द्वेश की भावना से दान न करें। डर की वजह से किसी चीज का दान न करें। कभी भी अपेक्षा रखकर किसी चीज का दान न करें। पितृ पक्ष श्राद्ध जो भी वस्तु उचित काल या स्थान पर पितरों के नाम उचित विधि द्वारा ब्राह्मणों को दान किए जाने का भी सहस्त्रों पुण्य का लाभ होता है। दान श्रद्धापूर्वक दिया जाए तभी वह शुभ फल देता है।

## व्यंग्य

अशोक गौतम

# पेट सफा

वे हिंदी के होलटाइमर उन्नायक हैं। जबसे वे हिंदी के होलटाइमर हुए हैं उनकी जेब में कोई भी इधर-उधर की किसी की रचना हो या न, पर पेट सफा जरूर मिल जाता है। पेट साफ करने के लिए। कंबख्त हिंदी के रोने पर रोने का इतना बटोर लेते हैं कि पचता ही नहीं। पेट सफा लेना पड़ता है। तब जाकर अगले कार्यक्रम में हिंदी की दयनीय स्थिति पर रोने को पेट करता है।

उन्होंने फील किया है कि इन दिनों हिंदी उन्नयन में बहुत स्कोप है। वे समझ गए हैं कि लोग किसी के हंसने पर उतने द्रवित नहीं होते जितने किसी के रोने पर पिघलते हैं। जिसके लिए रोया जा रहा हो, भले ही वह मस्त हो। इसलिए बेरोजगारी के दिनों में सरकार को कोसने के बदले किसी के लिए भी रोने का धंधा कर लीजिए, चल निकलेगा। पर बस, ख्याल इतना रखिएगा कि जो हंस रहा हो उसे तनिक भी इस बात का पता न चले कि हम उसके लिए रोने के कमा रहे हैं। सो, जबसे सरकार में उनकी घुसपैठ बढ़ी है, वे फुल टाइम कविता लिखने लगे हैं। कल के जघन्य आज के मूर्धन्य कवि हैं। कविता उनको पाकर पागल हो उठती है। हिंदी के होल टाइमर होने के बाद से अपने पुख्ता सरकार में बैठे रसिया सूत्रों से जैसे ही उन्हें पता चलता है कि फलाने विभाग को हिंदी की दुर्दशा पर रोने को बजट आ गया है, वे बिन नहाए अपनी रोनी सूरत ले वहां पहुंच राजाश्रित कवि होने के चलते हिंदी की दशा पर सहर्ष पांच सात सौ झाड़ हंसते हंसते रो आते हैं। हंसते-हंसते रोने के बाद मिले पारिश्रमिक से दारू पीते हैं। हिंदी को अंग्रेजी में चार गालियां ठोंकते हैं और अगले कल फिर कहीं और हिंदी की दुर्दशा पर रोते रोते उसके उन्नयन हेतु सरकारी खर्चे पर लंबी यात्रा पर निकल जाते हैं ऑफिस के कामों को लात मार। अब वे सिगरेट के रैपर से लेकर बस के टिकट तक पर मजे से कविता लिख सकते हैं। जबसे वे राजाश्रय में हैं, वे सोए-सोए कविता लिख सकते हैं। जबसे वे राजाश्रय में हैं, वे नहाते-नहाते कविता लिख सकते हैं। जबसे वे राजाश्रय में हैं, वे खाते खाते कविता लिख सकते हैं। जबसे वे राजाश्रय में हैं, वे पदियाते-पदियाते कविता लिख सकते हैं। राजाश्रित होने के बाद उनका हर शब्द कविता है। वे जो भी बकते हैं, उनके बदबूदार मुंह से बाहर निकल वह अकालजयी कविता हो जाती है। उनकी जो भी कविता होती है, ताजी कविता होती है। हर कवि गोष्ठी में वे भले ही चाय सड़ी समोसा बासी खाएं, पर कविता ताजी ही पढ़ते हैं। इतनी ताजी कि हो सकता है उन्होंने वो अपनी बारी आने से दो मिनट पहले ही लिखी हो। जब वे उस सरकार से दूर थे या कि दूसरे उनको सरकारी कविता मंडली के पास फटकने नहीं देते थे, तब वे पार्ट टाइम छिटपुट इधर-उधर से जोड़ तोड़ कुछ गति की कविता लिखते थे। जबसे वे सरकारी कविता के चलते पुर्जे बने हैं, उनकी कविता में कविता का क भी न हो तो भी वे परेशान नहीं होते।

सत्ता तक उनकी पहुंच है, यही क्या कम है? वैसे भी जब आदमी सत्ता तक पहुंच जाता है वह कुछ भी लिखने बकने का अधिकारी हो जाता है। वह अपने नाम से किसी से भी कुछ भी धाराप्रवाह लिखवा सकता है, अपने साथ उसे भी बिकवा सकता है इस सौदे पर कि वह अगले सरकारी कार्यक्रम वे उसकी कालजयी कविता का पारिश्रमिक दिलवा कर रहेगा, भले ही उसे कविता पढ़ने का मौका न मिले। और तब कविता को समर्पित कवि झूम उठता है। यार! यहां तो कविता पढ़ने के बाद भी पैसे नहीं मिलते और ही मार जाते हैं। तुम धन्य हो हे सरकार से जुड़े कवि! अपने चरण तनिक मेरी कविता पर भी धरो तो वह मुझे पारिश्रमिक दिलवा भव सागर पार हो। वैसे कवि वही जो सत्ता तक पहचान बनाकर चले। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि कोई उसकी कविता को चैलेंज नहीं कर सकता। जो करता है वह भुगतता है। वैसे भी कविता वही मूर्धन्य होती है जो सरकार के साथ चले। जनता के साथ चलने वाली कविता जो धन्य भी हो जाए तो भी धन्य मानिएगा। जनता के साथ चलने वाली कविता के हाल जनता की तरह के होते हैं। सरकारी राशन की दुकान से आटा मिला तो दाल गायब। जनता का काम वोट पाने का तो जनता की कविता का काम खुद रोते रोते जनता को जगाने का।

## कलाकारी




मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिवस पर मुंबई के जुहू बीच में कलाकार लक्ष्मी गौड़ द्वारा बनाई गई रेत की मूर्ति की सेल्फी लेती हुई युवतियां।

## आज की पाती

### केंद्रीय मंत्री गंगवार का बयान शर्मनाक

यह हमारे समाज की विडंबना है कि आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को हेय दृष्टि से देखा जाता है। उत्तर भारतीय लोग भले ही आर्थिक रूप से पीछे हों, परंतु उनमें योग्यता की कोई कमी नहीं है। देश में चल रही मंदी को स्वीकार करने की बजाय श्रम कल्याण मंत्री संतोष गंगवार का यह बयान कि उत्तर भारतीय लोगों में काबिलियत नहीं होती, शर्मनाक है और उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। गौरतलब है कि हाल ही में यूपीएससी परीक्षा में 400 पद उत्तर भारतीयों ने ही कब्जा किया जो उनकी काबिलियत दर्शाता है। गंगवार को यह ध्यान रखना चाहिए कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद हों या जवाहरलाल नेहरू सभी उत्तर भारत की मिट्टी से ही जन्म लिए। - आनंद पाडेय

## ट्रेंड

### प्रधानमंत्री को बधाई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। ईश्वर आपको स्वस्थ व प्रसन्नचित्त बनाए रखें और आप, आने वाले अनेक वर्षों तक राष्ट्र की एकनिष्ठ सेवा करते रहें।
-रामनाथ कोविंद

### जम्मू का सियासी उपयोग



यह स्पष्ट है कि मोदी सरकार फारूक अब्दुल्ला जैसे राष्ट्रवादी नेताओं को हटाना चाहती है ताकि जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक शून्य पैदा हो जो आतंकवादियों द्वारा भर दिया जाए। सभी राष्ट्रवादी नेताओं को रिहा करना चाहिए। - राहुल गांधी

### पीएम को शुभकामनाएं



मोदी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। आप दीर्घायु हों और सदैव देश की सेवा करते रहें, झारखण्ड की सवा तीन करोड़ जनता सहित यही कामना हर भारतीय की है।
- रघुवर दास

### सेल्फी का हिन्दी शब्द



लंबे समय से सेल्फी के लिए एक उपयुक्त हिंदी शब्द खोजने की कोशिश की जा रही है। मैं भी इसी प्रयास में लगा हूं। इसके लिए मेरे पास कई सुझाव भी आ रहे हैं, लेकिन सतुष्ट नहीं हो पा रहा हूं। इन सुझावों में से एक है- व्यतिगत दूरभाषित यंत्र से हस्त उत्पादित स्व: चित्र।
-अमिताभ बच्चन

## करंट अफेयर

# किम के बुलावे पर ट्रंप बोले- अभी सही वक्त नहीं



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के साथ बैठक के लिए ट्रंप के प्योंगयांग जाने के बारे में पूछे जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हम इसके लिए तैयार हैं। मुझे लगता है कि हमें अभी और दूरी तय करनी है। ट्रंप ने कहा कि संबंध बहुत अच्छे हैं, लेकिन अभी प्योंगयांग जाने का उचित समय नहीं है। मैं भविष्य में यह करूंगा। और यह इस बात पर निर्भर करता है कि आगे क्या होता है। मुझे भरोसा है कि वह भी अमेरिका आना पसंद करेंगे। बता दें कि किम ने अगस्त के तीसरे सप्ताह में ट्रंप को भेजे अपने पत्र में तीसरे शिखर सम्मेलन के लिए अपनी इच्छा जाहिर की थी। इस पत्र में उत्तर कोरिया नेता ने ट्रंप को प्योंगयांग आने का निमंत्रण भी दिया था। इस पत्र को लेकर नौ अगस्त को ट्रंप ने कहा था कि किम का एक बहुत सुंदर पत्र प्राप्त हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ किया कि उन्होंनें कहा कि भविष्य में वह उत्तर कोरिया की यात्रा जरूर करेंगे। ट्रंप ने कहा कि भविष्य में क्या होता इस पर कुछ कह पाना मुश्किल है। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब हाल में अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने कहा था कि वह जल्द ही उत्तर कोरिया नेता किम जोंग उन के साथ तीसरी शिखर वार्ता करेंगे।

## ऑफ बीट

# पिशाचमोचन कुंड में तामसी आत्माओं को मिलता है मोक्ष



काशी को मोक्ष की नगरी भी कहा जाता है, कहते हैं यहां जो इंसान अंतिम सांस लेता है उसे मोक्ष मिलता है। कहते हैं पितृपक्ष में काशी के पिशाचमोचन कुंड पर भूतों का मेला लगता है। इस कुंड का नाम है पिशाचमोचन कुंड। जहां पितृपक्ष में अकाल मौत मरने वालों को श्राद्ध करने से मुक्ति मिलती है। तामसी आत्माओं से छुटकारे के लिए कुंड के पेड़ में कील ठोक कर बांधा जाता है। कुछ लोग नारायण बलि पूजा भी कराते हैं जिससे मरने वाले की आत्मा को शांति मिलती है। मंदिर के पुजारी के अनुसार काशी से पहले इस शहर को आनंदवन के नाम से जाना जाता था। पितृ पक्ष में देश के कोने कोने से लोगों का यहां के पिशाचमोचन कुंड में पिंड दान के लिए आते है। पिशाचमोचन मंदिर के पुजारी बताते है कि यहां एक मान्यता ऐसी भी है कि अकाल मौत मरने वालों की आत्माएं तीन तरह की होती है जिसमें तामसी, राजसी, और सात्विक होती है तामसी प्रवित्ति की आत्माओ को यहां के विशाल काय वृक्ष में कील ठोककर बांध दिया जाता है, जिससे वो यहीं पर इस वृक्ष पर बैठ जाए और किसी भी परिवार के सदस्य को परेशान न करें। इस पेड़ में अब तक लाखों कील ठोकी जा चुकी है ये परंपरा बेहद पुरानी है जो आज भी चली आ रही है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### एनबीए के दोबारा अध्यक्ष चुने गए इंडिया टीवी के चेयरमैन रजत शर्मा

**नई दिल्ली।** रजत शर्मा न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन यानी एनबीए के दोबारा अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। रजत शर्मा इंडिया टीवी के चेयरमैन और एडिटर-इन-चीफ हैं।



एनबीए की एनुअल जनरल मीटिंग यानी एजीएम के ठीक बाद हुई एनबीए की बोर्ड मीटिंग में एनबीए बोर्ड के अन्य सदस्यों का भी चुनाव हुआ। इनमें एबीपी न्यूज के सीईओ अविनाश पांडे का नाम भी शामिल है। रजत शर्मा ने इस बारे में ट्वीट किया है और अपनी खुशी जताई है।

### पीएम की यात्रा के दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी ने आत्महत्या की

**केवडिया, (गुजरात)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केवडिया यात्रा के दौरान उनकी सुरक्षा में तैनात प्रदेश पुलिस के एक उप निरीक्षक ने मंगलवार को सहयोगी की सर्विस रिवाल्वर से गोली मार कर आत्महत्या कर ली। अमरेली के पुलिस उपाधीक्षक आर डी ओजा ने बताया कि आत्महत्या करने वाले पुलिस उप निरीक्षक की पहचान एन सी फिनाविया (29) के तौर पर की गयी है। उन्होंने बताया कि उप निरीक्षक नवसारी जिले में स्थानीय अपराध शाखा में तैनात थे और आज केवडिया सर्किट हाउस के बाहर उन्हें प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था।

### कर्नाटकः दलित सांसद को यादवों की बस्ती में प्रवेश करने से रोका

**बेंगलुरु।** अस्पृश्यता की एक चौंकाने वाली घटना में कर्नाटक में भाजपा के एक दलित सांसद को तुमकुरु जिले के एक गांव में गोल्ला (यादवों) की बस्ती गोलारहट्टी में प्रवेश करने से कथित तौर पर रोक दिया गया। अधिकारियों ने इस घटना की जांच के आदेश दिये हैं। यह घटना सोमवार की शाम उस समय हुई जब चित्रदुर्ग से सांसद ए नारायणस्वामी विकास संबंधी किसी कार्य के लिए पेमनाहल्ली गांव गये थे जो उनके लोकसभा क्षेत्र में आता है। सांसद का ग्रामीणों से बातचीत का एक वीडियो सामने आया है।

## एक कार्यक्रम में बोलते हुए शाह ने यूपीए सरकार पर साधा निशाना

# प्रधानमंत्री मोदी ने देश बदला, पांच साल में लिए 50 बड़े फैसले

**नई दिल्ली।** गृहमंत्री और बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने दिल्ली में एक कार्यक्रम में बोलते हुए यूपीए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2013 में कोई प्रधानमंत्री को प्रधानमंत्री नहीं मानता था लेकिन पिछले 5 सालों में पीएम नरेंद्र मोदी ने देश को बदल दिया। अमित शाह ने कहा कि 2013 का दृश्य मुझे याद है, भ्रष्टाचार चरम पर था, सीमाओं की सुरक्षा का कोई ठौर ठिकाना न था, आंतरिक सुरक्षा चरमाराई थी, महिलाओं की सुरक्षा ताक पर थी, प्रधानमंत्री को कोई प्रधानमंत्री मानता ही नहीं था, तब लोगों को लगता था कि देश किस दिशा में बढ़ रहा है। अमित शाह ने कहा कि पिछले 5 सालों में पीएम मोदी ने 50 बड़े फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा कि हमने कोई फैसला वोट बैंक को ध्यान में रखकर नहीं किया है बल्कि हमने देश की जनता के हित में फैसले किए हैं। इससे पहले अमित शाह ने पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए ट्वीट किया- 'दृढ़ इच्छाशक्ति, निर्णायक नेतृत्व और अथक परिश्रम के प्रतीक देश के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं. आपके नेतृत्व में उभरते नए भारत ने विश्व में एक मजबूत, सुरक्षित और विश्वसनीय राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाई है।




### भारत की सुरक्षा से कोई समझौता नहींः शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार भारत के क्षेत्र में किसी भी तरह की सेंध को बर्दाश्त नहीं करेगी और ऐसी किसी भी गतिविधि से कड़ाई से निपटने के लिए वह तैयार है। शाह ने यह भी कहा कि जम्मू कश्मीर से संबंधित अनुच्छेद 370 को पांच अगस्त को समाप्त करने के बाद से राज्य के हालात शांतिपूर्ण रहे हैं तथा एक भी गोली नहीं चली है। तब से किसी की भी मृत्यु नहीं हुई है। उन्होंने यहां अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) के एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं होगा। हम अपने क्षेत्र में एक इंच भी घुसपैठ बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम इससे मजबूती से निपटेंगे। हम अपने जवानों के खून की एक भी बूंद बेकार नहीं जाने देंगे। समग्र राष्ट्रीय सुरक्षा नीति नहीं अपनाने को लेकर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि देश की विदेश नीति सामरिक नीति पर भारी थी। उन्होंने कहा कि सर्जिकल हमले और हवाई हमले के बाद से दुनिया का नजरिया बदला है और भारत की ताकत को वैश्विक स्तर पर पहचाना गया है। सेना ने 29 सितंबर, 2016 को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की थी।

### 'कश्मीर में 5 अगस्त से एक भी गोली नहीं चली, किसी की जान नहीं गई'

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि कश्मीर में खुला वातावरण है। वहां शांति का माहौल है। शाह ने कहा कि 5 अगस्त से 17 सितंबर तक जम्मू-कश्मीर में एक भी गोली नहीं चली और न ही किसी नागरिक की जान गई। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार देश की सुरक्षा से समझौता नहीं करेगी। शाह ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के प्रोग्राम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि यहां भारत की सुरक्षा से किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। हम अपने क्षेत्र में जरा सा भी किसी प्रकार का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम अपने सैनिकों के खून का एक कतरा भी बेकार नहीं जाने देंगे। गृह मंत्री ने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद दुनिया में भारत के प्रति अन्य देशों के नजरिए में बदलाव आया है। वैश्विक स्तर पर भारत एक नई ताकत के तौर पर उभरा है। अन्य देशों ने भी भारत की ताकत को माना है। हाल ही में केंद्र सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट को नोटिस का जवाब देते हुए बताया था कि 5 अगस्त के बाद जम्मू-कश्मीर में एक भी गोली नही चली और कोई जान नहीं गई।

## बड़ी परियोजनाओं के लिए और धन की जरूरत

# नौसेना ने की रक्षा बजट में बढ़ोतरी की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर से धारा-370 की हालिया समाप्ति के बाद मिल रही पाकिस्तानी गीदड़भभकी और समुद्री सीमाओं के करीब मंडराते चीनी खतरे का मुकाबला करने के लिए भारतीय नौसेना पूरी तरह से अलर्ट है। लेकिन भविष्य में आधुनिक तकनीक के साथ अपने बेड़े की मारक क्षमता में इजाफा करने के लिए उसे बढ़ी हुई बजटीय धनराशि की दरकार है। इसके लिए रक्षा मंत्रालय को अवगत कराया जा चुका है। यह जानकारी यहां मंगलवार को खंडेरी पनडुब्बी के 28 सितंबर को नौसेना के बेड़े में शामिल होने के विषय को लेकर आयोजित किए गए एक संवाददाता सम्मेलन में उप-नौसेनाप्रमुख वाइस एडमिरल जी.अशोक कुमार ने दी।

### 20 फीसदी हो बजट

उन्होंने यह भी कहा कि नौसेना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन सागर (सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फार ऑल इन द रीजन) को ध्यान में रखते हुए ढांचागत मजबूती की ओर आगे बढ़ रही है। मौजूदा पूंजीगत बजटीय धनराशि से हमारी इच्छाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति कर पाना



एक बड़ी चुनौती है। बीते करीब छह-सात सालों से नौसेना के बजट में बढ़ोतरी को लेकर की जा रही हमारी मांग पूरी नहीं हुई है। हम नौसेना के लिए खरीदे जाने वाले सैन्य उपकरणों, बड़े प्रोजेक्टों को पूरा करने के लिए पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी चाहते हैं। इसे कुल रक्षा बजट का 18 से 20 फीसदी किया जाना चाहिए।

### इस वक्त 175 जहाजों की आवश्यकता

आंकड़ों के हिसाब से वर्ष 2012-13 में यह 18 फीसदी था और वर्ष 2019 आते-आते 13.66 फीसदी रह गया। नौसेना ने हालिया बजट आवंटन के बाद मंत्रालय के समक्ष पेश किए गए रिवाइज एस्टीमेट (आरई) में भी अतिरिक्त बजट की मांग की है। नौसेना को इस वक्त 175 जहाजों की आवश्यकता है। इसके लिए बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करना पड़ेगा।

## मैं किसी भी राजनीतिक पार्टी में शामिल नहीं हो रही हूंः उर्मिला

**मुंबई।** अभिनेत्री और राजनीतिक नेता उर्मिला मातोंडकर ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि वह किसी भी राजनीतिक पार्टी में शामिल नहीं हो रही हैं। इस तरह की अटकलें थी कि कांग्रेस छोड़ने के बाद वह शिवसेना में शामिल हो सकती हैं। मातोंडकर की सफाई इन खबरों की पृष्ठभूमि में आई है कि वह कांग्रेस छोड़ने के बाद से ही शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के करीबी सहयोगी मिलिंद नारवेकर से संपर्क में हैं और शिवसेना में शामिल होने पर विचार कर सकती हैं। यह पार्टी भाजपा नीत महाराष्ट्र और केंद्र सरकार में सहयोगी है। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव अगले महीने होने हैं। उन्होंने 10 सितंबर को कांग्रेस से इस्तीफे की घोषणा की थी। वह छह महीने पहले ही पार्टी में शामिल हुई थी। उन्होंने मुंबई उत्तर लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा था लेकिन भाजपा के गोपाल शेट्टी से शिकस्त खाई थी। मातोंडकर ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि मैं किसी भी पार्टी में शामिल नहीं हो रही हूं। इसलिए मीडिया से अनुरोध है कि कृपया जो भी वे सुनते हैं, उसे साझा नहीं करें।



## केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा

# आरक्षण से किसी समुदाय का विकास होगा, यह सोच सही नहीं

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि आरक्षण दलित, सामाजिक और आर्थिक तौर पर पिछड़े और दबे हुए लोगों को मिलना चाहिए। हालांकि, यह सोच भी सही नहीं है कि किसी को आरक्षण देने मात्र से ही उस समुदाय विशेष का विकास हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री गडकरी महात्मा फुले एजुकेशन सोसायटी के 60वें स्थापना दिवस के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान माली समुदाय के कुछ नेताओं ने विधानसभा चुनाव के लिए टिकट की मांग की। इस पर गडकरी ने उनसे अपील की कि आप लोग आरक्षण से आगे भी कुछ सोचें। उन्होंने कहा कि जब लोग अपने काम के बूते टिकट पाने में असफल हो जाते हैं तो फिर वो लोग अपनी जाति का कार्ड आगे करते हैं। गडकरी ने कहा कि जॉर्ज फर्नांडिस किस जाति से थे। उन्होंने तो कभी अपनी जाति की बात नहीं की। वे ईसाई थे। इंदिरा गांधी भी सत्ता में अपनी जाति के बूते तो नहीं आई थीं। अशोक गहलोत राजस्थान के मुख्यमंत्री तब बने, जब दूसरी जाति के लोगों ने भी उन्हें अपना समर्थन दिया। गडकरी ने कहा- पहले लोगों ने मुझसे कहा कि महिलाओं को आरक्षण दिया जाना चाहिए। मैंने उनसे कहा कि जरूर मिलना चाहिए। मगर मैंने उनसे पूछा कि क्या इंदिरा गांधी को आरक्षण मिला था।




- जब लोग अपने काम के बूते टिकट पाने में असफल हो जाते हैं तो फिर वो लोग अपनी जाति का कार्ड आगे लाते है : गडकरी

## स्वदेशी लड़ाकू विमान में सवार होने वाले पहले रक्षामंत्री होंगे

# राजनाथ कल तेजस में भरेंगे उड़ान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बेंगलुरु में 19 सितंबर को स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरेंगे। सिंह तेजस के दो सीट वाले एयरक्राफ्ट में सवार होंगे। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि यह भारतीय वायुसेना की 45वीं स्क्वॉड्रन 'फ्लाइंग ड्रैगर्स' का हिस्सा है। इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी ने डिजाइन और विकसित किया है। वायुसेना ने दिसंबर 2017 में एचएएल को 83 तेजस जेट बनाने का जिम्मा सौंपा था। इसकी अनुमानित लागत 50 हजार करोड़ रुपये थी। डीआरडीओ ने 21 फरवरी को बेंगलुरु में हुए एयरो शो में इसे फाइनल ऑपरेशनल क्लीयरेंस जारी किया था।





### क्या है अरेस्टेड लैंडिंग?

नौसेना में शामिल किए जाने विमानों के लिए दो चीजें सबसे जरूरी होती हैं। इनमें एक है उनका हल्कापन और दूसरा अरेस्टेड लैंडिंग। कई मौकों पर नेवी के विमानों को युद्धपोत पर लैंड करना होता है। चूंकि, युद्धपोत एक निश्चित भार ही उठा सकता है, इसलिए विमानों का हल्का होना जरूरी है। इसके अलावा आमतौर पर युद्धपोत पर बने रनवे की लंबाई निश्चित होती है।

### पांच देशों के पास है यह तकनीक

इससे पहले अमेरिका, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और चीन द्वारा निर्मित कुछ विमानों में ही अरेस्टेड लैंडिंग की तकनीक रही है। तेजस की अरेस्टेड लैंडिंग सफल होने के साथ ही विमान को नेवी में शामिल किए जाने का एक चरण पूरा हो गया है। इसके बाद पायलट्स को अब असल ऑपरेशनल एयरक्राफ्ट कैरियर-आईएनएस विक्रमादित्य पर लैंडिंग करके दिखाना होगा।

## मुलाकात...



लेह में मंगलवार को वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह और अन्य सदस्यों के साथ बातचीत करते हुए सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत।

## सीएम ममता ने कहा

# पीएम से मुलाकात में राज्य से जुड़े मुद्दों पर करेंगे बात

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से होने वाली मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताते हुए कहा कि इस दौरान वह राज्य से जुड़े कई मुद्दों को उनके सामने उठाएंगी। मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के लिए निकलने से पहले हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में बनर्जी ने कहा कि वह राज्य को अब तक नहीं मिले कोष, राज्य के नाम में परिवर्तन, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विलय जैसे मुद्दों को उठाएंगी।



### मोदी से मिलना राजीव कुमार को बचाने की हताश कोशिशः विजयवर्गीय

भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने मंगलवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने शहर के पूर्व पुलिस आयुक्त राजीव कुमार को बचाने की आखिरी कोशिश के तहत पीएम मोदी से मिलने का समय मांगा।

## डीआरडीओ का ड्रोन कर्नाटक में खेत में दुर्घटनाग्रस्त

**बेंगलुरु।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) का एक ड्रोन मंगलवार को परीक्षण के दौरान चित्रदुर्ग जिले में एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। डीआरडीओ ने ट्वीट किया कि डीआरडीओ द्वारा विकसित एक मानवरहित यान (यूएवी) प्रायोगिक उड़ान के दौरान चित्रदुर्ग में स्थित एयरोनॉटिकल परीक्षण रेंज में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आंकड़ों को देखा जा रहा है। घटना का एक वीडियो वायरल हुआ है। ड्रोन के दुर्घटनाग्रस्त होने से तेज आवाज हुई जिससे जोडी चिल्लेनहैली गांव में काफी डर फैल गया। जल्द ही, बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। इस घटना की पुष्टि करते हुए चित्रदुर्ग के पुलिस अधीक्षक अरुण के ने बताया कि यूएवी मंगलवार सुबह एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## सीटों को लेकर भाजपा, शिवसेना के बीच तेज हुई रस्साकशी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा के आने वाले चुनाव के लिए भाजपा और उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर सहमति बनती नहीं दिख रही है। भाजपा ज्यादा सीटों के लिए जहां लोकसभा चुनाव में वोट में हिस्सेदारी बढ़ने का तर्क दे रही है वहीं शिवसेना आरे भूमि विवाद, कांग्रेस और राकांपा के नेताओं को भाजपा में शामिल करने और राम मंदिर मुद्दे पर उसे हाशिए पर डालने की कोशिश कर रही है। शिवसेना 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा में प्रत्येक को 135 सीट और बाकी की 18 सीटें सहयोगियों के लिए रखने के फार्मूले पर राजी है। लेकिन अब भाजपा इसे स्वीकार नहीं कर रही।

शिवसेना

### फड़णवीस के पोस्टरों पर फेंकी गई स्याही

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस की 'महाजनादेश यात्रा' के तहत कोल्हापुर में होने वाली रैली से पहले अज्ञात लोगों ने उनकी तस्वीर वाले पोस्टरों और होर्डिंगों को स्याही फेंककर विरूपित कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि काली स्याही फेंककर विरूपित किए गए।

## बेंगलुरु सबसे तेजी से बढ़ता एयरपोर्ट

# यात्री संख्या के आधार पर दिल्ली एयरपोर्ट दुनिया का 12वां सबसे व्यस्त हवाई अड्डा

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा यात्री संख्या के लिहाज से दुनिया का 12वां व्यस्त हवाई अड्डा बन गया है। पहले यह 16वें स्थान पर था। एयपोर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) द्वारा मंगलवार को 2018 के लिए जारी रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका का हार्ट्सफील्ड-जैक्सन अटलांटा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा सालाना 10.74 करोड़ यात्रियों के साथ पहले, चीन का बीजिंग कैपिटल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा 10.10 करोड़ यात्रियों के साथ दूसरे और दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा 8.91 करोड़ यात्रियों के साथ तीसरे स्थान पर है। अमेरिका के लॉस एंजिलिस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने चौथे स्थान पर जगह बनाई है। चौथे स्थान पर पहले जापान का टोक्यो इंटरनेशनल एयरपोर्ट था। दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या 2017 की तुलना में 10.2 प्रतिशत बढ़कर 2018 में 6.99 करोड़ पर पहुंच गई है। यात्रियों की संख्या के आधार पर यह दुनिया के शीर्ष 20 हवाई अड्डों में जगह बनाने वाला भारत का एक मात्र एयरपोर्ट है।



### हैदराबाद वृद्धि के हिसाब से तीसरे स्थान पर

डेढ़ करोड़ से ज्यादा यात्रियों के साथ बेंगलुरु हवाई अड्डा सबसे तेजी से बढ़ने वाले एयरपोर्ट में पहले स्थान पर है। पिछले साल यहां यात्रियों की संख्या 29.1 प्रतिशत बढ़कर 3.23 करोड़ हो गई। हैदराबाद 21.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ तीसरे स्थान पर रहा। हैदराबाद एयरपोर्ट से 2018 में 2.09 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की थी।

## सरकार सीआरपीएफ के कैडर समीक्षा करेगी, 2.37 लाख कर्मी होंगे लाभान्वित

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ के 2.37 लाख जवान और उप-अधिकारी सरकार द्वारा की जाने वाली अब तक की पहली कैडर समीक्षा से "लाभान्वित" होंगे। मंगलवार को जारी एक आदेश में यह बात कही गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) से संबंधित कैडर समीक्षा को हरी झंडी दिखा दी है और बल में नए पदों को मंजूरी प्रदान कर दी है। सीआरपीएफ देश का अग्रणी अर्धसैनिक बल है जो कश्मीर घाटी में आतंकवाद रोधी और नक्सल प्रभावित इलाकों में माओवादी रोधी अभियानों सहित अनेक तरह के दायित्व निभाता है। बल ने एक बयान में कहा कि बल के सामान्य दायित्व कर्मियों की पहली कैडर समीक्षा कांस्टेबल से लेकर निरीक्षक रैंक तक ग्रुप-बी और सी के लगभग 2.37 कर्मियों के चेहरों पर खुशी लाएगी। इसने कहा कि इन कर्मियों के लिए इस पुनर्गठन प्रक्रिया का मतलब करियर में तेजी से आगे बढ़ने का है।

## मलेशियाई प्रधानमंत्री ने बताया

# पीएम मोदी ने नाईक के प्रत्यर्पण के लिए नहीं कहा

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

मलेशियाई प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद ने मंगलवार को कहा कि उनके भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी ने भारत में धनशोधन और आतंकवाद संबंधी आरोपों को लेकर वांछित जाकिर नाइक के प्रत्यर्पण का उनसे अनुरोध नहीं किया है। 53 वर्षीय नाइक 2016 में भारत छोड़कर मुस्लिम बहुल मलेशिया चला गया था जहां उसे स्थायी निवास दर्जा प्रदान कर दिया गया था। महातिर ने कहा कि मोदी ने इस महीने के शुरू में एक आर्थिक मंच सम्मेलन के दौरान मुलाकात में उनसे विवादास्पद इस्लामी प्रचारक के प्रत्यर्पण का कोई अनुरोध नहीं किया था।



### भारत ने किया खंडन

भारत ने मलेशियाई प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद के उस दावे का मंगलवार को खंडन किया जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धनशोधन और आतंकवाद संबंधी आरोपों को लेकर भारत में वांछित जाकिर नाइक के प्रत्यर्पण का उनसे अनुरोध नहीं किया है। भारत ने कहा कि पिछले महीने जब रूस में दोनों नेताओं की मुलाकात हुई तो यह मुद्दा उठाया गया था।

## जल्द आपकी मांग पर चलेगी रेलगाड़ी, नहीं होगी कोई वेटिंगः रेलवे

**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष वी के यादव ने मंगलवार को कहा कि भारतीय रेलवे अलगे चार साल में दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा मार्ग पर मांग के आधार पर यात्री रेलगाड़ी चला सकेगी, जो प्रतीक्षा सूची के झंझट से मुक्त होगी। समर्पित माल गलियारे (डीएफसी) के 2021 तक बनने के बाद ऐसा हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इन दो मार्गों पर समर्पित माल गलियारे का निर्माण 2021 तक पूरा होने से मालगाड़ियां मौजूदा रेललाइनों से हट जाएंगी, जिससे उन पर अधिक यात्री रेलगाड़ियां चलाई जा सकेंगी। उन्होंने बताया कि जब इन दो मार्गों पर डीएफसी का काम पूरा हो जाएगा, तो दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा की मौजूदा लाइनों से मालगाड़ियां पूरी तरह हट जाएंगी। तब हम मांग पर यात्री गाड़ियां चला सकेंगे। इस रूट पर (रेलगाड़ियों की गति) बढ़ाकर 160 किलोमीटर प्रति घंटा करने को पहले ही मंजूरी मिल गई है और ये काम अगले चार साल में पूरा हो जाएगा।



# आयुष्मान का बेहतरीन दौर

**मुंबई।** आयुष्मान खुराना अपने करियर के सबसे बेहतरीन दौर में हैं और वह खुद को बेहतरीन कॉन्टेंट सिनेमा स्टार के रूप में स्थापित कर रहे हैं। उनकी हालिया रिलीज फिल्म 'ड्रीम गर्ल' धीरे-धीरे सफलता की ओर बढ़ते हुए बॉक्स ऑफिस पर कामयाबी के झंडे गाड़ रही है और पहले वीकेंड के दौरान इस फिल्म का कलेक्शन करीब 44 करोड़ रुपये रहा है। इस फिल्म को हिट माना जा रहा है और यह आयुष्मान की हिट होने वाली लगातार छठवीं फिल्म है। आयुष्मान भी अपनी फिल्म को दर्शकों से मिल रहे पॉजीटिव रिस्पॉन्स के कारण बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, 'ड्रीम गर्ल के लिए यह वीकेंड बेहद शानदार रहा है और लोगों से मिले इस प्यार से मैं बेहद उत्साहित हूं।

लाइफ Style

# जैकलीन


## फैन्स को बनाया दीवाना

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जैकलीन फर्नांडिस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अपने फैन्स के साथ अक्सर फोटो और वीडियो शेयर कर उन्हें अपनी जिंदगी की झलक दिखाती रहती हैं।

इनमें से कई फोटो ऐसे होते हैं जिन्हें देख फैन्स भी क्रेजी हो जाते हैं। कुछ ऐसा ही फोटो ऐक्ट्रेस ने फिर से शेयर किया जिसके सामने आने के 6 घंटों के अंदर ही उसे इंस्टाग्राम पर 12 लाख से ज्यादा लाइक्स मिल गए। शेयर फोटो में जैकलीन हॉट ब्लैक बिकीनी में दिखाई दे रही हैं। यह फ्रिल और स्लीव्स वाली बिकीनी एक्ट्रेस के फिगर को कॉम्प्लिमेंट करती दिखी। जैकलीन ने हाथ में जूट कैप भी पकड़ी हुई थी, जिसके साथ उन्होंने कैमरे के लिए हॉट पोज दिया।

इस दौरान वह बोट में बैठी नजर आ रही हैं। उनकी इस अदा को देख फैन्स भी खुद पर काबू नहीं रख सके और उन्होंने धड़ाधड़ कॉमेंट कर एक्ट्रेस की तारीफ करना शुरू कर दी। ज्यादातर लोगों ने कॉमेंट में जैकलीन को हॉट बताया। वहीं कुछ ने उन्हें 'क्वीन' कहा। वैसे बात करें जैकलीन के वर्क फ्रंट की तो वह फिल्म 'ड्राइव' में नजर आएंगी जिसमें उनके साथ सुशांत सिंह राजपूत लीड रोल में हैं। यह फिल्म जून 2019 में रिलीज होनी थी हालांकि बाद में इसकी डेट आगे बढ़ा दी गई। फिलहाल नई रिलीज डेट की घोषणा नहीं की गई है।




हॉलीवुड मसाला



# आयरन मैन की होगी वापसी

**लॉस एंजलिस।** 'अवेंजर्स एंडगेम' की जिस बात को लेकर सबसे ज्यादा ऑडियंस को दुख हुआ था वह है आयरन मैन किरदार की मौत। इससे भी ज्यादा दुख उन्हें इस बात का था कि अब यह कैरेक्टर पर्दे पर नहीं लौटेगा यानी दर्शक रॉबर्ट डाउनी जूनियर को आयरन मैन के रोल में फिर फिल्म में नहीं देख सकेंगे। लेकिन एक रिपोर्ट के मुताबिक आयरन मैन एक अपकमिंग फिल्म में दिखाई दे सकता है। रिपोर्ट्स की मानें तो स्कार्लेट जोहेनसन की अपकमिंग फिल्म 'ब्लैक विडो' में आयरन मैन का किरदार दिखाई दे सकता है और इसे रॉबर्ट ही प्ले करेंगे।



# याद आए महान सिंगर बीबी किंग

**लॉस एंजलिस।** 15 बार ग्रैमी अवॉर्ड से सम्मानित अमेरिकी सिंगर बीबी किंग की 16 सितंबर को बर्थ एनिवर्सरी थी। उनकी 94 वें बर्थ एनिवर्सरी पर गूगल ने एनिमेटिड वीडियो डूडल बनाया था। 14 मई 2015 को लॉस वेगस में 89 की उम्र में बीबी किंग ने अपनी आखिरी सांस ली थी। बीबी किंग को 'द किंग ऑफ द ब्लूज की उपाधि दी गई थी। उन्होंने अपने करियर की शुरुआती दौर में एक कॉटन निकालने वाली फैक्ट्री में काम किया लेकिन, संगीत के प्रति उनके रुझान उन्हें सड़क किनारे गिटार बजाने पर भी मजबूर किया। बीबी किंग चर्च में गॉस्पेल गाया करते थे। बी.बी. किंग ने अपना पहला शो 'द किंग बिस्कुट टाइम' रेडियो के लिए किया था. जिसके बाद उनकी जिंदगी ही बदल गई।



# लैंगिक समानता पर आधारित है थप्पड़

**मुंबई।** फिल्म डायरेक्टर अनुभव सिन्हा और फिल्म प्रोड्यूसर भूषण कुमार अब मिल कर फिल्में बनाएंगे। इस जोड़ी की पहली फिल्म 'थप्पड़' होगी। इस फिल्म में तापसी पन्नू लीड रोल में होंगी। 'थप्पड़' की कहानी महिला-पुरुष संबंध के आधार और लैंगिक समानता को केंद्र में रखकर बनाई जाएगी। यह कहानी एक पति और पत्नी के माध्यम से बताई जाएगी। भूषण कुमार ने कहा कि मैं एक बार फिर अनुभव सिन्हा के साथ जुड़कर खुश हूं। वह न सिर्फ एक अच्छे फिल्ममेकर हैं बल्कि वह संगीत की भी अच्छी समझ रखते हैं। वह ऐसी फिल्में बनातें हैं जो समसामयिक होती हैं और उनकी फिल्मों से एक बहस शुरू होती है। मैं इस तरह के सिनेमा के लिए उनसे जुड़ने को लेकर आशान्वित हूं। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि हम मिल कर कुछ बेहतरीन विषय-वस्तु और संगीत वाली फिल्में बनाएंगे।



# जॉन करेंगे 'एक विलन' का सीक्वल...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर जॉन अब्राहम आखिरी बार फिल्म 'बाटला हाउस' में नजर आए थे। अब डायरेक्टर मोहित सूरी ने जॉन अब्राहम को अपनी फिल्म 'एक विलन' के सीक्वल के लिए अप्रोच किया है। साल 2014 में आई 'एक विलन' में श्रद्धा कपूर, सिद्धार्थ मल्होत्रा और रितेश देशमुख लीड रोल में नजर आए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जॉन अब्राहम को फिल्म की स्क्रिप्ट पसंद आई और वह फिल्म को साइन करने जा रहे हैं। जल्द ही फिल्म के दूसरी स्टार कास्ट फाइनल की जाएगी। फिल्ममेकर्स जल्द ही प्रॉजेक्ट की आधिकारिक घोषणा करने की प्लानिंग कर रहे हैं और फिल्म अगले साल शुरू हो सकती है। जॉन अब्राहम की वर्कफ्रंट की बात करें तो वह गैंगस्टर ड्रामा 'मुंबई सागा' में नजर आएंगे।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
मेरे किया जो काटे उसे ईनाम
बाबा बंगाली
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
9012184215

**ज्योतिष**

भारत के नं. 1
पहले जानो फिर मानो



तांत्रिक शक्तियों के सम्राट
मियाँ खान बंगाली
घर बैठे तुरंत समाधान 11 मिनटों में
वशीकरण, मुठकरनी स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, तलाक, गृहक्लेश मनचाही शादी, संतान प्राप्ती विदेश यात्रा, सास बहु में अनबन
जब कहीं ना हो काम तो हमसे लें समाधन
सौतन व दुश्मन छुटकारा कारोबार, गड़ा धन
मेरे किए को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
प्रेम विवाह, घरवालों को मनाना दु:ख, बीमारी दवा ना लगना
8755856653

**ज्योतिष**

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
आ गए हैं
गुरूओं के महागुरू
गुरू अर्जुन शर्मा
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
8512013053
7428720960

खुला चैलेंज
गुरू विशाल शर्मा (गोल्डमेडलिस्ट)
शक्ति चमत्कार देखें
घर बैठे 11 मिनट में समाधान
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, विदेश यात्रा, शादी, तलाक, कारोबार में बाधा, गड़ा धन मुकदमा आदि का । A to Z समाधान । हर जगह से निराश एक बार फोन करें
9718972956
9891598324

**ज्योतिष**

मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
17 सालों से एक स्थान पर
खुला चैलेंज
गुरू पाशा जी बंगाली
3 घंटे में 101% गारंटिड समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रूकावट, रूठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण सौतन व दुश्मन छुटकारा
8929377723
www.gurupashaji.com Fees ₹ 200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

**टॉवर**

☞ गैलेक्सी टॉवर कम्पनी सभी कम्पनियों के 3G-4G टॉवर लगवायें आयडिया, एयरटेल, बोडाफोन, JIO टॉवर लगवाने अपनी खाली पड़ी छत, खेत, मकान, प्लाट पर। 70 लाख एडवांस 30 हजार किराया प्रति माह 20 साल कोर्ट एग्रीमेंट 2 लोगो को नौकरी। सम्पर्क 7668916707 धोखेबाजों से सावधान

**फायनेंस**

☞ महालक्ष्मी फाइनेंस कम्पनी BPL आधारकार्ड, राशनकार्ड, मार्कशीट, ईंट भट्ठा सभी प्रकार के लोन पास कराये जाने है। 50 हजार से 50 लाख लोन पास करायें 40 प्रतिशत सब्सिडी 1 प्रतिशत ब्याज पर अपना लोन पास करायें, 1 घंटे में अपना काम करे। धोखेबाजों से सावधान। मो. 7599680565

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

## शाइनी की बर्थडे पार्टी की धूम

**मुंबई।** सीरियल श्रीमद भगवत महापुराण में राधा का किरदार अदा कर रहीं और हाल ही में वेब सीरीज़ जमाई राजा में नज़र आई शाइनी दोशी ने 15 सितंबर के अपना 30वां जन्मदिन मनाया। शाइनी के इस जन्मदिन के सेलीब्रेशन्स देखने लायक रहा।

**टावर**

☞ RELIANCE JIO कम्पनी में घरबैठे पार्टटाइम/फुलटाईम SMS JOB करके कमायें (लड़के-लड़कियां) 18600-45500/- महीना सैलरी, लैपटॉप + मोबाईल फ्री, नाम-पता CALL / SMS / WHATSAPP करें 081020-43117, 098514-98325

**लोन**

☞ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं जीवन भारती फाइनेंस जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आंमत्रित 94991-66862

**फायनेंस**

☞ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं जीवन भारती फाइनेंस जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आंमत्रित 94991-66862

**आवश्यकता**

☞ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं - ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियाँ (25500-74500) सुपरवाईजर कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राईवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-58506

**फायनेंस**

☞ दिवाली धमाका ऑफर Jindal Finance Company देश की नम्बर 1 Company सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड पर्सनल मार्कशीट पर 8th 10th 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाओं विद्यार्थियों के लिए छूट धोखे से सावधान (Online सुविधा) Whatsapp No 6397688983

**नौकरी**

☞ B.B.B.P.Y SMS JOB कम्पनी में लड़के-लड़कियां, गृहणियां, रिटायर्ड कर्मचारी घर बैठे पार्ट/फुलटाईम SMS भेज कर कमाएं 15000 से 45000 महीना मोबाईल + लैपटॉप+ बाइक फ्री 72569-37167, 91357-58262

**फायनेंस**


☞ MAHINDRA FINANCE लोन योजना एवं जनकल्याण अन्तर्गत 50,000-9500000 मार्कशीट, प्रॉपर्टी, आधारकार्ड एवं सभी प्रकार के लोन पाएं 2% ब्याज 50% सब्सिडी महिला ग्रुप लोन उपलब्ध 94560-39267

**फायनेंस**

☞ Mudra Finance खर्चा लोन पास होने के बाद आधारकार्ड, मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पेंशनर, सैलरी, होमलोन, DMC सभी प्रकार के लोन (40% छूट, 2% ब्याज) 24 घंटों में सभी लोन 70783-00404, 88169-88491

**टॉवर**

☞ निर्देश किसी भी फाइनेंस/टॉवर कम्पनी में कार्य चल रहा है या धोखा हुआ है तो तुरंत संपर्क करें 75798-52682 सभी कम्पनी के 4G टॉवर लगवायें 94110-21070



# इलियाना का दमदार रोल

**मुंबई।** डायरेक्टर अनुराग कश्यप की फिल्म 'मनमर्जियां' में बेहतरीन परफॉर्मेंस देने के बाद अभिषेक बच्चन एक बार फिर सिल्वर स्क्रीन पर वापसी को तैयार हैं। इस बार वह डायरेक्टर कूकी गुलाटी की अगली फिल्म में काम करते दिखाई देंगे। फिल्म में अभिषेक के साथ लीड रोल में इलियाना डिक्रूज होंगी। बताया जा रहा है कि फिल्म में इलियाना का काफी स्ट्रॉन्ग कैरक्टर है लेकिन वह अभिषेक के ऑपोजिट नहीं होंगी। अभिषेक के ऑपोजिट रोल के लिए अभी हिरोइन की तलाश की जा रही है। अभिषेक ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है कि इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। अभिषेक ने क्लैपबोर्ड की एक इमेज शेयर करते हुए यह जानकारी दी है। इस फिल्म के जरिए एक बार फिर रोहित शेट्टी की 'बोल बच्चन' के बाद अभिषेक और अजय देवगन साथ आ रहे हैं।

# शकुंतला देवी के रोल में दिखेंगी विद्या

*मुंबई। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स प्रोडक्शंस, अबुंदन्त्या एंटरटेनमेंट के साथ फिल्म 'शकुंतला देवी- ह्यूमन कंप्यूटर' लेकर आ रहे हैं, जिसमें विद्या बालन लीड रोल में हैं। यह फिल्म शकुंतला देवी के जीवन पर आधारित है। शकुंतला देवी ने बहुत ही छोटी उम्र से अपनी काबिलियत और दिमाग से दुनिया में तहलका मचाया हुआ था उनका तेज दिमाग फुर्ती में गणित के सवाल हल करना, जैसे कामो से उन्हें पूरे विश्व में अलग पहचान मिली थी उन्हें दुनिया में मैथ जीनियस के नाम से जाना जाता था और उन्होंने अपना नाम गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकाड्र्स में दर्ज करवाया था। अनु मेनन और नयनिका महतानी ने फिल्म की पटकथा और इशिता मोइत्रा ने फिल्म में डायलॉग्स लिखे हैं। यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी। स्नेहा रजनी (स्टूडियो हेड सोनी पिक्चर्स प्रोडक्शंस) ने कहा कि विक्रम और उनकी टीम और विद्या के साथ काम करना हमेशा से मेरा सपना था, जो अब पूरा हो रहा है।*



## अंगद ने की नोरा की तारीफ



**मुंबई।** अंगद बेदी और नेहा धूपिया की अचानक हुई शादी ने सभी को चौंका दिया था। यह सभी जानते हैं कि अंगद की जिंदगी में नेहा के आने से पहले नोरा फतेही थीं जिनके साथ वह काफी सीरियस भी थे, लेकिन दोनों का रिश्ता आगे नहीं बढ़ सका। अंगद ने नोरा के संबंध में हाल में टिप्पणी की। उन्होंने कहा- नोरा प्यारी लड़की हैं और वह काफी शानदार काम कर रही हैं। वह स्टार बनने की ओर हैं और ऑडियंस भी उन्हें पसंद करती है। मुझे लगता है कि यही ज्यादा अहम है और मैं उन्हें लव और लक विश करता हूं'। अंगद ने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि नोरा जिस तरह के पार्टनर को डिजर्व करती हैं वह जल्द उनकी जिंदगी में आएगा। मेरा मानना है कि सबकुछ टाइमिंग पर निर्भर करता है। यूनिवर्स मुझमें कुछ बदलाव लाना चाहता था जो हुए, इसी तरह नोरा में भी बदलाव आए जिसने उन्हें स्टारडम दिया।

# एमी जैक्सन का स्पेशल फोटोशूट

**लंदन।** ब्रिटिश व बॉलीवुड एक्ट्रेस एमी जैक्सन जल्द ही मां बनने वाली हैं। प्रेग्नेंसी फेज को एमी काफी एंजॉय कर रही हैं। हाल ही में उनकी जेंडर रिवील पार्टी चर्चा में रही थी। अब मैटरनिटी फोटोशूट से एमी की कुछ तस्वीरें सामने आई है। इन तस्वीरों में एमी काफी खुश नजर आ रही हैं। तस्वीरों में एमी अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती दिखीं। ब्लैक डंगरी पहने और रेड बोल्ड लिपस्टिक में एमी बेहद खूबसूरत नजर आई। उन्होंने इस फोटोशूट की बीटीएस फोटोज शेयर की हैं। फोटोज शेयर कर उन्होंने लिखा, वर्किंग मॉम्स, 38 वीक्स प्रेग्नेंट, लाइट्स, कैमरा, स्वोलेन एंकल्स, डंगरीज और बेबी बंप। दरअसल एक्ट्रेस और उनकी फोटोग्राफर दोनों ही प्रेग्नेंट हैं। इससे पहले भी एमी की मैटरनिटी फोटोशूट की कुछ और तस्वीरें शेयर की थीं।



**NOTICE**

I,Rahul Choudhary S/o Sh. Ram Narain R/o WZ-161, Vill. Dasghara, New Delhi- 110012 declare that I am legal owner of Property No. WZ-161, Vill. Dasghara, New Delhi- 110012. My Chulha Tax Paid Receipt have been lost somewhere. The Chulha Tax Paid in the name of Late. Sh. Rati Ram who was my Grand-Father.

**NOTICE**

I, Rinku Sharma W/o Sh. Gajanand R/o C-1, Fire Station, Raksbganj, N. Delhi-110001 declare that in my 10th class certificate and Aadhar card my name is mentioned as Rinku Sharma But my name is mentioned as Rinku in the school record (Class 9th C) of my daughter Ishita. Now I want to mention my name as Rinku Sharma in all records of my daughter. In future I will be known as Rinku Sharma.

## खबर संक्षेप

### सुखोई 30 एमकेआई से हवा से हवा में मार करने वाली 'अस्त्र' मिसाइल का सफल परीक्षण हुआ

**बालासोर।** भारत ने स्वदेश निर्मित हवा से हवा में मार करने वाली 'अस्त्र' मिसाइल का मंगलवार को ओडिशा के अपतटीय क्षेत्र में सुखोई 30 एमकेआई विमान से सफल प्रयोगिक परीक्षण किया। आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस अत्याधुनिक मिसाइल को भारतीय वायुसेना ने प्रायोगिक परीक्षण के तहत अपने सुखोई 30 एमकेआई विमान से दागा। इसमें कहा गया कि हवा से हवा में मार करने वाली पहली स्वदेश निर्मित मिसाइल की क्षमता का प्रदर्शन करते हुए उड़ते हवाई लक्ष्य को सफलतापूर्वक निशाना बनाया गया।" बयान में कहा गया कि विभिन्न रडारों, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और सेंसरों के जरिए मिसाइल पर नजर रखी गई जिन्होंने इसके लक्ष्य भेद देने की पुष्टि की। इसमें कहा गया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल परीक्षण पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) तथा वायुसेना की टीमों को बधाई दी।

### जम्मू-कश्मीर में खुलेंगे नए श्रम और खान महानिदेशालय के कार्यालय

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में केंद्रीय योजनाओं को लागू करने की दिशा में जल्द ही ईपीएफओ, फैक्टरी परामर्श सेवा एवं श्रम संस्थान महानिदेशालय तथा खान महानिदेशालय के नए कार्यालय खोले जाएंगे। यह ऐलान मंगलवार को यहां नई दिल्ली स्थिति विज्ञान भवन में वर्ष 2017 के लिए विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार (वीआरपी) और राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार (एनएसए) वितरण समारोह में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री संतोष गंगवार ने की है। गंगवार ने औद्योगिक कामगारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फैक्टरी परामर्श सेवा एवं श्रम संस्थान महानिदेशालय की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने अनुच्छेद 35-ए और अनुच्छेद 370 को हटाये जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में फैक्टरी परामर्श सेवा एवं श्रम संस्थान महानिदेशालय (डीजीएफएएसएलआई) और खान महानिदेशालय के कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है।

केंद्रीय मंत्री स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कहा

# आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़ा करने वाले अस्पताल नपेंगे, किया जाएगा नाम पब्लिक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार आयुष्मान योजना के तहत फर्जीवाड़ा करने वाले अस्पतालों की नकेल कसने की तैयारी कर रही है। केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन ने मंगलवार को कहा कि आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना में किसी भी तरह का फर्जीवाड़ा करने वाले अस्पतालों के नाम योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर डाल दिए जाएंगे। हर्षवर्धन ने कहा कि धोखाधड़ी के करीब 1200 मामलों की पुष्टि हुई है और 338 अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

स्वास्थ्य मंत्री ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'किसी तरह के फर्जीवाड़े में शामिल पाए गए ऐसे अस्पतालों को न केवल पैनल से हटाया जाएगा, बल्कि उनके नाम प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) की आधिकारिक वेबसाइट पर डाल सार्वजनिक कर दिए जाएंगे।' राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) के सीईओ इंदु भूषण ने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत बीमा प्रदाताओं के नाम सार्वजनिक करने का फैसला आईआरडीएआई के साथ मिलकर लिया गया है ताकि उन्हें गलत गतिविधियों में लिप्त रहने से रोका जा सके।

भूषण ने कहा कि हम ऐसे गलत काम करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं और कुछ मामलों में आपराधिक केस और एफआईआर दर्ज की गई हैं।' हर्षवर्धन ने कहा कि फिलहाल 376 अस्पताल जांच के दायरे में हैं। वहीं, एनएचए ने 338 अस्पतालों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने, निलंबित करने, जुर्माना लगाने और पैनल से हटाने के मामले में कार्रवाई की है।

- धोखाधड़ी के करीब 1200 मामलों की पुष्टि हुई है और 338 अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है

### आयुष्मान भारत योजना 23 सितंबर को एक साल पूरा करेगी

हर्षवर्धन ने कहा, 'हमने धोखाधड़ी के इन सभी मामलों की पहचान सूचना प्रौद्योगिकी वाली मजबूत धोखाधड़ी रोधी पहचान प्रणाली से की है। हमारा संदेश बिल्कुल साफ है कि पूरी योजना में मामूली से मामूली धोखाधड़ी के मामले को भी सहन नहीं किया जाएगा।' उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना 23 सितंबर को एक साल पूरा करेगी और 15 से 30 सितंबर के पक्ष को 'आयुष्मान भारत पखवाड़ा' के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर 29-30 सितंबर को 'ज्ञान संगम' नामक राष्ट्रीय समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमें प्रधानमंत्री बीमा योजना की प्रगति का जायजा लेंगे।

### आयुष्मान भारत का सबसे ज्यादा लाभ छत्तीसगढ़ को मिला

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** देश के गरीबों को बेहतर इलाज के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'ड्रीम-प्रोजेक्ट' आयुष्मान भारत सबसे ज्यादा छत्तीसगढ़ में सुपर-हिट रहा। सूबे के अब तक 5 लाख गरीबों ने आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठाया। पिछले आठ महीने में मोदी-केयर के नाम से मशहूर इस योजना पर 374 करोड़ रुपए खर्चे गये। उम्मीद की जा रही है कि सालभर पूरा होते-होते आगामी चार महीने में 500 करोड़ रुपए खर्च किये जाएंगे। मोदी-केयर का ही कमाल रहा कि जंगलों में गुरबत की जिंदगी जीने वाले गरीब आदिवासी भी शहरों के नामचीन अस्तपतालों में स्वास्थ लाभ ले रहे हैं। आयुष्मान भारत के सीईओ डा. इंदुभूषण ने दावा किया कि गरीबों की इस स्वास्थ्य योजना का लाभ सबसे ज्यादा छत्तीसगढ़ के गरीबों ने उठाया। अब तक 41 हजार गरीब दिल के मरीजों ने कोरोनरी-एंजियोग्राफी कराया। दिल की बीमारी से ग्रस्त 37 हजार मरीजों को डबल-स्टंट लगा जब कि 36 हजार मरीजों को सिंगल-स्टंट लगाया गया। जाहिर है दिल की बीमारी से ग्रस्त कई गरीब मरीज पैसों की तंगी के कारण अस्पतालों का रुख नहीं करते और बेमौत मारे जाते हैं, लेकिन मोदी-केयर से ऐसे गंभीर बिमारियों से ग्रस्त मरीजों का इलाज संबंधित निजी अस्पतालों में कराना आसान हो गया है।

### सक्रिय राजनीति में लौट रहे हैं आधा दर्जन पूर्व राज्यपाल!

**हरिभूमि ब्यूरो,नईदिल्ली।** मोदी के पहली बार प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद राज्यपाल बनाए गए भाजपा के कई नेता अब अपना कार्यकाल खत्म होने के बाद दोबारा पार्टी की सक्रिय राजनीति में वापसी कर रहे हैं। इनमें ताजा नाम महाराष्ट्र से बतौर राज्यपाल अपना कार्यकाल पूरा कर चुके विद्यासागर राव का है,जो अब तेलंगाना में भाजपा की राजनीति करेंगे। उल्लेखनीय है कि विद्यासागर से पहले राज्यपाल पद का राजस्थान से अपना कार्यकाल पूरा कर हाल ही में कल्याण सिंह और पश्चिम बंगाल से अवकाश ग्रहण करने वाले केशरीनाथ त्रिपाठी ने उत्तरप्रदेश में भाजपा की सदस्यता फिर से ले ली है। जबकि उत्तरप्रदेश से अपना कार्यकाल पूरा कर रामनाईक ने भी अपने गृह राज्य महाराष्ट्र में पार्टी की सदस्यता दोबारा ले ली है। बतादें कि कल्याण सिंह उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे हां और केशरीनाथ त्रिपाठी यूपी के पूर्व कानूनमंत्री रहे हैं। वहीं रामनाईक अटलबिहारी वाजपेयी सरकार में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री रह चुके हैं। विद्यासागर राव की बात करें तो राज्यपाल बनने से पहले वे तेलंगाना में भाजपा के प्रमुख चेहरा थे।

शरद पवार का अमित शाह पर निशाना

# कहा-मैं कभी गलत काम के लिए जेल नहीं गया

**मुंबई।** विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी(राकांपा) अपनी खोई हुई सियासी जमीन वापस पाने के प्रयास में जुट गई है। मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष शरद पवार महाराष्ट्र दौरे पर निकले हैं। अपनी यात्रा के पहले चरण में वे 10 जिलों का दौरा करेंगे। इसी कड़ी में वे सबसे पहले सोलापुर पहुंचे, जहां पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका जमकर स्वागत किया। यहाँ एक सभा को संबोधित करते हुए पवार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर जमकर निशाना साधा। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में एनसीपी के कई बड़े चेहरे पार्टी छोड़ शिवसेना-भाजपा में शामिल हुए हैं। सोलापुर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शरद पवार ने केंद्रीय गृह मंत्री पर जमकर निशाना साधा। कुछ दिन पहले शाह ने सोलापुर में एक सभा के दौरान पूछा था कि शरद पवार ने महाराष्ट्र के लिए क्या किया यह उन्हें बताना चाहिए। इसपर पवार ने कहा,‘मैं महाराष्ट्र के लिए जो कुछ भी किया वह अलग है लेकिन मैं कभी भी किसी गलत काम के लिए जेल नहीं गया।



### 2019 में की थी 80 रैलियां

इससे पहले पवार ने 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान महाराष्ट्र में करीब 80 रैलियों को संबोधित किया था। इसके बावजूद एनसीपी महज चार संसदीय सीटें ही जीत सकी थी। ऐसे में सवाल है कि विधानसभा चुनाव से पहले पवार राज्य का दौर करके क्या एनसीपी को दोबारा से खड़ा कर पाएंगे।

### पहले चरण में इन 10 जिलों को करेंगे कवर

शरद पवार अपनी यात्रा के पहले चरण में दस जिलों का दौरा करेंगे. इनमें सोलापुर, उस्मानाबाद, बीड, लातूर, हिंगोली, परभणी, जालना, औरंगाबाद, अहमदनगर और सतारा शामिल हैं। ये जिले एक दौर में एनसीपी का मजबूत गढ़ माने जाते थे, 2014 के बाद बीजेपी ने इन जिलों में मजबूत पकड़ बनाई है।

### करोड़ों मुस्लिम युवाओं को फिटनेस ट्रेनिंग दिलाएगा जमीयत

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने अगले 10 वर्षों में एक करोड़ से अधिक मुस्लिम युवाओं को फिटनेस ट्रेनिंग दिलाने का लक्ष्य रखा है ताकि समाज सेवा करने के साथ ये युवा जरूरत पड़ने पर आत्मरक्षा भी कर सकें। हाल के कुछ महीनों जमीयत करीब 20 हजार युवाओं को 'भारत स्काउट्स एंड गाइड्स' के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक प्रशिक्षण दिला चुका है, जिनमें करीब सात सौ लड़कियां भी शामिल हैं। जमीयत ने कुछ वर्ष पहले मुस्लिम समाज के युवाओं को अपने साथ जोड़ने के मकसद से 'जमीयत यूथ क्लब' नामक इकाई का गठन किया था जो 'भारत स्काउट एंड गाइड' से संबद्ध है। जमीयत का लक्ष्य है कि वर्ष 2028 तक 1.20 करोड़ युवाओं को यह फिटनेस ट्रेनिंग दिलाई जाए।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय ने कहा

## भगवा वस्त्र पहनकर मंदिरों में बलात्कार हो रहे हैं

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने आज फिर एक ऐसा बयान दिया है जिसपर हंगामा हो सकता है। दिग्विजय सिंह ने भोपाल में संत समागम को सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवा वस्त्र पहनकर लोग चूरन बेच रहे हैं। भगवा वस्त्र पहनकर बलात्कार हो रहे हैं। मंदिरों में बलात्कार हो रहे हैं, क्या यही हमारा धर्म है? हमारे सनातन धर्म को जिन लोगों ने बदनाम किया है, उन्हें ईश्वर भी माफ नहीं करेगा। दिग्विजय सिंह ने ये भी कहा कि हमारा धर्म यह नहीं सिखाता है। आध्यत्म का मतलब अच्छे व्यक्तित्व का निर्माण करना है। उन्होंने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि मठों मंदिरों पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है, इन्हें राजनैतिक अड्डा बनाया जा रहा है, हमें सनातन धर्म को बचाने की लड़ाई लड़नी होगी। दरअसल मध्यप्रदेश कांग्रेस सरकार ने सन्तों का आशीर्वाद लेने के लिए सन्त समागम का आयोजन किया जिसमें



प्रदेश भर से बाबाओं को भोपाल बुलाया गया था। मध्यप्रदेश सरकार के सन्त सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और आध्यत्म मंत्री पीसी शर्मा भी शामिल हुए थे. कार्यक्रम के दौरान मप्र नदी न्यास बोर्ड के अध्यक्ष कम्प्यूटर बाबा ने साधु संतों की तरफ से सरकार के सामने बाबाओं के आश्रम को पट्टे देने, स्वास्थ्य बीमा कराने, बिजली मुफ्त करने और वृद्ध अवस्था पेंशन देने की मांग भी रखी थी. कार्यक्रम के दौरान ही सीएम कमलनाथ ने साधुओं को पट्टा देने की बात स्वीकार भी की।

### कमलनाथ ने भी बीजेपी पे साधा निशाना

कार्यक्रम में सीएम कमलनाथ भी खुद शामिल हुए और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। कमलनाथ ने सन्तों के मठ आश्रमों को पट्टे देने की मांग भी मान ली। मध्यप्रदेश के हजारों साधु संत राजधानी भोपाल में सन्त समागम कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। समागम में सीएम कमलनाथ ने कहा कि हमारी हजारों सालों की संस्कृति की पहचान हमारे अध्यात्म से है इसलिए हमें इसे मजबूत करना जरूरी है, हमने इसी भावना के साथ आध्यत्म विभाग की स्थापना की है। इस दौरान सीएम कमलनाथ ने बीजेपी पर भी जमकर निशाना । सीएम ने कहा कि आज बीजेपी के पेट में बहुत दर्द हो रहा होगा. 15 साल में संतों के लिए जो काम बीजेपी नहीं कर पाई वो कांग्रेस ने 8 महीने में कर दिया. हम जो करते हैं उसका बखान नहीं करते यह हमारा कर्तव्य है. कमलनाथ ने कहा कि नर्मदा और सिंहस्त में जो घोटाले हुए हैं उनकी भी जांच कराई जाएगी।

### पटेल ने हैदराबाद को मुक्त कराके एक और कश्मीर जैसी स्थिति बनने से रोकी: रेड्डी


**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने मंगलवार को हैदराबाद 'मुक्ति दिवस' पर सरदार वल्लभभाई पटेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वतंत्रता सैनानी ने हैदराबाद को निज़ाम की हुकूमत से मुक्ति दिलाकर ' एक और कश्मीर-जैसी स्थिति बनने से रोक' दी। भूतपूर्व हैदराबाद रियासत 17 सितंबर 1948 को भारतीय संघ में शामिल हुई थी। इसके लिए भारत सरकार को 'ऑपरेशन पोलो' नाम से एक अभियान चलाना पड़ा था, क्योंकि रियासत में आंतरिक हालात ठीक नहीं थे। मंत्री ने सिलसिलेवार ट्वीट करके पटेल और हैदराबाद रियासत को 'मुक्ति' दिलाने के लिए अपनी जान कुर्बान करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। रेड्डी ने कहा कि 17 सितंबर 1948 वो दिन है जब भारतीय संघ के बलों ने हैदराबाद रियासत पर नियंत्रण हासिल किया था और निज़ाम के अत्याचारी शासन और रज़ाकारों के अपने लोगों के साथ अमानवीय सुलूक से मुक्ति दिलाई थी।



### ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई दी, जवाब आया- 'शुक्रिया ममता दीदी'

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। ममता ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की बधाई। ममता विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिये बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात कर सकती हैं। मोदी ने ममता की बधाई स्वीकार करते हुए अंग्रेजी और बंगाली में ट्वीट किया, धन्यावाद ममता दीदी। ममता बुधवार को होने वाली बैठक के लिये रवाना हो गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह बैठक के दौरान पश्चिम बंगाल को दिये जाने वाले कोष, राज्य का नाम बदलने और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विलय समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगी। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने भी मोदी को बधाई दी। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण, विचार,अथक प्रयास और कुशल नेतृत्व ने देश को नयी ऊंचाई पर ले जाने में मदद की है और देश अपने पुराने वैभव को पा लेने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्हें उनके जन्मदिन के मौके पर लाखों लोगों के साथ मैं भी बधाई देता हूं और उनकी लंबी आयु तथा अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं।






मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर कलाकार लक्ष्मी गौड़ द्वारा बनाई गई रेत की मूर्ति के साथ सेल्फी लेती लड़कियां।

तनाव कम करने में हुई काफी प्रगति

## मोदी और खान से जल्द करूंगा मुलाकात: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों से शीघ्र मुलाकात करेंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव कम करने की दिशा में 'काफी प्रगति' हुई है। ट्रम्प 22 सितंबर को ह्यूस्टन में होने वाले 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 50,000 भारतीय अमेरिकियों को संबोधित करेंगे। इस भव्य समारोह का आयोजन 22 सितंबर को किया जाएगा। उन्होंने हालांकि यह नहीं बताया कि वह पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान से कब और कहां मुलाकात करेंगे।



### मैं प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करूंगा

ट्रंप ने सोमवार को व्हाइट हाउस में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि मैं प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करूंगा और मैं भारत एवं पाकिस्तान (के प्रधानमंत्रियों) से मुलाकात करूंगा।" ट्रम्प ने कहा, "मुझे लगता है कि इस सिलसिले में काफी प्रगति हुई है।" हालांकि उन्होंने इस दौरान कश्मीर का जिक्र नहीं किया, जो भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की प्रमुख वजह है।

केंद्रीय खाद्य आपूर्तिमंत्री रामविलास पासवान ने कहा

# विकल्प मिलने तक प्लास्टिक की बोतलों में पानी बिकता रहेगा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने कहा है कि एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक पर सरकार प्रतिबंध लगाने के लिए पूरी तरह दृढ़ है। लेकिन विकल्प ढूढ़े जाने तक प्लास्टिक की बोतलों में पानी मिलता रहेगा।

केंद्रीय खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री रामविलास पासवान ने मंगलवार को कहा कि सरकार एक बार इस्तेमाल होने वाली प्लास्टिक के चलन को रोकने के लिए पूरी तरह दृढ़ है। लेकिन बाजार में अराजक



स्थिति न हो जाय और लोगों को असुविधा होंने लगे। इसलिए विकल्प मिलने तक पानी के बोतल का चलन बना रहेगा। उन्होंने कहाकि अभी पानी की बोतल का जो विकल्प बताया जा रहा है,वह महंगा है। सरकार चाहती है कि उसकी कीमत आम लोगों के हक में हो। इसलिए एकाएक पानी की बोतल पर रोक नहीं लगाई जा सकती है। यहीं नहीं इससे जुड़े उद्योग भी प्रभावित होगे और लोगों के रोजगार पर भी संकट आ जाएगा। इसलिए सरकार सारे विकल्प साध लेने के बाद ही इस पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाएगी।

### सरकारी कार्यालयों में प्लास्टिक के बोतलों पर रोक लगा दी गई है

पासवान ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में प्लास्टिक के बोतलों पर रोक लगा दी गई है। धीरे-धीरे इस पूरी तरह चलन से बाहर कर दिया जाएगा। प्लास्टिक के बोतल बनाने वाली सरकारी कंपनियों की ओर से इस मामले में कुछ सुझाव आए हैं सरकार उन पर विचार कर रही है। उन्होंने बताया कि 9 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में प्लास्टिक के बोतलों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

## देश में एलएचबी कोच वाली सभी ट्रेने नई तकनीक से चलेगी

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने निर्णय लिया है कि अब तक देश में सभी एलएचबी कोच वाली ट्रेनों को एक साल में नई प्रौद्योगकी 'हैड ऑन जेनरेशन टेक्नोलॉजी' यानि एचओजी प्रणाली में बदल दिया जाएगा, जिसके बाद रेलवे को सालाना 1400 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत होगी। अभी तक 342 ट्रेनों को नई तकनीकी प्रणाली से जोड़ने से 800 करोड़ रुपये सालाना की बचत हो रही है।

रेल मंत्रालय में रोलिंग स्टॉक सदस्य राजेश अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि रेलगाड़ियों में वातानुकूलन और बिजली आपूर्ति की प्रणाली को बदलकर उसे नई प्रौद्योगिकी हैड ऑन जेनरेशन टेक्नोलॉजी' (एचओजी) प्रणाली से जोड़ा जा रहा है। इस प्रणाली परिवर्तन से प्रतिवर्ष लगभग 1400 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत होगी।



- अब तक 342 ट्रेनों को 'हैड ऑन जेनरेशन टेक्नोलॉजी' में बदला

अग्रवाल ने बताया कि रेलवे की साल भर में सभी एलएचबी गाड़ियों को एचओजी प्रणाली में बदलने की योजना है। अब तक 342 गाड़ियों को एचओजी में बदला जा चुका है, जिसके कारण प्रति वर्ष लगभग 800 करोड़ रुपये की बचत हो रही है। वर्ष 2017 में एलएचबी प्रौद्योगिकी को अपनाने का निर्णय किया गया था। इस निर्णय के बाद एचओजी परिवर्तन को अपनाने का काम अभियान स्तर पर शुरू किया गया।

### मनरेगा मजदूरों को ट्रेनिंग देगी मोदी सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार अब मनरेगा मजदूरों को तोहफा देने वाली है। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय ग्रमीण विकास मंत्रालय मनरेगा मजदूरों को प्रशिक्षण देने का एक पायलट प्रोजेक्ट तैयार कर रहा है। इसके तहत मनरेगा मजदूरों को स्किल्ड कारीगर बनाने के लिए 45 दिन की ट्रेनिंग दी जाएगी। कौशल विकास के लिए दी जाने वाली इस ट्रेनिंग का मकसद दिहाड़ी मजदूरों को कुशल श्रमिक बनाना है। इस नई योजना की घोषणा कब की जाएगी, ये तय नहीं हुआ है लेकिन तैयारी शुरू हो गई है। देश के सभी राज्यों से इसके आंकड़े भी मांग लिए गए हैं। सूत्रों की मानें तो इसकी शुरुआत जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, नार्थ ईस्ट जैसे राज्यों से की जा सकती है। साथ ही मोदी सरकार ने मनरेगा में होने वाले फर्जीवाड़े को रोकने के लिए इस स्कीम को डिजिटल करने की योजना बनाई है।

# टाटा सूमो ने 25 साल बाद कहा 'अलविदा', कंपनी ने बंद पर नहीं दिया कोई बयान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा सूमो ने साल 1994 में एक कम्फर्टेबल और दमदार लुक वाली गाड़ी के रूप में अपना सफर शुरू किया था। अब 25 साल बाद सूमो ने मार्केट को अलविदा कह दिया है। टाटा मोटर्स ने अपने इस पॉप्युलर यूटिलिटी वीइकल को बंद दिया है।

■ पिछले कुछ समय से बिक्री भी कुछ ज्यादा नहीं हो रही थी

हालांकि, कंपनी ने इस बारे में कोई बयान नहीं दिया गया है, लेकिन अपनी ऑफिशल वेबसाइट से इस कार को हटा दिया है। साथ ही कई ऐसी वजहें हैं, जो साफ करती हैं कि सूमो बंद हो गई है। इस यूवी की कीमत 7.39 लाख से 8.77 लाख रुपए के बीच थी।

## कंपनी ने ऑफिशल वेबसाइट से इस गाड़ी को हटा दिया

### बड़े स्तर पर बदलाव करने पड़ते

टाटा सूमो काफी पुराने आर्किटेक्चर पर आधारित थी। लेटेस्ट सेफ्टी नार्म्स के अनुरूप बनाने के लिए इसमें बड़े स्तर पर बदलाव करने पड़ते। दूसरी ओर, पिछले कई सालों से इसकी बिक्री भी बहुत ज्यादा नहीं हो रही थी। इसके चलते सूमो को अपडेट करने के लिए इस पर निवेश फायदे का सौदा नहीं दिख रहा था। ऐसे में कंपनी के लिए इसे बंद करना ही विकल्प था।



### अनिवार्य सेफ्टी नहीं मिले

दूसरी ओर, 1 अक्टूबर 2019 से सभी नई बेची जाने वाली कारों में एयरबैग, एबीएस, सीट-बेल्ट रिमाइंडर, स्पीड अलर्ट सिस्टम और रिवर्स पार्किंग सेंसर्स जैसे सेफ्टी फीचर्स होना अनिवार्य है। पुराने लैडर फ्रेम चेसिस पर आधारित सूमो में ये फीचर्स शामिल नहीं किए गए। इससे साफ होता है कि कंपनी ने इसे बंद करने का फैसला पहले ही ले लिया था।

### सूमो का इंजन भी अपडेट नहीं

सूमो का आखिरी मॉडल सूमो गोल्ड नाम से उपलब्ध था। इसमें बीएस4 एमिशन नॉर्म्स वाला 3.0-लीटर, 4-सिलिंडर डीजल इंजन है। टाटा मोटर्स इस इंजन को बीएस6 एमिशन नॉर्म्स के अनुरूप अपडेट नहीं करेगा। इन सभी वजहों से साफ है कि टाटा सूमो ने मार्केट को अलविदा कह दिया है। हालांकि, सूमो एक पॉप्युलर ब्रैंड है, जिसकी वजह से उम्मीद की जा सकती है कि कंपनी भविष्य में इस ब्रैंड नाम से एक मॉडर्न एसयूवी बाजार में उतार सकती है।

## खबर संक्षेप

### ड्रोन के जरिए पहली बार बनेगा भारत का डिजिटल मैप

**नई दिल्ली।** भारत ड्रोन, कृत्रिम मेधा जैसी तकनीकों और वृहद डाटा का इस्तेमाल कर देश का 10 सेंटीमीटर रिजोल्यूशन का डिजिटल मानचित्र तैयार करने की परियोजना शुरू की है। विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग के अंग भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने तीन महीने पहले यह अत्यंत कठिन काम अपने हाथ में लिया और इसे दो साल में पूरा करने की योजना है। विभाग के सचिव प्रोफेसर आशुतोष शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने यह बताया कि इसके लिए सरकार 1,000 करोड़ खर्च करने की योजना बनाई है। नक्शे में भूमि विवरण, सामाजिक-आर्थिक डेटा, सड़क नेटवर्क आदि सहित सभी प्रकार के रिकॉर्ड होंगे।

### ईपीएफ अंशधारकों को मिलेगा 8.65 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज

**नई दिल्ली।** श्रम मंत्री संतोष गंगवार ने मंगलवार को कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के छह करोड़ अंशधारकों को त्योहारो से पहले 2018-19 के लिए अपने खातों की राशि पर 8.65 प्रतिशत की दर से ब्याज मिल जाएगा। ईपीएफओ का केंद्रीय न्यासी बोर्ड पिछले वित्त वर्ष के लिए 8.65 प्रतिशत की दर से ब्याज दिए जाने के प्रस्ताव को 21 फरवरी को ही मंजूरी दे चुका है। इसको अभी अधिसूचित नहीं किया जा सका है। यह प्रस्ताव वित्त मंत्रालय के पास भेजा जा चुका है। वित्त मंत्रालय की मंजूरी मिलने के बाद ईपीएफओ अंशधारकों को उनके खातों में 8.65 % की दर से ब्याज का भुगतान कर दिया जाएगा।

### दुनिया का 12वां सबसे बड़ा हवाई अड्डा बना दिल्ली एयरपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा यात्रियों की संख्या के लिहाज से दुनिया के बड़े हवाई अड्डों की सूची में चार स्थान की छलांग लगाकर 12वें पायदान पर पहुंच गया है। एयरपोर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि यात्रियों की संख्या के मामले में अमेरिका का हार्ट्सफील्ड-जैकसन अटलांटा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा 10.74 करोड़ यात्रियों के साथ पहले स्थान पर कायम रहा। चीन का बीजिंग कैपिटल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा 10.10 करोड़ यात्रियों के साथ दूसरे और दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा 8.91 करोड़ यात्रियों के साथ तीसरे पायदान पर कायम रहा।

### इंडियन ओवरसीज बैंक रेपो दर से जोड़ेगा अपने हाउसिंग ऑटो और एमएसएमई लोन

नई दिल्ली। इंडियन ओवरसीज बैंक ने मंगलवार को कहा कि वह पहली अक्टूबर से अपने उपभोक्ता लोन को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) की रेपो दर से जोड़ देगा। बैंक ने एक बयान में कहा कि उसने हाउसिंग, ऑटो, एजुकेशन और क्लीन लोंस जैसे रिटेल सेगमेंट और एमएसएमई सेगमेंट में नए लोन के लिए रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट (आरएलएलआर) पेश करने का फैसला किया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने इसी महीने के शुरू में एक सूचना के जरिये बैंकों को पर्सनल या रिटेल लोन या एमएसएमई के लिए सभी नई फ्लोटिंग ब्याज दर को किसी बाहरी बेंचमार्क से जोड़ने की सलाह दी थी।

### ढाई महीने में एलआईसी को 57,000 करोड़ चपत

**नई दिल्ली।** पिछले ढाई महीने में ही भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को शेयर बाजार में निवेश से 57,000 करोड़ की चपत लग चुकी है। एलआईसी ने जिन कंपनियों में निवेश किया है कि उनमें से 81 फीसदी के बाजार मूल्य में गिरावट आई है। शेयर बाजार में एलआईसी को हुए निवेश से इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई से सितंबर में अब तक) में ही 57,000 करोड़ का नुकसान हो चुका है। एलआईसी ने सबसे ज्यादा आईटीसी में निवेश कर रखा है, उसके बाद एसबीआई, ओएनजीसी, एलएंडटी, कोल इंडिया, एनटीपीसी, इंडियन ऑयल और रिलायंस इंडस्ट्रीज में निवेश है। जून तिमाही के अंत तक शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियों में एलआईसी का निवेश मूल्य 5.43 लाख करोड़ रुपए का था, लेकिन अब यह घटकर महज 4.86 लाख करोड़ रह गया है।

# तेल के उफान से शेयर बाजार में कोहराम, सेंसेक्स 642 अंक टूटा

## निवेशकों में देश की राजकोषीय स्थिति बिगड़ने की चिंता

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कच्चे तेल में आए उफान के चलते मंगलवार को शेयर बाजार में कोहराम मच गया। सऊदी अरब के ऑइल फैसिलिटी पर ड्रोन हमले के बाद दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतों में लगी आग और चीन के कमजोर आर्थिक आंकड़ों की वजह से मंगलवार को शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। बीएसई के 30 कंपनियों के शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 642.22 अंक (1.73%) टूटकर 36,481.09 पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई के 50 कंपनियों के शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक निफ्टी 185.90 अंकों (1.69%) की गिरावट के साथ 10,817.60 पर बंद हुआ।

### ये पांच कारक जिम्मेदार



**सऊदी तेल संकट**

सऊदी अरब के दो ऑइल फैसिलिटी पर ड्रोन अटैक के बाद वहां कच्चे तेल का आधा उत्पादन प्रभावित हुआ है। इस हमले के बाद दुनियाभर में तेल की पर्याप्त आपूर्ति की मांग-आपूर्ति के संतुलन पर अनिश्चितता का संकट बरकरार है।

**वैश्विक संकेत**

वैश्विक सूचकांकों पर भी बिकवाली का जोर देखने को मिला, जिसका असर घरेलू शेयर बाजार भी दिखाई दे रहा है। सोमवार को डाउ जोन्स में 0.5% की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, एशियाई बाजारों में भी गिरावट का माहौल रहा। हैंगसैंग और शांघाई कम्पोजिट इंडेक्सेस 1.7 फीसदी नीचे थे। वहीं चीन के आईआईपी के आंकड़ों ने भई निराश किया, जो 17 सालों के निचले स्तर पर हैं।

**तकनीकी कारण**

सोमवार को डेली चार्ट पर डेथ क्रॉस का फॉर्मेशन हुआ, जिसकी वजह से बाजार में गिरावट दिखाई दे रही है। यह फॉर्मेशन निफ्टी में शॉर्ट टर्म की गिरावट का संकेत देता है। यह क्रॉस मुखय रूप से 50 दिन के मूविंग ऐवरेज पर आधारित होता है।

**ऑटो शेयरों में गिरावट**

निफ्टी ऑटो इंडेक्स आज 2.3 फीसदी नीचे कारोबार करता देखा गया। सबसे ज्यादा गिरावट हीरो मोटोकॉर्प में देखने को मिली। बॉश और भारत फोर्ज में भी गिरावट देखी जा रही है।

**फेड रिजर्व बैठक**

फेड रिजर्व की बैठक के पहले रेट कट की संभावनाओं को लेकर भी बाजार में निराशा है। मार्केट ऐनालिस्ट्स ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कर रहे हैं हालांकि ये कयास भी लगाए जा रहे हैं कि केंद्रीय बैंक कुछ आंकड़े आने के बाद ही कुछ फैसला लिया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप लंबे समय से रेट कट की मांग कर रहे हैं।

### हमले का भारत पर क्या असर

अगर तेल की कीमतें लंबे वक्त तक उच्च स्तर पर रहीं तो इसका भारत के आर्थिक विकास दर पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इराक के बाद सऊदी अरब हमारा दूसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता है। वित्त वर्ष 2018-19 में सऊदी ने भारत को 4.033 करोड़ टन कच्चे तेल की बिक्री की है, जबकि इस दौरान नई दिल्ली ने कुल 20.73 करोड़ टन तेल का आयात किया। जेफरीज की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रेंट में 10 डॉलर की बढ़ोतरी से भारत के सालाना आयात बिल में 15 अरब डॉलर की बढ़ोतरी होगी। इन्वेस्टमेंट बैंकर्स रेकॉन के मुताबिक, तेल की कीमतों में 10 फीसदी की बढ़ोतरी से भारत का चालू खाता घाटा जीडीपी के 0.4-0.5 फीसदी के बराबर बढ़ जाएगा। वित्त वर्ष 2018-19 में भारत ने 20.73 करोड़ टन तेल का आयात किया था। पहले से ही आर्थिक सुस्ती का सामना कर रही भारतीय अर्थव्यवस्था को तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से बड़ा झटका लग सकता है। अमेरिका द्वारा ईरान से तेल आयात पर पाबंदी के बाद भारत पहले से ही परेशान है और उसे महंगा तेल खरीदना पड़ रहा है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत की आर्थिक विकास दर महज पांच फीसदी रही है, जो बीते साढ़े छह वर्षों का निचला स्तर है।

# सरकार को उद्योगों की चिंता : अमित शाह

**नई दिल्ली।** उद्योग जगत की आशंकाओं को दूर करने की कोशिश करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार संवेदनशील है और वह कारोबारियों को हो रही दिक्कतों पर गौर कर रही है। इसमें सुधारों से जुड़ी पहल से होने वाली समस्या को भी देखा जा रहा है। शाह ने उद्योगों की कुछ समस्याओं के लिए वैश्विक आर्थिक सुस्ती को भी जिम्मेदार ठहराया है। गृह मंत्री ने मंगलवार को ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (एआईएमए) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आपकी समस्याओं, आशंकाओं को समझता हूं। जाहिर तौर पर कुछ अनिश्चितता हो सकती है लेकिन यह एक संवेदनशील और भ्रष्टाचार मुक्त सरकार है। शाह ने सरकार की ओर से उठाए गए सुधारवादी कदमों पर कहा कि शुरुआती चरण में कुछ दिक्कतें हो सकती हैं लेकिन ये दिक्कतें जल्द दूर हो जाएंगी। उन्होंने उद्योगों से इन दिक्कतों का सामना करने के लिए कहा है क्योंकि ये सुधार सभी के लिए अच्छे होंगे। उन्होंने कहा कि जीएसटी में शुरुआत में कुछ जटिलताएं थीं। लेकिन आप मुझे बताइये कि कौन से बड़े फैसले में शुरुआत में समस्याएं नहीं आती हैं। हम कई बार एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का जीएसटी संग्रह कर चुके हैं। कुछ और सुधारवादी कदम उठाने की जरूरत हो सकती है। उन्होंने कहा आपको शुरुआत में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है लेकिन अंत में सुधार बड़े पैमाने पर फायदेमंद साबित होंगे।



### नौकरशाह नहीं चलाते मोदी सरकार

गृह मंत्री ने कहा कि हम आपकी मदद करने की कोशिश कर रहे हैं ... लेकिन दूसरी तरफ वैश्विक आर्थिक सुस्ती भी है। उन्होंने आईएएमए समेत अन्य उद्योग संगठनों से यह सुझाव देने के लिए कहा है कि सरकार उद्योगों के लिए क्या कर सकती है। शाह ने कहा कि मोदी सरकार को नौकरशाह नहीं चलाते हैं बल्कि राजनीतिक प्रतिनिधि (जनता के चुने हुए लोग) चलाते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक नेतृत्व नीतिगत फैसले लेता है और अधिकारी उनका कार्यान्वयन करते हैं।

# हीरो साइकिल्स ने 'लेक्ट्रो' ई-साइकिल पेश की




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साइकिल बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी हीरो साइकिल्स ने यामाहा मोटर के साथ मिलकर ई-साइकिल 'लेक्ट्रो ईएचऐक्स20' पेश की है। कंपनी का दावा है कि यह देश की पहली ब्रांडेड 'सेंटर ई-साइकिल' है। इसकी कीमत करीब 1.30 लाख रुपए है। सेंटर ई-साइकिल में अन्य ई-साइकिलों की तरह पीछे की तरफ मोटर नहीं लगी होती। बल्कि इसमें पैडल के बीच में मोटर होती है। पीछे मोटर वाली ई-साइकिल जहां आमतौर पर शहरी आवागमन में काम आती हैं। वहीं सेंटर ई-साइकिल का उपयोग शहरों के साथ-साथ साहसिक (एडवेंचर्स) गतिविधियों में भी किया जा सकता है। कंपनी ने बताया कि इस उत्पाद को पेश करने के लिए पिछले साल हीरो साइकिल्स, यामाहा मोटर्स और मित्सुई एंड कंपनी के बीच साझेदारी हुई थी।

■ एक बार के चार्ज में 60 से 70 किलो मीटर चलने में सक्षम

### साइकिल का निर्माण गाजियाबाद की इकाई में

यह पहली ब्रांडेड ई-साइकिल है जो एक सेंटर मोटर द्वारा संचालित होती है। इस ई-साइकिल का विनिर्माण कंपनी की गाजियाबाद इकाई में किया गया है। इसके लिए मोटर को यामाहा की इलेक्ट्रिक ड्राइव यूनिट से आयात किया गया है। यह साढ़े तीन घंटे में एक बार चार्ज होने के बाद 60 से 70 किलोमीटर तक जाने में सक्षम है।

## कमजोर मांग से सोना 150 रुपए घटा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सराफा बाजार में कमजोर मांग से सोने की कीमत 150 रुपए के नुकसान के साथ 38,905 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, चांदी की कीमत भी 290 रुपए घटकर 48,028 रुपए प्रति किग्रा पर बंद हुई जो सोमवार को 48,318 रुपए प्रति किग्रा पर थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटी) तपन पटेल ने कहा कि रुपए में गिरावट आने के बावजूद कमजोर हाजिर मांग से दिल्ली सराफा बाजार में 24 कैरेट वाले सोने की कीमत में 150 रुपए प्रति 10 ग्राम की हानि दर्ज हुई।



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख सहकारी संस्था, इफको ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 69वें जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रव्यापी पौधा रोपण अभियान की शुरुआत की।



मध्य प्रदेश के मुरैना से शुरू हुए इस कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा ग्रामीण विकास मंत्री माननीय नरेन्द्र सिंह तोमर उपस्थित थे। देश भर में फैले इफको के किसान विकास केन्द्रों के जरिए इस अभियान की शुरुआत की गई। इफको के सभी राज्य कार्यालयों ने सक्रियतापूर्वक हिस्सा लेते हुए लगभग 7 लाख पौधे लगवाए जो किसी पौधा रोपण कार्यक्रम के तहत पूरे भारत में एक दिन में लगाए गए पौधों की संख्या की दृष्टि से एक रिकॉर्ड है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तोमर ने इसे महा-अभियान बताते हुए इफको द्वारा किसानों के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में आए हुए किसानों से बात करते हुए इफको के प्रबंध निदेशक श्री उदय शंकर अवस्थी ने कहा कि 'इफको का नीम रोपण कार्यक्रम कई वर्षों से चल रहा है, जिसके तहत अब तक 10 लाख से अधिक पौधे लगाए गए हैं।




**नई दिल्ली।** भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) ने इसके कार्यों में सबसे कम दुर्घटना फ्रीक्वेंसी दर और सबसे लम्बी दुर्घटना मुक्त अवधि के सम्बन्ध में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सर्वाधिक (नौ) 'नैशनल सेफ्टी अवार्ड' प्राप्त किए हैं। अवॉर्ड्स श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संतोष कुमार गंगवार द्वारा भेल के सीएमडी डॉ. नलिन सिंघल को प्रदान किए गए।

## रिलायंस जियो ने 4 जी डाउनलोड स्पीड मामले में पहले स्थान पर कायम

**नई दिल्ली।** रिलायंस जियो ने 4 जी डाउनलोड स्पीड के मामले में अपनी नंबर एक की स्थिति को बरकरार रखा है। अगस्त महीने में उसकी औसत डाउनलोड स्पीड 21.3 मेगाबिट प्रति सेकंड (एमबीपीएस) रही। दूरसंचार नियामक ट्राई की ओर से प्रकाशित रपट में यह जानकारी दी गई है। हालांकि , 5.5 एमबीपीएस के साथ अपलोड स्पीड के मामले में वोडाफोन शीर्ष पर रही। डाउनलोड स्पीड ग्राहकों को ऑनलाइन वीडियो , फोटो और संदेश तक पहुंचने और उसे देखने में काम आती है जबकि अपलोड स्पीड ग्राहकों को फोटो , वीडियो और अन्य दस्तावेजों को दूसरों को भेजने में मदद करती है। औसत डाउनलोड स्पीड के मामले में जियो के बाद एयरटेल (8.2 एमबीपीएस), वोडाफोन (7.7 एमबीपीएस) और आइडिया सेल्युलर (6.1 एमबीपीएस) का स्थान है।

# सरकार का काम कारोबार करना नहीं है : केंद्रीय मंत्री गोयल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को एक कार्यक्रम में कहा कि सरकार का काम कारोबार करना नहीं है। सरकार का यह बयान इसलिए महत्वपूर्ण है कि इससे सरकार की सोच की दिशा का पता चलता है। कई अर्थशास्त्री लंबे समय से यह सलाह देते आ रहे हैं कि सरकार को सभी तरह के कारोबार से बाहर निकल जाना चाहिए। यानी, सरकार को सभी कारोबारी



गतिविधियों को निजी क्षेत्र के हवाले कर देना चाहिए। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में वाणिज्य उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार का काम कारोबार करना नहीं है। मंत्री से पूछा गया था कि क्या सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की तीन कंपनियों एमएमटीसी, एसटीसी और पीईसी को बंद करने या विलय करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने सभी विकल्प खुले रखे हैं। इन कंपनियों की जरूरत खत्म हो गई है। वे अब आयात-निर्यात के मुख्य चैनल नहीं रह गई हैं।

### एसटीसी और पीईसी कर्ज में डूब चुकी हैं

एसटीसी और पीईसी कर्ज में डूब चुकी हैं। एसटीसी की सालाना रिपोर्ट 2018-19 के मुताबिक कंपनी गंभीर नकदी संकट से गुजर रही है। कर्जदाता बैंकों ने एसटीसी को एनपीए घोषित कर दिया है। 2018-19 में कंपनी ने 881 करोड़ रुपए का घाटा दर्ज किया है। ये सभी कंपनियों वाणिज्य मंत्रालय के प्रशासन के अंदर हैं।

## सरकार ने आपूर्ति बढ़ाने के किए उपाय

# प्याज की कीमत में वृद्धि तात्कालिक : पासवान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्याज के भावों में इस समय चल रही तेजी को 'थोड़े समय की बात' करार देते हुए केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान ने कहा कि इसकी कीमतों पर अंकुश रखने को सरकार के हाथ में पर्याप्त मात्रा में प्याज का बफर स्टॉक है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इस समय कुछ जगह प्याज के खुदरा भाव 50 से 60 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, प्याज का अधिकतम खुदरा मूल्य 56 रुपए प्रति किलोग्राम , जबकि मध्यम दर 44 रुपए प्रति किलोग्राम है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, महानगरों में चेन्नई में प्याज 34 रुपए प्रति किलोग्राम, मुंबई में 43 रुपए प्रति किलोग्राम, दिल्ली में 44 रुपए प्रति किलोग्राम और कोलकाता में 45 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहा है।

■ कुछ जगह प्याज के खुदरा मूल्य 50 से 60 रु. किलो



### कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई

सरकार जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी कर रही है। सूत्रों के अनुसार, बाढ़ के कारण खरीफ (गर्मी) प्याज का उत्पादन प्रभावित हुआ है। बाढ़ के कारण फसल का बोया गया रकबा 10 प्रतिशत कम है। इससे उत्पादन प्रभावित होने की संभावना है, जो उत्पादन बाजार में नवंबर से आने की संभावना है।

## सेब पर मोम की परत से केंद्रीय मंत्री हुए नाराज

**नई दिल्ली।** खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री राम विलास पासवान ने सेब पर मोम की परत चढ़ाए जाने को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। पासवान ने मंगलवार को कहा कि वह घर में रसियन सलाद बनाने के लिए सेब का उपयोग करना चाह रहे थे। उससे पहले पानी से धोने के दौरान मोम का पता चला। चाकू से खुरचने के बाद सेब से भारी मात्रा में मोम निकाला गया। राजधानी के बड़े लोगों का बाजार माने जाने वाले खान मार्केट की एक दुकान से यह सेब खरीदा गया था।

इसकी कीमत 420 रुपए प्रति किलोग्राम थी। इसके बाद खाद्य और खानपान से जुड़ी कई एजेंसियों ने दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की है। उल्लेखनीय है कि सेब को काफी दिनों तक तरोताजा और उसकी चमक बनाए रखने के लिए बाजार में उतारने के पहले उस पर मोम का लेप चढ़ाया जाता है।

# कंपनियां पैकेज पाने के लिए कर रहीं हाय-तौबा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खुदरा कारोबारियों के शीर्ष संगठन कैट ने कहा कि घरेलू वाहन क्षेत्र में कोई नरमी नहीं है और वाहन उद्योग केवल सरकार से पैकेज लेने को लेकर शोर-शराबा कर रहा है। वाहन उद्योग उसकी बिक्री में नरमी के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की ऊंची दर, कृषि क्षेत्र में संकट, स्थिर वेतन और नकदी की तंगी को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने यहां कहा, घरेलू वाहन क्षेत्र में कोई नरमी नहीं है। वे (वाहन कंपनियां) केवल पैकेज पाने के लिए बिक्री में गिरावट को लेकर शोर-शराबा कर रहे हैं। नए वाहन पेश किए जाने का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि कंपनियों को नई गाड़ियों के लिए काफी बुकिंग मिल रही हैं।

### ई-कंपनियां एफडीआई नियमों का उल्लंघन कर रही

खंडेलवाल ने दावा किया कि ये कंपनियां ई-वाणिज्य क्षेत्र के तय प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों का उल्लंघन कर रही हैं। खंडेलवाल ने कहा, 'अगर सरकार कार्रवाई नहीं करेगी, हम अदालत के पास जाएंगे।' उन्होंने कहा कि ई- वाणिज्य कंपनियों को केवल बी2बी कारोबार करने की अनुमति है लेकिन ये कंपनियां बड़े बड़े विज्ञापन अभियान में लगी हैं।

## खबर संक्षेप



### मीराबाई की नजरें ओलंपिक कोटे पर

**पटाया।** पूर्व चैंपियन मीराबाई चानू बुधवार से यहां शुरू हो रही विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में जब भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी तो उनकी नजरें 2017 के स्वर्ण पदक जीतने के अपने प्रदर्शन को दोहराने और ओलंपिक कोटा पक्का करने पर टिकी होंगी। विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2017 के 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली दिग्गज खिलाड़ी मीराबाई भारत की ओर से पदक की दावेदार हैं लेकिन अगर उन्हें यहां पोडियम पर जगह बनानी है तो अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। मीराबाई चीन की भारोत्तोलकों से मिलने वाली चुनौती से वाकिफ हैं और 210 किग्रा वजन उठाने को लक्ष्य बना कर चल रही हैं। मणिपुर की मीराबाई ने कहा कि मैंने ट्रेनिंग में 203 किग्रा वजन उठाया है। मेरा लक्ष्य 210 किग्रा है लेकिन इसे धीरे धीरे हासिल करना होगा।

### सात्विक-अश्विनी की चीन ओपन में जीत से शुरुआत



**चांग्झू (चीन)।** सात्विक साईराज रंकी रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा की भारत की मिश्रित युगल जोड़ी ने मंगलवार को यहां चीन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में प्रवीण जोर्डन और मेलाती देइवा ओक्तावियांती की इंडोनेशिया की दुनिया की सातवें नंबर की जोड़ी को हराकर उलटफेर किया। सात्विक और अश्विनी की दुनिया की 26वें नंबर की जोड़ी ने एक गेम गंवाने के बावजूद 50 मिनट में प्रवीण और मेलाती की जोड़ी को 22-20 17-21 21-17 से हराकर 10 लाख डालर इनामी विश्व टूर सुपर 1000 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। सात्विक और अश्विनी का सामना अगले दौर में युकी केनेको और मिसाकी मात्सुतोमो की जापान की जोड़ी और सैम मैगी तथा क्लो मैगी की आयरलैंड की भाई-बहन की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### गिल फिर चमके, भारत-ए के तीन विकेट पर 233 रन

**मैसूर।** शुभमन गिल के 92 रन की मदद से भारत ए ने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त होने पर तीन विकेट पर 233 रन बना लिये थे। सलामी बल्लेबाज



गिल ने 12 चौके और एक छक्का लगाया। वह शतक से आठ रन से चूक गए। इससे पहले शुरूआती टेस्ट में भी वह 90 रन पर आउट हो गए थे। भारतीय टीम से बाहर करूण नायर 78 और रिधिमान साहा 36 रन बनाकर खेल रहे थे जब खराब रोशनी के कारण 74 ओवरों में खेल रोकना पड़ा। गिल ने स्पिनर डेन पीट का संभलकर सामना किया। उन्होंने नायर के साथ तीसरे विकेट के लिये 34 ओवर में 135 रन की साझेदारी की।



अमित के दमदार पंच

भार वर्ग: 52 किग्रा
स्कोर: 5-0



संजीत का उलटफेर

भार वर्ग: 91 किग्रा
स्कोर: 3-2



बिष्ट भी पीछे नहीं

भार वर्ग: 57 किग्रा
स्कोर: 3-2

# शान से क्वार्टर फाइनल में पहुंचे चारों मुक्केबाज

*रोहतक के अमित, संजीत और भिवानी के मनीष छाए* · *उत्तराखंड के कविंदर बिष्ट ने भी जमाए दमदार पंच* · *चारों के क्वार्टर फाइनल मुकाबले आज होंगे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ एकातेरिनबर्ग/रोहतक

रूस में चल रही विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में हरियाणा के बॉक्सरों की धूम रही। रोहतक के मायना गांव निवासी एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल (52 किलो), भिवानी के देवसर गांव निवासी राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता मनीष कौशिक (63 किलो), रोहतक के संजीत सिंगरोहा (91 किलो) और पांचवीं वरीयता प्राप्त कविंदर सिंह बिष्ट (57 किलो) ने मंगलवार को विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। इन सभी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले बुधवार को होंगे। पंघाल ने पहले विश्व चैम्पियनशिप पदक की ओर कदम बढ़ाते हुए तुर्की के बातूहान सीफ्की 5-0 से हराया। वहीं कौशिक ने चौथी वरीयता प्राप्त मंगोलिया के चिंजोरिग बातारसुख को 5-0 से मात दी। संजीत ने दूसरी वरीयता प्राप्त उजबेकिस्तान के संजार तुर्सुनोव को 3-2 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। बिष्ट ने फिनलैंड के अर्सलान को 3-2 से मात दी।



मनीष का जलवा

भार वर्ग: 63 किग्रा
स्कोर: 5-0

### चारों सेना के जवान

पंघाल विश्व चैम्पियनशिप में दूसरी बार खेल रहे हैं, जबकि कौशिक और संजीत की यह पहली विश्व चैम्पियनशिप है। चारों भारतीय सेना के मुक्केबाज हैं। पंघाल का सामना अब फिलीपींस के कार्लो पालाम से होगा जो पिछले साल एशियाई खेलों के फाइनल में पंघाल से हार गए थे। पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन कौशिक का सामना अब ब्राजील के वांडेरसन डि ओलिवियरा से होगा। ओलिवियरा ने जापान के साइसुके नारिमत्सु को मात दी। संजीत का सामना अब सातवीं वरीयता प्राप्त इक्वाडोर के जूलियो सेसा कैस्टिलो से होगा, जिसने हंगरी के एडम हमोरी को मात दी।





### गोल्ड जीतेंगे छोरे

रूस में अमित पंघाल के साथ गए उनके कोच जगदीप हुड्डा और चाचा राजनारायण पंघाल ने रूस से फोन पर हरिभूमि को बताया कि हमारे बॉक्सर गोल्ड जीतने को तैयार हैं। वे रिंग में जबरदस्त फाइट दिखा रहे हैं। सभी खिलाड़ियों से गोल्ड की पूरी उम्मीद है। यहां उनके प्रशंसकों में भी जबरदस्त उत्साह है। जब भी बॉक्सर रिंग में उतरते हैं उनका क्रेज देखते ही बनता है। उन्होंने बताया कि अमित, संजीत और मनीष अपना अगला मुकाबला जीतने को तैयार हैं। वे बुधवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबला जीतने को रिंग में उतरेंगे। प्रदेश के तीनों खिलाड़ियों की जीत पर रूस से उनके गांव मायना, रिटौली और देवसर में जश्न का माहौल हैं। परिजन भी पूरी तरह से उत्साहित हैं।

# द.अफ्रीका को आज तक अपनी सरजमीं पर नहीं हरा पाई टीम इंडिया, आज फिर भिड़ंत

## दूसरा टी-20 मैच आज मोहाली में, पहला मैच बारिश के चलते हुआ था रद

एजेंसी ▶▶ मोहाली

भारतीय क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका के बीच मोहाली में आज 18 सितंबर को सीरीज का दूसरा टी-20 मैच खेला जाएगा। हालांकि दिलचस्प बात ये है कि भारतीय टीम अपनी जमीन पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आज तक कोई भी टी-20 मैच नहीं जीत सकी है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच भारत में चार मुकाबले हुए हैं। इनमें से दो मैच बारिश के चलते नहीं खेले जा सके जबकि बाकी दोनों मैचों में दक्षिण अफ्रीका ने जीत दर्ज की है।

### दोनों ने खेले 15 टी-29 मैच

भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमों के बीच अब तक कुल 15 टी-20 मैच खेले गए हैं और इनमें से भारत का रिकॉर्ड बेहतर रहा है। टीम इंडिया ने 8 मुकाबलों में जीत दर्ज की है, वहीं दक्षिण अफ्रीका ने पांच मुकाबले जीते हैं। दो मैच पूरे नहीं हो सके।

### भारतीय खेमे में हलचल

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज में भले ही अभी तक एक भी गेंद नहीं फेंकी गई है, लेकिन भारतीय खेमे में हलचल का दौर जारी है। बात ऋषभ पंत पर बढ़ते प्रदर्शन के दबाव की हो या फिर युवा खिलाड़ियों को खुद को साबित करने के लिए मिले अल्टीमेटम की, टीम इंडिया में बल्लेबाजी क्रम को लेकर उठापटक का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा।





### ऋषभ, राहुल, सुंदर को दी जिम्मेदारी

कोच रवि शास्त्री और कप्तान विराट कोहली ने संकेतों में ऋषभ पंत को बता दिया है कि उन्हें जिम्मेदारी भरा प्रदर्शन करना ही होगा। हालांकि युवा लेग स्पिनर राहुल चाहर और वाशिंगटन सुंदर के लिए भी चुनौती कम नहीं है, जिन्हें युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव की जगह टीम में चुना गया है।

### धवन, श्रेयस व मनीष से मजबूती की उम्मीद

भारतीय टीम की ओर से श्रेयस अय्यर और मनीष पांडे के लिए भी ये सीरीज काफी अहम होगी। उनसे टीम के मध्यक्रम को मजबूती देने की उम्मीद है। वेस्टइंडीज दौरे पर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे ओपनर शिखर धवन भी लय हासिल करना चाहेंगे। धवन की इस मैदान से सुखद यादें जुड़ी हैं। उन्होंने इसी मैदान पर डेब्यू करते हुए टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 187 रन की पारी खेली थी।




### बारिश न बन जाए खलनायक

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच भले ही धर्मशाला में पहला टी-20 मैच बारिश से धुल गया, लेकिन मोहाली में इसकी कोई उम्मीद नहीं है। यहां मौसम साफ है और दर्शकों को पूरा मैच देखने को मिलेगा। हालांकि रात में बारिश की आशंका 10 प्रतिशत व्यक्त की गई है, लेकिन इससे मैच पर किसी तरह का असर होने का अनुमान नहीं के बराबर है।

### मोहाली पिच बल्लेबाजों की ऐशगाह

मोहाली की पिच पर गेंद और बल्ले के बीच अच्छा संघर्ष देखने को मिलता है, लेकिन अमूमन यह पिच बल्लेबाजों के लिए ऐशगाह मानी जाती है। ऐसे में दर्शकों को चौकों और छक्कों की बरसात देखने को मिल सकती है। ऐसे में जबकि दोनों टीमों में बड़े हिट लगाने वाले आक्रामक बल्लेबाज हैं तो दर्शकों को बड़ा स्कोर देखने को मिलने की पूरी उम्मीद है।

# शानदार आगाज के बाद फोगाट का टूटा वर्ल्ड चैंपियन बनने का सपना




एजेंसी ▶▶ नूर सुल्तान

ओलिपिंक मेडलिस्ट को एकतरफा पटखनी देकर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में अपने अभियान का विजयी आगाज करने वाली विनेश फोगाट को दूसरे दौर में हार का सामना करना पड़ा। फोगाट को दो बार की विश्व चैंपियन जापान की मायु मुकैदा ने 0-7 से हराया।

इस हार के साथ ही उनका वर्ल्ड चैंपियन बनने का सपना टूट गया है, लेकिन इस चैंपियनशिप में मेडल हासिल करने की उम्मीद खत्म नहीं हुई उन्हें अभी भी रेपेचेज के रूप में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम करने मौका मिल सकता है।

### सोफिया मैटसन को दी पटकनी

इससे पहले विनेश ने 53 किग्रा वर्ग में ओलिंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट सोफिया मैटसन को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया था। विनेश ने स्वीडन की सोफिया को 13-0 से एक तरफा अंदाज में हराया था। चैंपियनशिप के पहले मुकाबले में भारत की स्टार पहलवान जिस तरह से खेल रही थीं, उन्हें देखकर लग रहा था कि वह खिताबी मुकाबले तक पहुंच जाएंगी, लेकिन अगले दौर में ही जापानी पहलवान ने भारतीय उम्मीदों को बड़ा झटका दे दिया।

### जापानी पहलवान से खा गईं मात

पहले दौर में विनेश फोगाट ने ओलिंपिक मेडलिस्ट की कमर के आसपास अटैक करके अंक बटोरे थे, लेकिन जापानी खिलाड़ी के सामने उनका ये पैंतरा काम नहीं आया। जापान की मायु ने यूक्रेन की खिलाड़ी को 6-1 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया था। मायु 55 किग्रा में दो बार वर्ल्ड चैंपियन रह चुकी हैं लेकिन यह गैर ओलिंपिक भार वर्ग है, जिसके बाद उन्हें 53 किग्रा में उतरना पड़ा। इसी कारण से सोफिया को भी कम भार वर्ग में आना पड़ा और विनेश को 50 किग्रा से 53 किग्रा भार वर्ग में उतरना पड़ा।

### अनुराग ने लेह में खेल अकादमी की घोषणा की



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को घोषणा की कि लद्दाख में क्रिकेट और खेल अकादमी की स्थापना की जायेगी ताकि क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अभ्यास की सारी सुविधायें मिल सके। खेल अकादमी की घोषणा करते हुए बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने खिलाड़ियों को मंच मुहैया कराने के लिये हमेशा प्रयास किये हैं। उन्होंने कहा कि मैं लेह में क्रिकेट और खेल अकादमी स्थापित करने का प्रस्ताव रखता हूं ताकि क्षेत्र के युवाओं को समान मौके और मंच मिल सके।

### साउथ अफ्रीका की जर्सी में 'अमूल'




**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच आज 18 सितंबर को मोहाली में होने वाले दूसरे टी-20 मैच पर सभी की निगाहें टिकी हैं। इस मुकाबले से ठीक पहले साउथ अफ्रीका को एक भारतीय कंपनी से बड़ा सहारा मिला है। दरअसल, इस मेच में साउथ अफ्रीका की जर्सी पर भारतीय कंपनी अमूल का लोगो दिखाई देगा। ज्ञात हो कि टीम इंडिया की जर्सी पर अब भारतीय कंपनी बायजू का लोगो नजर आने लगा है।

### राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल
### हरियाणा की शिखा पहले यशस्विनी चौथे स्थान पर

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु की श्री निवेता ने राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में जीत दर्ज की जबकि रियो विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता यशस्विनी देसवाल पदक से चूक गई। श्री निवेता ने 239.7 अंक लेकर पहला स्थान हासिल किया। महाराष्ट्र की हर्षदा नितावे दूसरे और राजस्थान की अनुष्का भारद्वाज तीसरे स्थान पर रही। रियो विश्व कप 2019 की स्वर्ण पदक विजेता हरियाणा की देसवाल क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर थी लेकिन फाइनल में चौथे स्थान पर रही। जूनियर फाइनल में तेलंगाना की एशा और युवा वर्ग में हरियाणा की शिखा नरवाल ने पहला स्थान पाया। पुरूषों की सेंटर फायर पिस्टल में नौसेना के योगेश सिंह जीते।

### भ्रष्टाचार रोकने बीसीसीआई के एसीयू चीफ अजीत सिंह शेखावत का सुझाव

# क्रिकेट में सट्टेबाजी हो वैध, बने मैच फिक्सिंग कानून!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट में लगातार सामने आ रहे भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर बीसीसीआई की एंटी करप्शन यूनिट एसीयू के चीफ अजीत सिंह शेखावत ने सट्टेबाजी को वैध करने का सुझाव दिया है। राजस्थान के पुलिस महानिदेशक रह चुके शेखावत ने कहा है कि हमें मैच फिक्सिंग कानून लाने की जरूरत है। अगर इसके खिलाफ स्पष्ट कानून होगा तो पुलिस की भूमिका भी स्पष्ट हो जाएगी।

### ऐसा नहीं कि रोका न जा सके

शेखावत से पूछा गया था कि क्या मुंबई, कर्नाटक और तमिलनाडु में इस साल मैच फिक्सिंग के मामले आने के बाद देश में स्पॉट फिक्सिंग को रोकना नामुमकिन हो गया है? इस पर उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि इसे रोका ही न जा सके। अप्रैल 2018 में बीसीसीआई की एंटी करप्शन यूनिट से जुड़े शेखावत ने एक साक्षात्कार में उक्त बातें कहीं।



### सट्टेबाजी वैध होने से होगा ये फायदा

बीसीसीआई एंटी करप्शन यूनिट के चीफ शेखावत ने कहा कि भारतीय लॉ कमीशन ने पिछले साल मैच फिक्सिंग को अपराध घोषित करने की बात कही थी। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में ऐसा किया भी जा चुका है। इसके अलावा सट्टेबाजी को वैध करना क्रिकेट में भ्रष्टाचार को रोकने का एक और तरीका है, जिसे अपनाने पर विचार किया जाना चाहिए। इससे सारा अवैध कारोबार नियंत्रित हो सकता है।

### सट्टेबाजी से मिलेगा बड़ा राजस्व

शेखावत ने कहा कि एक बार जब सट्टेबाजी वैध हो जाएगी तो आपको पता चल सकेगा कि कौन-कौन सट्टेबाजी कर रहा है और कितनी कर रहा है। इसके लिए कुछ मापदंड बनाने होंगे, ताकि सबकुछ नियंत्रण में हो। इससे जहां भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जा सकती है। वहीं सरकार को भी राजस्व में बड़ी राशि मिल सकती है।

### सारा डाटा रहेगा आपके पास

ऐसा करते हुए जब आपके पास सारा डाटा होगा तो आप अवैध सट्टेबाजी को मुश्किल बना सकते हैं। फिलहाल सट्टेबाजी के लिए कुछ सौ या हजार के जुर्माने का ही प्रावधान है। पहले भ्रष्टाचार की जड़ें केवल पुरुष क्रिकेट में ही फैली हुईं थीं, लेकिन अब महिला क्रिकेटर भी इसकी जद में आ गईं हैं।

### लोढ़ा समिति ने भी की थी सिफारिश

साल 2013 में आईपीएल सट्टेबाजी और स्पॉट फिक्सिंग के मामले सामने आने के बाद पूर्व चीफ जस्टिस आरएम लोढ़ा की अगुआई में 2015 में एक समिति बनाई गई थी। मामले की जांच के दौरान इस समिति ने भी सुझाव दिया था कि देश में सट्टेबाजी को वैध घोषित कर देना चाहिए। समिति ने इसके लिए कुछ शर्तें लागू करने की भी बात कही थी।

### एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गले में बंधी थी रस्सी

# पाकिस्तान में होस्टल के कमरे में मृत पाई गई हिंदू लड़की

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में डेंटल कॉलेज में पढ़ने वाली एक हिंदू युवती होस्टल के कमरे में मृत मिली है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उसके गले में रस्सी बंधी हुई थी। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के मुताबिक लरकाना जिले के बीबी आसिफा डेंटल कॉलेज की अंतिम वर्ष की छात्रा नम्रिता चांदनी सोमवार को अपने पलंग पर पड़ी मिली, उसके गले में रस्सी बंधी थी। उसका कमरा भीतर से बंद था। नम्रिता घोटकी की रहने वाली थी, जहां रविवार से ही मंदिर समेत कई स्थानों पर तोड़फोड़ की घटना हुई थी। इन मामलों में 218 दंगाइयों के खिलाफ तीन मामले भी दर्ज किए गए हैं। पुलिस अभी यह तय नहीं कर पाई है कि युवती ने आत्महत्या की है या फिर उसकी हत्या की गई है। कॉलेज की वाइस चांसलर अनीला अताउर रहमान ने कहा कि



- पुलिस पता लगा रही है कि युवती ने आत्महत्या की है या फिर उसकी हत्या की गई?

यह आत्महत्या की घटनाओं जैसे मामलों में से एक ही लगती है। हालांकि मौत के वास्तविक कारण का पता पोस्टमार्टम के बाद ही चल सकेगा।

## पाक में स्कूलों में हिंदू छात्रों को जबरन पढ़ाई जाती है कुरान

लाहोर। पाकिस्तान से लगातार हिंदुओं के लिए खराब होते हालात की खबरें आ रही हैं। पाकिस्तान की स्कूली किताबें हिंदू धर्म के खिलाफ टिप्पणियों से भरी पड़ी हैं। करीब दो साल पहले पाकिस्तान की नेशनल एसेंबली ने पूरे पाकिस्तान में स्कूलों में कुरान की पढ़ाई अनिवार्य कर दी। पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डॉन की रिपोर्ट के अनुसार 'होली कुरान बिल 2017' दो साल पहले पाकिस्तान की राष्ट्रीय असेंबली में पास किया गया। जिसके बाद पाकिस्तान के तमाम स्कूलों में उसकी पढ़ाई अनिवार्य कर दी गई। इसकी पढ़ाई अब ग्रेड वन क्लास से लेकर ग्रेड 12 क्लास तक अनिवार्य है। हालांकि जब ये बिल लागू हुआ तो ये कहा गया था कि ये अनिवार्यता केवल उन्हीं बच्चों पर लागू होगी, जो मुस्लिम होंगे लेकिन पाकिस्तान से मिलने वाली कई रिपोर्ट्स में कहा गया है कि कई स्कूलों में अल्पसंख्यक बच्चों को भी उन्हें इसकी पढ़ाई करना ज़रूरी है, अन्यथा उन्हें स्कूल में दाखिला नहीं मिलता। हाल ही में सस्टनेबल डेवलपमेंट पॉलिसी इंस्टीट्यूट (एसडीपीआई) इस्लामाबाद ने एक रिपोर्ट जारी की, जिसके अनुसार पाकिस्तान के स्कूलों के पाठ्यक्रमों से ऐसा लगता है कि पाकिस्तान केवल मुस्लिमों का देश है, जहां अन्य किसी धर्म के लोग नहीं रहते। सभी के लिए कुरान पढ़ना अनिवार्य कर दिया गया।

## अफगानिस्तान में राष्ट्रपति की रैली के दौरान बम धमाका, 48 की मौत

काबुल। अफगानिस्तान में चुनाव से पहले राजधानी काबुल और परवान प्रांत में मंगलवार को हुए आत्मघाती बम धमाकों में 48 लोगों की मौत हो गई। पहला धमाका मध्य परवान प्रांत में हुआ जहां राष्ट्रपति अब्दुल गनी की रैलीकर रहे थे। हमलावर मोटरसाइकिल पर आए और रैली स्थल के नजदीक पुलिस चौकी में बम लगाकर धमाका कर दिया, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई और 42 लोग घायल हो गए। इसके ठीक एक घंटे बाद मध्य काबुल में अमेरिकी दूतावास के नजदीक धमाका हुआ जिसकी जिम्मेदारी तालिबान ने ली। इस धमाके में 22 लोगों की मौत हो गई और 38 लोग घायल हो गए।

## अब फेसबुक, इंस्टाग्राम की 'स्टोरीज' में गाना भी जोड़ सकेंगे भारतीय यूजर्स

**नई दिल्ली।** देश में इंस्टाग्राम और फेसबुक के उपयोक्ता अब अपनी 'स्टोरीज' में संगीत को भी जोड़ सकेंगे। फेसबुक ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि फेसबुक आज (मंगलवार) आज घोषणा करता है कि भारत में उसके फेसबुक और इंस्टाग्राम के उपयोक्ता संगीत के माध्यम से भी अपने को अभिव्यक्त कर सकते हैं। कंपनी ने इंस्टाग्राम पर कई और फीचर पेश किए हैं जिनमें गाने के बोल (लिरिक्स), साथ में गाना गाने की सुविधा (लिप सिंक लाइव) और संगीत से जुड़े स्टिकर शामिल हैं। उपयोक्ता इन्हें अपनी स्टोरीज में लगा सकते हैं। 'स्टोरीज' में उपयोक्ता वीडियो, संदेश या फोटो साझा करते हैं जो 24 घंटे तक मंच पर उपलब्ध रहती है और फिर स्वत: खत्म हो जाती है। इसके अलावा लोग फेसबुक पर स्टोरीज में गाने जोड़ सकते हैं।



## ईरान के सर्वोच्च नेता ने अमेरिका के साथ बातचीत से किया इनकार

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खुमैनी ने मंगलवार को अमेरिका के साथ किसी भी स्तर पर" बातचीत से इनकार किया। सऊदी तेल संयंत्रों पर हुए हमलों के लिए अमेरिका द्वारा तेहरान को जिम्मेदार ठहराने के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ईरान पर अधिकतम दबाव" की राजनीति को अपनाया है क्योंकि उसका मानना है कि वह किसी दूसरे तरीके से इस्लामिक गणराज्य को घुटनों के बल नहीं ला सकता है। उन्होंने एक टीवी संदेश में कहा, "ईरान राष्ट्र के खिलाफ 'अधिकतम दबाव' की नीति बेकार है और ईरान इस्लामिक गणराज्य के सभी अधिकारियों का एकमत से विश्वास है कि अमेरिका के साथ किसी भी स्तर पर कोई बातचीत नहीं होनी चाहिए।

## सऊदी अरब पर हमला ईरान से किया गया: अमेरिकी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक अधिकारी ने मंगलवार को एएफपी को बताया कि अमेरिका इस नतीजे पर पहुंचा है कि सऊदी अरब के तेल संयंत्रों पर हाल ही में जो हमला किया गया था, उसे ईरान की ओर से अंजाम दिया गया था और इनमें क्रूज मिसाइल शामिल थीं। नाम नहीं जाहिर होने की शर्त पर अधिकारी ने कहा कि अमेरिका अगले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने पेश करने के लिए हमले के प्रमाण जुटा रहा है।



## इसरो और डीआरडीओ ने 'गगनयान' मिशन के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 'गगनयान' परियोजना के लिए मानव केंद्रित प्रणालियां विकसित करने के लिहाज से सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। रक्षा मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में बताया कि डीआरडीओ द्वारा इसरो को मुहैया कराई जाने वाली कुछ महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में अंतरिक्ष में भोजन संबंधी तकनीक, अंतरिक्ष जाने वाले दल की सेहत पर निगरानी, सर्वाइवल किट, विकिरण मापन और संरक्षण, पैराशूट आदि शामिल हैं। मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र (एचएसएफसी) के निदेशक डॉ एस उन्नीकृष्णन नैयर की अध्यक्षता में इसरो के वैज्ञानिकों के एक दल ने यहां डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं के साथ करार किये जिनके तहत मानव अंतरिक्ष मिशन से जुड़ी तकनीक तथा मानव केंद्रित प्रणालियां मुहैया कराई जाएंगी।











*Based on internal test conditions. ^ i-Touchstart with ISG technology is introduced for the first time in India. ** Paytm cashback+Vouchers worth ₹7000. Only through paytm at select dealerships. # Ex-showroom price of Comfort variant. ## Finance at the sole discretion of the financier. Schemes cannot be clubbed. Low down payment mentioned is applicable on select variants only. T&C apply.

TVS 3 YEAR WARRANTY

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com AUTHORISED MAIL DEALERS: EAST DELHI: BINSAR TVS: दुर्गापुरी- 9821271880, खजूरी- 9821258420, सोनिया विहार- 9821260573, मंडोली एक्स.- 9821260735, शेरपुर चौक- 8527348216, जीरो पुस्ता, शास्त्री पार्क- 9821267418, BAJWA TVS: कृष्णा नगर- 8527320253, गीता कॉलोनी- 8527320841, S. D. TVS: दिलशाद गार्डन- 9821272498, मेन पुस्ता रोड, गांधी नगर- 9821268264, G. K. TVS: लक्ष्मी नगर- 9821271831, मयूर विहार फेज-3- 9821259920, मधु विहार- 9821259935, न्यू अशोक नगर- 8527353244, NORTH DELHI: MCR TVS: सरस्वती विहार- 9821266109, मंगोलपुरी- 9821275868, रानीबाग- 9821274695, नरेला- 9821275636, किरारी- 9821274603, बवाना- 9821276084, कराला - 9821276104, RAJPOOT TVS: आदर्श नगर- 9821269664, बुरारी- 9821255945, बख्तावरपुर- 9821256045, लिबासपुर- 9821254265, महेन्द्र एन्क्लेव- 9821256460, SABHARWAL TVS: रिठाला- 9821259732, बुध विहार- 9821259748, SOUTH DELHI: OM TVS, लाजपत नगर- 9821272463, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेज- 9821261765, बदरपुर, जैतपुर- 9821263038, पुलप्रहलादपुर- 9821264982, शाइन बाग- 9821266451, OM TVS: फरीदाबाद- 8928858523, AHINSHA TVS: खानपुर- 9821271221, अधचीनी- 9821268018, आया नगर- 9821267931, छतरपुर- 9821268194, महिपालपुर- 9821269602, K K TVS: कापसहेड़ा- 9821261661, CENTRAL DELHI: BALAJI TVS: शास्त्री नगर- 9821271672, रोशनारा रोड- 9870326061, SABHARWAL TVS: करोल बाग- 9821258099, OM TVS: दरियागंज- 9821267824, WEST DELHI: S K TVS: तिलक नगर- 9821269360, सुभाष नगर- 9821276304, नवादा- 9821276377, डाबरी मोड- 9821254451, आउटर रिंग रोड, विकासपुरी- 9821255645, DYNAMIC TVS: द्वारका- 9821271426, पालम- 9870327342, रामफल चौक- Sec-7, 9870327413, उत्तम नगर- 9870327453, K K TVS: नागलोई- 9821271618, नजफगढ़- 9821257175, विकास नगर, रान्होला- 9821258480, बिजवासन- 9821258995, रायला- 9821259539, नांगली नजफगढ़- 9821258256, SABHARWAL TVS: पीरागढ़ी- 9821271826, रामारोड- 9870328586, राजा गार्डन- 9821259328, OM TVS: नीलम बाटा रोड, फरीदाबाद- 8928858523, SOHAN TVS: फरीदाबाद- 8929592503, UTTAM TVS: फरीदाबाद- 8929592504, ROYAL TVS: बल्लभगढ़- 8929592575, VARDHMAN TVS: पलवल- 8929592514, SIMRAN AUTO: गुरुग्राम- 8928258523, BULAND TVS: गुरुग्राम- 8929592502, CHOUDHARY TVS: ओल्ड दिल्ली रोड - 8929592511, GREEN TVS: सैक्टर 10, खांडसा- 8929592517, BARKAT TVS: नूंह (मेवात)- 8929592505. ADITI TVS: नोएडा- 7669793563. KAVERI TVS: ग्रेटर नोएडा- 9528819495. G.S. TVS: गाज़ियाबाद- 8899322430. NEW G.S. TVS: गाज़ियाबाद- 9528836592. NAVEEN TVS: बुलन्दशहर- 8430765308. DHAMIJA TVS: साहिबाबाद- 7669593563. S.K. TVS: हापुड़- 9528693563. SHREE SHIV SHAKTI TVS: खुर्जा- 9821373113.

dentsuindia/hb del/36/19


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ.हिमांशु द्विवेदी द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़ रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, सी-11, रिंग रोड़, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109